
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.06.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 344



12 अक्षय की फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज

## न्यूज डायरी

### पूर्व सीएम हेमंत व अन्य की हिरासत 14 दिन बढ़ी

**रांची।** लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत अन्य आरोपियों की रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में वीसी के माध्यम से पेशी हुई। पेशी के बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, शेखर कुशवाह, मो इरशाद, तापस घोष और संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब सभी अगली पेशी 11 जुलाई को होगी।

### रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 4 को

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग, हरित क्रांति आदि पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी।

### 8 हजार घूस लेते लिपिक रंगे हाथों गिरफ्तार

**सरायकेला।** जमशेदपुर एसीबी की टीम ने गुरुवार को सरायकेला अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित भूमि सुधार उप समाहर्ता की लिपिक स्वागता नंदा को आठ हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम स्वागत नंदा को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। शिकायतकर्ता सिंह सोय ने एसीबी से शिकायत की थी कि लिपिक स्वागता नंदा म्यूटेशन के नाम पर घूस मांग रही है। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाया और लिपिक को रंगे हाथों धर दबोचा।

### नीट री-एग्जाम रिजल्ट 30 जून को संभव

**नयी दिल ली।** एनटीए जल्द ही 30 जून को नीट-यूजी री- एग्जाम 2024 का रिजल्ट जारी कर सकता है। री- एग्जाम ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों का होना था, जिसमें से 813 छात्रों ने परीक्षा दी। परीक्षा 2024 में ग्रेस मार्क्स पाने वाले विद्यार्थियों का एनटीए ने दोबारा परीक्षा ली थी। रिजल्ट आने के बाद एनटीए द्वारा ग्रेस मार्क्स देने का बहुत लोगों ने विरोध किया था।

### पुलिस ने उग्रवादियों के डाक्टर को धर दबोचा

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में शामिल उग्रवादियों का डाक्टर सुनील पासवान उर्फ डाक्टर जी को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना पर सुनील पासवान को पलामू व्यवहार न्यायालय के मुख्य गेट के सामने कोर्ट-समाहरणालय रोड से गिरफ्तार किया गया।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने कर ली खुदकुशी

**नयी दिल्ली।** कोटा में गुरुवार को मेड़किल संस्थान में प्रवेश के लिए नीट की कोचिंग कर रहे बिहार के एक ओर छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया

# पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। राष्ट्रपति ने संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की। आपातकाल को संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। राष्ट्रपति ने कहा, पेपर लीक की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच होगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मेरी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली ना हो। सरकार इस देश के हर युवा के भविष्य को लेकर फिक्रमंद है। दोषियों को सजा दिलाने की सरकार प्रतिबद्ध है। साथ ही कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जायेंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय भी लिये जायेंगे। राष्ट्रपति ने नवनिर्वाचित सदस्यों और लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग को भी बधाई दी। लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ है जबकि राज्यसभा का 264वां सत्र गुरुवार से शुरू हुआ। लोकसभा में अभिभाषण की प्रति रखे जाने के बाद सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने उनके अभिभाषण के प्रारंभिक और अंतिम अंशों का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा। राज्यसभा का 264वां सत्र आज से शुरू हुआ।

### परीक्षा में धांधली ना हो, सरकार सुनिश्चत करेगी

राष्ट्रपति ने कहा, अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। पेपर लीक घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता भी जतायी। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अभिभाषण के समय राष्ट्रपति के दाएं और बाएं ओर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैठे हुए थे। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार के कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया।

**इमरजेंसी संविधान पर बड़ा हमला था :** राष्ट्रपति ने देश में 1975 में लागू आपातकाल को संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखायी। (शेष पेज 11 पर)

### अभिभाषण की प्रमुख बातें

**ये** सदी भारत की सदी है। आज वैश्विक विकास में भारत का 15% योगदान। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। संसद में जनहित को प्राथमिकता मिलेगी। नॉर्थ इस्ट में विकास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सेना की आधुनिकता पर जोर दिया गया है। रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। वन रैंक वन पेंशन को लागू किया गया। किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किये गये। कृषि उपजों के लिए एमएसपी बढ़ाया गया। केंद्रीय बजट भविष्योन्मुखी दस्तावेज होगा, सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। राष्ट्रपति ने कहा, रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 3.20 लाख करोड़ रुपये दिये गये हैं। सरकार ने 10 लाख गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। बैंकिंग सेक्टर पिछली सरकार की तुलना में काफी मजबूत हुआ। सरकार ने सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया। रक्षा निर्यात 18 गुना बढ़कर 21,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। (पेज 12 भी देखें)

## रिम्स की व्यवस्था से हाइकोर्ट नाराज, कहा

# मरीजों के इलाज में दोहरी नीति बंद करें





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स में बुनियादी सुविधाओं को लेकर दाखिल ज्योति शर्मा की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स की कार्य प्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने मौखिक कहा है कि यहां वीआईपी कल्चर हावी है। सामान्य मरीजों का इलाज बेड के आभाव में जमीन पर होता है। वहीं वीआइपी मरीजों के लिए ट्रीटमेंट की अलग व्यवस्था होती है। स्वास्थ्य विभाग की दिलचस्पी रिम्स को चलाने में नहीं दिख रही है और ब्यूरोक्रेट्स की दखलंदाजी के कारण रिम्स की आधारभूत संरचना बेहतर नहीं हो पा रही है। ऐसे में रिम्स को बंद कर देना चाहिए। शुक्रवार को स्वास्थ्य सचिव एवं झारखंड बिल्डिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी और रिम्स निदेशक को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। रिम्स निदेशक गुरुवार को कोर्ट में हाजिर हुए थे और अपना पक्ष रखा।

**ब्यूरोक्रेट्स की अनुचित दखलंदाजी :** इससे पहले रिम्स निदेशक कोर्ट में हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनकी ओर से रिम्स को बेहतर बनाने के कई पहल की जा रही हैं। पर ब्यूरोक्रेट्स की दखलंदाजी की वजह से रिम्स बेहतर स्थिति में नहीं पहुंच पा रहा है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में करीब 2600 बेड है और प्रतिदिन रिम्स में 2500 मरीज झारखंड सहित अन्य पड़ोसी राज्यों से पहुंचते हैं। इसलिए मरीज के बेड की संख्या को बढ़ाने की जरूरत है। जहां तक रिम्स को लेकर गर्वनिंग बॉडी की बैठक की बात है तो यह साल में एक- दो बार ही होती है, ऐसे में रिम्स को लेकर कोई बड़े फैसले बहुत ही कम हो पाते हैं।

**अतिक्रमण हटाना जरूरी :** रिम्स डायरेक्टर ने बताया कि एक करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करने के लिए रिम्स की गवर्निंग बॉडी की अनुमति जरूरी होती है, लेकिन इसके बैठक के काम होने से खराब पड़े मेडिकल उपकरण को बदलने के लिए टेंडर की प्रक्रिया लंबी हो जाती है जिससे मेडिकल उपकरण वर्षों से खराब पड़े रहते हैं। रिम्स डायरेक्टर की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि रिम्स परिसर में 148 जगह पर अतिक्रमण है जिसे हटाना जरूरी है।

### एनपीए ले कर निजी प्रैक्टिस करनेवालों की सूची मांगी

रिम्स के चिकित्सा उपकरण वर्षों पुराने हैं जिनकी मेंटेनेंस नहीं हो पाती है। इस वजह से ये खराब पड़ी रहती हैं। रिम्स की बदहाल स्थिति के कारण प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम फल फूल रहे हैं। रिम्स में नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेने के बाद भी चिकित्सक प्राइवेट नर्सिंग होम एवं अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं, यह दुर्भाग्य की बात है। कोर्ट ने रिम्स डायरेक्टर से वैसे चिकित्सकों की सूची मांगी है जो नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेने के बाद भी प्राइवेट नर्सिंग होम या अन्य अस्पतालों में अपनी प्रैक्टिस करते हैं। कोर्ट ने रिम्स निदेशक को शुक्रवार को फिर से बुलाया है।

## राज्य के तीसरे निजी मेडिकल कॉलेज की सीएम ने रखी आधारशिला, कहा

# लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा देना प्राथमिकता

सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सेवा सरकार बना रही बेहतर

- मेडिकल कॉलेज का खुलना महत्वपूर्ण कदम,
- हर क्षेत्र में निवेशकों को पूरा सहयोग मिलेगा
- आधुनिक चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास जारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजधानी में यह झारखंड का तीसरा प्राइवेट मेडिकल कॉलेज होगा। सीएम ने कहा मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से राज्य के विकास को एक नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा, सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास जारी है।

**ज्यादा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पर जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। (शेष पेज 11 पर)

### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने जल जीवन मिशन की सभी जलापूर्ति योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। वहीं एक अन्य समारोह में सीएम ने 31 स्टूडेंट्स को नियुक्ति पत्र दिया। इनमें से 13 को दुबई में नौकरी मिली है। 18 अन्य अपने ही देश में काम करेंगे। इस मौके पर उन्होंने सीएम ने छात्रों से कहा कि घर-परिवार, समाज और राज्य के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें। ( पूरी खबर पेज 2 पर)

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की बड़ी कार्रवाई

# बिहार से मनीष प्रकाश और आशुतोष गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना, रांची।** नीट पेपर लीक केस में जांच अपने हाथ में लेते ही सीबीआइ एक्शन में आ चुकी है। बिहार में पहली गिरफ्तारी करते हुए सीबीआई की टीम ने आरोपी मनीष और आशुतोष से पूछताछ की और बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पेपर लीक के अहम किरदार में से मनीष एक था। आरोपी मनीष की पत्नी और परिजनों को सीबीआई ने गिरफ्तारी की सूचना दी। मनीष और आशुतोष को बिहार में पेपर लीक की अहम कड़ी माना जा रहा है।

नीट पेपर लीक केस में सीबीआई की यह पहली गिरफ्तारी है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि मनीष वही शख्स था जिसने पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रातभर के लिए बुक कराया था। उसी जगह पर 20 से 25 अभ्यर्थियों को इकट्ठा करके प्रश्न पत्र के उत्तर रटवाये गए थे। जांच के दौरान प्ले एंड लर्न स्कूल में पेपर के जले हुए टुकड़े मिले जिसकी जांच की गयी। सीबीआइ को उम्मीद है कि मनीष पूछताछ में एक कड़ी का काम करेगा। इधर सीबीआई की टीम ने नालंदा में संजीव मुखिया के गांव भूतहाखार पहुंचकर छानबीन की है।

**इओयू की जांच ने दी नयी दिशा :** 5 मई 2024 को नीट परीक्षा के कथित रूप से बिहर में पेपर लीक हुए थे। (शेष पेज 11 पर)

### हजारीबाग ओइसिस स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ जारी

नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआइ की दबिश जारी है। हजारीबाग में ओइसिस स्कूल के प्रिंसिपल को हिरासत में ले कर सीबीआई की टीम ने गुरुवार को दिूसरे दिन भी लंबी पूछताछ जारी रखी। बुधवार को सीबीआइ के अधिकारियों ने स्कूल जाकर उनसे पूछताछ की और हिरासत में ले लिया था। स्कूल के प्रिंसिपल समेत 7 अन्य लोगों से भी सीबीआइ ने पूछताछ की। बुधवार को पूछताछ के बाद 3 लोगों को छोड़ा दिया। वहीं नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के डॉक्टर और प्रोफेसर सहित कई लोग जांच एजेंसी के रडार पर हैं। इस जांच में हजारीबाग को ही प्रश्न पत्र के लीक होने का मुख्य स्थल बताया जा रहा है। इस मामले में सीबीआइ के रडार पर आधा दर्जन परीक्षा केंद्र और करीब एक दर्जन वैसे लोग हैं, जिन्होंने किसी न किसी तरह से लीक प्रश्न पत्रों को अलग-अलग जगह पर पहुंचाया। सीबीआइ ने हजारीबाग, देवघर और रांची में जांच तेज कर दी है।

### नक्सलियों ने विधायक के भाई के तीन वाहन फूंके

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने तीन वाहनों को फूंक दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर इलाके में सर्च अभियान चला रही है। फूंके गये सभी वाहन हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह से संबंधित हैं। विनय कुमार सिंह हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया तक का रोड निर्माण करवाये हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात भाकपा माओवादियों का एक दस्ता डंडिला के इलाके में पहुंचा था और एक जेसीबी और दो ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया। एसपी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 93000 रु./प्रति किलो |




# भारतीय राफेल ने मिस्र के पिरामिड के ऊपर से भरी उड़ान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय राफेल ने गुरुवार को मिस्र के राफेल के साथ मिलकर ग्रेट पिरामिड के ऊपर उड़ान भरी। इस बीच मिस्र में भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने राफेल उड़ाने वाली टीम से मुलाकात की और अपनी शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमान अमेरिका में एरियल कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज रेड फ्लैग में सफलतापूर्वक भाग लेने के बाद भारत लौटने के क्रम में यह अदभुत कारनामा किया।

वापसी के दौरान विमान पुर्तगाल के लाजेस में ईंधन भरने के लिए रुके, जहां पुर्तगाल में भारतीय राजदूत मनीष चौहान ने भारतीय वायुसेना की टीम से बातचीत की और उन्हें मोमेंटो दिये। इसके बाद दल दो टीमों में विभाजित हो गया और मिस्र और ग्रीस की वायु सेना के साथ संयुक्त अभ्यास किया।

**वायु सेना ने की पोस्ट :** इस संबंध में वायु सेना ने एक सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ग्रीस के आसमान में भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों को हेलेनिक वायुसेना के एफ-16 विमानों के साथ उड़ान भरते देखा गया। अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की इस ट्रान्साटलांटिक छलांग ने भविष्य में ऐसे कई समृद्ध अभ्यासों के द्वार खोल दिये हैं।

### क्या है रेड फ्लैग एक्सरसाइज

हाल ही में भारतीय वायु सेना के राफेल जेट विमानों ने अभ्यास रेड फ्लैग 2024 में भाग लिया था। रेड फ्लैग मल्टी नेशन एडवांस एरियल कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज है। यह अलास्का स्थित अमेरिका में ईल्सन एयर फोर्स बेस पर आयोजित किया गया था। यह पहली बार था जब भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों ने रेड फ्लैग अभ्यास में भाग लिया। इसमें आरएसएएफ और यूएसएएफ एफ-16 और एफ-15 तथा यूएसएएफ ए-10 विमानों के साथ मिलकर काम किया।

## बिहार के नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# सक्षमता परीक्षा दें या नौकरी छोड़ दें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार के करीब चार लाख नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने उनकी सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सरकार के नियमों के अनुसार नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा देनी होगी। अगर वह नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के प्रारंभिक शिक्षक संघों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग की गयी थी। इससे पहले अप्रैल में पटना हाईकोर्ट से भी इस तरह की मांग खारिज की थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की वैकेशन बेंच ने गुरुवार को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ और बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में संघों की ओर से बिहार शिक्षक नियमावली 2023 का विरोध जताया। नियमावली के मुताबिक नियोजित शिक्षकों को अगर राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त करना है तो उन्हें सक्षमता परीक्षा पास करनी होगी। (शेष पेज 11 पर)

सीएम ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक में कहा

# जल जीवन मिशन की जलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूर्ण करें

### शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन, हर घर जल ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनायें ली गई हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाये गये नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लाभान्वित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने निमित्त एक महत्वपूर्ण योजना है। हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया।

**पेयजल संकट से बचने के लिये बनायें विशेष कार्य योजना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत नये नलकूपों के कार्य प्रगति में तेजी लायें। खराब पड़े नलकूपों की मरम्मती कार्य भी अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विभाग विशेष कार्य योजना भी बनायें। उन्होंने कहा कि सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत इंटागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक संपोषित जलापूर्ति योजना 2023 में ली गई थी। लेकिन, एजेंसी की लापरवाही के वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी। जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गई है, विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। नई स्वीकृति कराकर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाये। पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें विभाग को मिल रही हैं उसका निराकरण हर हाल में करें। उन्होंने कहा कि वैसी सभी बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनायें, जिसे माह सितम्बर अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उन सभी योजनाओं को माह जुलाई अगस्त तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर कुछ ऐसे पहाड़ हैं जहां से झरना गिरता है उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं ली जा सकती हैं। ऐसे पहाड़ों को चिन्हित कर कार्य योजना बनायें।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, तेजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अभियंता प्रमुख ब्रजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता, मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीण के तहत बनाये जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिये मात्र 12 हजार रुपये राशि दी जाती है, अधिकारी इसकी भी समीक्षा करें कि इतनी राशि में गुणवत्तापूर्ण शौचालय बनाया जा सकता है या नही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अबुआ आवास के लाभुकों को एक बेहतर शौचालय देने के लिए प्रतिबद्ध है जो लम्बे समय तक उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने गोबरधन परियोजना अंतर्गत निर्मित गोबरगैस प्लांट की समीक्षा करते हुये व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिये सरकार कृत संकल्पित : सीएम



- मुख्यमंत्री ने प्रेझा फाउंडेशन की ओर से संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के छात्र- छात्राओं को सौंपा नियुक्ति पत्र
- आपकी सफलता दूसरे युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए करेगी प्रेरित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने गुरूवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनके कौशल विकास और रोजगार के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने के साथ आपके दायित्व भी बढ़ गये हैं।

आपको अपने घर- परिवार को चलाने के साथ समाज, राज्य और देश के लिये जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

### सीखने की प्रक्रिया को जारी रखें

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि संसार में कभी कोई कार्य रुकता नहीं है । ऐसे में बदलते समय के अनुरूप अपने को बनाये रखना जरूरी है। आप अपने कार्यों में निरंतरता के साथ सीखने की प्रक्रिया भी हमेशा जारी रखें। उन्होंने कहा कि यहां जिन छात्र छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के हैं। ऐसे में आप उनके लिए किसी न किसी रूप में प्रेरणा स्रोत बनेंगे। आपकी सफलता ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। गौरतलब है कि प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के जिन विद्यार्थियों को आज नियुक्ति पत्र मिला। उनमें कल्याण गुरुकुल के 13 विद्यार्थियों का चयन दुबई की एक कंपनी, नर्सिंग की चार छात्राओं का चयन हैदराबाद के एक बड़े अस्पताल, कलीनरी के छह विद्यार्थियों का चयन राजस्थान और आठ विद्यार्थियों का हैदराबाद के एक बड़े होटल के लिये हुआ है। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव कृपानंद झा और प्रेझा फाउंडेशन के मुख्य परियोजना पदाधिकारी एम कुमार मौजूद थे।

# नियुक्ति की घोषणा चंपई सरकार की सोची समझी साजिश : मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश को दबाना चाहती है चंपई सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नियुक्ति की घोषणा चंपई सोरेन सरकार की सोची समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश को दबाना चाहती है चंपई सरकार। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा, बेरोजगार इस सरकार की नीति और नीयत को समझ चुके हैं। 5 लाख प्रतिवर्ष नियुक्तिएबेरोजगारी भत्ता का झांसा देकर सत्ता में आई राज्य सरकार ने बार बार युवाओं को ठगा है। ये वही सरकार है जिसने अपने पहले पार्ट में नियुक्ति वर्ष की घोषणा करके युवाओं को निराश किया है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी चुनावी परीक्षा कैलेंडर में दो-तीन माह बाद की संभावित परीक्षा तिथि घोषित करना चंपाई सोरेन सरकार की एक सोची समझी साजिश है। ये भ्रष्ट निकम्मी सरकार विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश दबाकर को उन्हें गुमराह करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नियत साफ होती तो जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा 15 दिनों के अंदर सम्पन्न करा ली जाती। उन्होने कहा कि सबको याद है कि छात्रों के विरोध के बावजूद जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए सरकार ने मात्र 14 दिनों का ही समय दिया था। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के अधीन दो आयोगों द्वारा जानबूझकर कभी जल्दीबाजी, तो कभी विलंब करना इनके सुनियोजित साजिश को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि झामुमो- कांग्रेस सरकार की इस चुनावी परीक्षा कैलेंडर के झांसे में नहीं आयें। उन्होंने कहा यदि सरकार युवाओं को नौकरी देने के प्रति सजग है, तो हर हाल में जुलाई माह में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा सम्पन्न करा नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करे। अन्यथा, युवाओं का कीमती समय बर्बाद कर उनके करियर के साथ खिलवाड़ करना बंद करे।

### पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधे महत्वपूर्ण : बाबूलाल



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरूवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सिकिदिरी मंडल अंतर्गत नवागढ़ पंचायत में एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधारोपण सह बूथ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी मां है, जो समस्त पृथ्वी वासियों की रक्षा करती है। प्रकृति की शोभा पेड़ पौधे, वृक्ष हैं। उन्होंने कहा कि पौधा लगाकर हम प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करें। तभी प्रकृति हमारे जीवन की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने स्थापना काल से केवल राजनीतिक नही बल्कि रचनात्मक कार्यक्रम के साथ भी जनता की बीच करती आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रकृति और संस्कृति दोनो की सुरक्षा केलिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनकी जयंती 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान का आह्वान किया है। पार्टी के बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा मां के नाम पेड़ लगाकर हमें उसकी देखभाल की जिम्मेवारी लेनी है, उसे बचाना भी है । उन्होंने कार्यकताओं से इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आहवान किया।

### रांची यूनिवर्सिटी से छात्र कर सकेंगे इंटरमीडिएट

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजो में इंटरमीडिएट में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए हाईकोर्ट से खुशखबरी है। झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के 12 अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों का एडमिशन लेने को कहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि रांची विश्वविद्यालय जल्द बच्चों को लिए एडमिशन पोर्टल ऑपन करें।

दरअसल, रांची विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 -26 सत्र के लिए अपने 12 अंगीभूत कॉलेजो में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए नामांकन नहीं लेने का निर्णय लिया था, जिसे प्रार्थी मनीष पटवारी ने जनहित याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट में चुनौती दी है। प्रार्थी का कहना था कि रांची विश्वविद्यालय का इंटरमीडिएट में छात्रों का नामांकन नहीं लेने का निर्णय गलत है।

# युवाओं को सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर, 27 से 10 अगस्त तक सेना भर्ती रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है। इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सेना भर्ती रैली स्थल में होने वाली तैयारियों को लेकर चर्चा**

बैठक के दौरान रांची में आयोजित होनेवाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिले के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती हो कर अपना भविष्य बनायें। ये हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली में जो युवा भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं रैली स्थल पर मुहैया कराई जायेगी। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा की जायेगी।

### रैली का रन एरिया 1.6 किमी का होगा

रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआई शीट होगी, बैरिकेडेड क्षेत्र होगा, रैली का रन एरिया 1.6 किमी का होगा। विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन चाक चौबंद होगा। रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी। भर्ती रैली के दिनों में सुबह चार बजे से टीम उपलब्ध रहेगी। एसडीओ एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने जानकारी दी कि सारी व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करा दी जायेगी।

### सेना भर्ती के दौरान दलालों से दूर रहने की सलाह

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सेना में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे शोषण करने वाले दलालों से दूर रहें। उन्होंने उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पारदर्शी होती है। जो भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अहर्ता पूरी नही करता, उनका भर्ती किसी भी हालत में नहीं हो सकती। इसलिए सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहें। उनके किसी भी झांसे में नहीं आयें।

# प्रखंड कार्यालयों में आजसू पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार से हर एक प्रदेशवासी हताश और निराश है। अपने हर छोटे से छोटे काम के लिए लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सरकारी कार्यालयों में बढ़े भ्रष्टाचार के चलते आज बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। गरीब, असहाय जनता कुव्यवस्था से त्रस्त है। इस अराजक व्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा राज्य के हर प्रखंड और नगर इकाइयों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 26 जून को शुरू हुआ यह कार्यक्रम 6 जुलाई तक चलेगा। हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन पार्टी पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न प्रखंड कार्यलयों में सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर राज्य के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में जा कर सम्बंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

**इन प्रखंडों में हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम :** हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन बोकारो जिला के चास प्रखंड, लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड, गढ़वा जिला के रंका प्रखंड, सिमडेगा जिला के बोलबा प्रखंड, देवघर जिला के सारवां प्रखंड, साहिबगंज के सदर प्रखंड, गुमला जिला के सदर प्रखंड, जामताड़ा जिला के फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। कल भी पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग करने वाले दो पहिया वाहन चालकों से वसूलें भारी जुमार्ना

### हाई कोर्ट ने मौखिक कहा, रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची में ट्रैफिकव्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल राहुल कुमार दास की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सर्जन चौक से लेकर सुजाता चौक तक दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल राइडिंग करते हुए चलते हैं, ट्रैफिक पुलिस इनसे भारी जुमार्ना वसूल करे। जब उनके जेब पर भार पड़ेगा तब वह ट्रैफिक नियमों का पालन करना सीखेंगे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि रांची में लोग पुलिस के डर से केवल हेलमेट पहनते हैं जबकि उन्हें यह पता होता है कि उनके सिर की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट काफी जरूरी है। हेलमेट नहीं पहनकर और ट्रिपल राइडिंग कर ये लोग अपनी जिंदगी तो जोखिम में डालते ही है साथ ही दूसरों के लिए दुर्घटना का कारण बनते हैं। पुलिस को एक माह तक लगातार चेकिंग अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा जो ई-रिक्शा वाले परमिट के हिसाब से अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रहे हैं उनसे भी भारी जुमार्ना वसूला जाए। रांची शहर में 1000 से ज्यादा अवैध रूप से ई रिक्शा चल रहा है, इन पर कार्रवाई जरूरी है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अवैध रूप से चलने वाले 443 ई-रिक्शा को जप्त किया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार से सवाल किया कि जब रांची में ट्रैफिक जाम जैसी बड़ी समस्या है ऐसे में कैसे ऑटो और ई रिक्शा को रांची शहर में चलने के लिए परमिट दी जा रही है। रांची शहर के निवासी जाम से कराह रहे हैं, मेन रोड (महात्मा गांधी मार्ग) में कछुए की चाल से वाहन रेंगते हैं। किशोरगंज चौक, रातू रोड, मेन रोड में सर्जन चौक से लेकर सुजाता चौक तक प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती है। ट्रैफिक पुलिस कर्मी और रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम यह सुनिश्चित करें कि ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे। अभी रांची में 600 होमगार्ड के जवान जिन्हें सरकार की ओर से अभी ट्रेनिंग दी जा रही है, ट्रैफिक व्यवस्था में लगाए जाएंगे। कोर्ट में सरकार को निर्देश दिया कि रांची में ट्रैफिक को लेकर लॉन्ग टर्म प्लान को लेकर आए। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने एवं इस संबंध में लिए गए एक्शन की रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश हुए मामले की अगली 4 जुलाई निर्धारित की है।

### ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए ड्रेस कोड करें अनिवार्य, बिना परमिट पर करें कार्रवाई : हाई कोर्ट

रांची। हाई कोर्ट ने गुरुवार को मौखिक कहा कि परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक एसपी रांची शहर में ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों का ड्रेस कोड निर्धारित करें, बिना परमिट वाले ऑटो पर कड़ी कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि (ई रिक्शा ) वाले आठ से 10 यात्रियों को बैठा कर चलाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कुछ ई रिक्शा वाले हाफ पैंट पर ही गाड़ी चलते देखे गए हैं, उसमें कई महिलाएं भी बैठी थी।

ऐसे में ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों के लिए एक ड्रेस कोड होना जरूरी है, ताकि ऑटो या ई रिक्शा चालकों को देखकर किसी को शर्मिंदगी का एहसास ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऑटो या ई रिक्शा चलाने वाले अपने परमिट के अनुसार निर्धारित रूट पर अपने वाहन चलाएं यह सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मी एवं नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम को लगातार इनपर नजर रखनी होगी। ऐसा देखा गया है कि ऑटो ई रिक्शा चालक अपने निर्धारित रूट को छोड़कर मेन रोड (महात्मा गांधी मार्ग) में अपने वाहन चलाते हैं जिससे मेन रोड में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।

कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी एवं परिवहन विभाग के सचिव को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल कर रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर उठाएंगे कदम की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 4 जुलाई निर्धारित की है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक में ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई की।

## खबर एक नजर में

### पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** नक्सली मुठभेड़ में शामिल पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप उर्फ तिलेश्वर गोप को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया कि तिलकेश्वर के खिलाफ 67 आपराधिक केस दर्ज हैं जिनमें से 9 में वह रिहा हो चुका है। करीब 27 केस में ट्रायल चल रहा है। चाईबासा के गुदरी थाना क्षेत्र में जून 2021 को नक्सली- पुलिस में मुठभेड़ में वह शामिल था। मामले को लेकर गुदरी थाना में कांड संख्या 7 /2021 दर्ज किया गया था। बता दें कि चाईबासा की निचली अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उसकी ओर से हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की गई थी। साथ ही जमानत का आग्रह किया गया था।

### चार जुलाई को रांची में होगी पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग, हरित क्रांति आदि पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी। बैठक में अगर किसी राज्य को दूसरे राज्य से किसी तरह की मतभिन्नता होगी तो उसका निराकरण करने की कोशिश की जायेगी। बता दें कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रांची में हो रहा है, इसलिए यहां के संबंधित विभागों के सचिव और इनसे उच्च स्तर के अधिकारी बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होंगे। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया है।

### रांची में लोकसभा चुनाव 2024 के सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक

**रांची।** रांची के समाहरणालय भवन में गुरूवार को लोकसभा चुनाव 2024 के सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी प्रतिनिधियों को इस चुनाव में हुए व्यय का अंतिम लेखा तैयार करने के लिए सभी प्रपत्रों से अवगत कराना था। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी सज्जन पांडेय द्वारा प्रत्याशियों को विहित प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। साथ ही इसे पूर्ण रूप से भराकर उपलब्ध कराने की आवश्यकता की जानकारी दी गयी। राज्य कर पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बता दें कि 3 जुलाई को अंतिम लेखा जांच की तिथि निर्धारित है। जिसमें सभी प्रत्याशियों के पूर्ण व्यय की जांच एवं जिला प्रशासन के पास उपलब्ध व्यय संबंधी आंकड़ों से मिलान किया जाएगा। साथ ही प्रत्याशियों का रजिस्टर मूल रूप में ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन को भेजा जाएगा।

### बिना नोटिस के दुकानें तोड़ने पर पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत में चतरा में दुकान तोड़ने के खिलाफ दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में प्रार्थी को पांच लाख रुपये मुआवजा भुगतान का निर्देश सरकार को दिया है। अदालत ने प्रार्थी को मानसिक प्रताड़ना झेलने के एवज में 25 हजार रुपये भी देने का निर्देश दिया है। अदालत ने उक्त दोनों राशि छह सप्ताह के भीतर प्रार्थी को देने को कहा है। इस संबंध में प्रार्थी राजेंद्र कुमार साहू ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि बिना किसी सुनवाई के चतरा जिले के चौरा स्थित रैयती जमीन पर बनी पांच दुकानों को तोड़ दिया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई पूरी तरह से अवैध, मनमानी और मनमौजी है। राज्य या उसके प्राधिकरण और अधिकारियों की सभी कार्रवाइयां संविधान के अधीन और कानून द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर की जानी चाहिए। इसके लिए कम से कम प्रभावित व्यक्ति को नोटिस और सुनवाई का अवसर देना आवश्यक है। प्राधिकरण की कार्रवाई कानून के सभी सिद्धांतों का उल्लंघन है। ऐसा कर के प्रार्थी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। अदालत ने सरकार को यह छूट प्रदान की है, वह मामले में दोषी अधिकारियों से मुआवजे की राशि वसूलने पर निर्णय ले सकती है।

### नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा के शपथ ग्रहण पर भाजपा ने जताया हर्ष

**रांची।** प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदीप वर्मा के शपथ ग्रहण पर बधाई दी है। मालूम हो कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरूवार को उच्च सदन राज्यसभा में शपथ ग्रहण किया। श्री मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा सदन में झारखंड की आवाज बनेंगे।

स्पीड न्यूज

## नशापान के खिलाफ जागरूकता अभियान

रांची। गुरुवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके कैंब्रिज स्कूल टाटीसिलवे में बच्चों ने पोस्टर बनाकर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान, और किसी भी तरह के नशे की लत से दूर रहने की शपथ ली। पोस्टर में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखे जैसे नशे का जिसने किया पान उसका गया स्वास्थ्य व सम्मान, नशे से की जिसने यारी, उसकी आयी मौत की बारी... आदि..आदि। मौके पर प्राचार्य टी के नाथ, रीना सहाय, रीता सिंह ज्योति भूषण गुप्ता आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड आयकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बनें विजय वर्मा

रांची। झारखंड आयकर अधिवक्ता संघ की आमसभा गुरुवार को चुनाव पदाधिकारी हरिलाल पटेल एवं हरी साबू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा,उपाध्यक्ष आनंद कुमार पसारी,सचिव दीपक कुमार पटेल ,सह-सचिव देवेश पोद्दार,कोषाध्यक्ष आदित्य शाह और दीपक गरोडिया को सदस्य के रूप में पुन. चुना गया। इसके पूर्व निर्वतमान अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने सदस्यों का स्वागत किया। सचिव दीपक कुमार पटेल ने वार्षिक रिर्पोट एवं कोषाध्यक्ष आदित्य शाह ने वार्षिक लेखा प्रस्तुत किया।

## होल्डिंग टैक्स के एकमुश्त भुगतान पर तीन दिन छूट

रांची। रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले और होल्डिंग टैक्सधारकों को एकमुश्त भुगतान पर छूट 30 जून तक मिलेगा। इस सुविधा का लाभ उठाने में तीन दिन शेष हैं। बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त भुगतान 30 जून तक करने पर करदाताओं को टैक्स की राशि पर पांच प्रतिशत की विशेष के अलावा अधिकतम 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। अतिरिक्त छूट प्राप्त करने वाले होल्डिंगधारकों में वैसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल को 60 साल या इससे अधिक हो, को शामिल किया गया है। इसके अलावा महिला, भारतीय जल, थल और वायु सेना के कर्मी, 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर भी इस सुविधा के लाभार्थियों की सूची में शामिल हैं।

## श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के लिये किये प्रस्थान

रांची। गुरुवार को स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और श्री गोविन्द दास जी महाराज अपने परिकरों के साथ वृंदावन के लिये रवाना हो गये। श्रीस्वामी जी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश मंदिर के सत्रहवें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह में पधारे थे, जो 23 जून रविवार को धुमधाम के साथ संपन्न हुआ। इसके उपरान्त कांचीपुरम से आये हुये श्रीवत्स भप्तरए कन्न भप्तर और अन्य आचार्य. परिचारकए पालकी वाहकों की टोली, नाद. स्वर पार्टी आदि की विदायी समारोह की गई थी। गुरूवार को माहराजश्री समस्त शिष्य समुदाय तथा झारखंड वासीयों को आशीर्वाद प्रदान किया और वृंदावन धाम के लिये प्रस्थान कर दिये। महाराज श्री ने कहा कि निष्काम कर्म के द्वारा भगत प्राप्ति और मोक्ष मिल सकता है।

## ब्लड डोनेशन सह पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

रांची। सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने बुधवार को वाईएमसीए हॉल में ब्लड डोनेशन सह पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभ नारायण दत्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। वाइएमसीए के स्टेट सेक्रेटरी जोन्हास कुजूर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए ट्रस्ट का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लड डोनेशन, आई चेकअप और पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, अमरकांत, मनोज श्रीवास्तव, शुभ नारायण दत्ता आदि ने रक्तदान किया।

## बिहार की कंपनी ने 1 करोड़ 92 लाख में लिया जगन्नाथ मेला का टेंडर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। जगन्नाथपुर मेला दक्षिणी छोटानागपुर की प्रसिद्ध मेला है। यहां आस्था के कारण भीड़ होती है। लेकिन अब स्थल को कमर्शियल किया जा रहा है। गांव- देहात से आनेवाले लोगों से पैसे लिये जायेंगे। इस पैसे की बंटवारा सरकार और ठेकेदार के बीच होगा। जो ठेकेदार मेले से पैसा वसूलेगा, वह पब्लिक से वसूली करेगा। इस साल 1 करोड़ 92 लाख में जगन्नाथ मेला का टेंडर हुआ है। आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग पटना, बिहार ने सबसे अधिक बोली लगाकर ये टेंडर लिया है। पिछले साल भी टेंडर प्रक्रिया से मेला का ठेका दिया गया था। जिसमें आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली में टेंडर लिया था। इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपए से शुरू थी। 11 लोगों ने टेंडर डाला था। 3 लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में रद्द किया गया।

# नेशनल हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को गैर जरूरी पदों को सरेंडर करने का दिया सुझाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेन्टर की सलाहकार मोना गुप्ता और लीड कंसल्टेंट स्वाति राय ने गुरुवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में राज्य में चल रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यक्रमों को और बेहतर करने के लिए कई सुझाव दिये। मोना गुप्ता ने कहा कि झारखंड रिसोर्स एनवेलप में किए गए बजटीय प्रावधानों की जानकारी सभी कर्मियों को हो। सबसे जरूरी काम को सबसे पहले किया जाये। उन्होंने ह्यूमन रिसोर्स के रेसनलाइजेशन पर बल देते हुए कहा कि गैर-जरूरी पदों को सरेंडर करें। यदि स्थायी बहाली में विलंब हो रहा हो तो जरूरी पदों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भर्ती करें, ताकि आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।



**हजारीबाग भी गयी थी टीम :** इसके पूर्व टीम ने हजारीबाग जिले का भ्रमण किया। बैठक में निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ चन्द्र किशोर शाही, उपनिदेशक डॉ वीरेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ जॉन एफ कैनेडी, डॉ लाल मांझी, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ डीपी सक्सेना ने भी राज्य और केन्द्र के बीच आवश्यक सहयोग एवं समन्वय हेतु अपने विचार रखे। मोना गुप्ता ने कहा कि झारखंड रिसोर्स एनवेलप में किए गए बजटीय प्रावधानों की जानकारी सभी कर्मियों को हो और सबसे जरूरी काम को सबसे पहले किया जाये। उन्होने ह्यूमन रिसोर्स के रेसनलाइजेशन पर बल देते हुए कहा कि गैर-जरूरी पदों को सरेंडर करें। यदि स्थायी बहाली में विलंब हो रहा हो तो जरूरी पदों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भर्ती करें, ताकि आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मौके पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कु, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज, मानव संसाधन कोषांग परामर्शी अवनी प्रसाद सहित सभी कार्यक्रमों के राज्य परामर्शी, समन्वयक और कार्यक्रम सहायक भी उपस्थित थे।

**नियुक्ति के समय उच्च मानदंडों का पालन :** मोना ने कहा कि मानव बल के भर्ती के समय उच्च मानदंडों का पालन हो। नियुक्ति के बाद उन्हें कार्य और दायित्व का भी भान हो। उन्होंने कर्मचारियों के काम के आकलन के लिए बेंचमार्क बनाने का भी सुझाव दिया। कहा कि मानव बल से सिर्फ काम ही न लिया जाए, बल्कि उनके हितों का भी ध्यान रखा जाए। उन्हें समय पर मानदेय मिले और समय-समय पर मानदेय वृद्धि का भी लाभ दिया जाये। बदलते समय के साथ मानव बल को प्रशिक्षित कर दक्ष भी बनाने की वकालत की। जिलों में अनटाईड फंड को कैसे इस्तेमाल करना है, इससे संबंधित प्रशिक्षण की अवश्यकता पर भी ध्यानाकृष्ट कराया। समय-समय पर राज्य कर्मियों के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के भ्रमण, कमियों के आकलन और उसके समाधान से संबंधित प्रतिवेदन देने के लिए परामर्श दिया। कहा कि स्वास्थ्य विभाग मल्टीसेक्टोरल डिपार्टमेंट है, इसलिए सभी विभागों से समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता को ध्यान में रखें।

**क्या है रिसोर्स सेंटर :** बताते चलें कि नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेन्टर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए थिंक टैंक के रूप में काम करता है। इसका कार्य राज्यों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना, उसे संगठित करना, क्षमता निर्माण में नीति और रणनीति विकास में सहायता प्रदान करना है।

## जेएमएम नेता आजम और दामाद अली खान समेत दो अन्य गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**डोरंडा गोलीकांड**

रांची। राजधानी के डोरंडा में गत बुधवार की शाम हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने झामुमो नेता आजम अहमद और उसके दामाद अली खान के साथ दो अन्य को को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने उनके पास से हथियार और जिंदा गोली बरामद किये हैं। गौरतलब है कि डोरंडा थाना क्षेत्र के मणिटोला स्थित सरकारी कुआं के पास बीती रात आपसी विवाद में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। गोलीकांड के बाद एसएससी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर झामुमो नेता आजम अहमद और उनके दामाद अली खान समेत दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है।

**20 डिसमिल जमीन को लेकर दो गुटों में चल रहा विवाद :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि जावेद और अली के गुट के बीच पिछले कई सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 20 डिसमिल जमीन को लेकर दोनों गुटों के लोग दावा कर रहे हैं कि यह उनकी जमीन है। इसी जमीन विवाद के कारण ही गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप है कि मो. अली ने गोली चलायी है, जिसे रांची पुलिस ने जिला बदर किया है। इसके अलावा आरिफ, शहबाज और अन्य लोगों पर गोली चलाने का आरोप लगा है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि गोली चलाने वालों के खिलाफ सबूत मिल जाये। पुलिस का कहना है कि कुछ दिन पहले इसी गुट के बीच डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित मिस्त्री मोहल्ला में विवाद हुआ था। उस दिन भी फायरिंग की घटना हुई थी और एक बच्चे को गोली लगी थी।

## सावन महोत्व पर पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक में कई सुझाव

**कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



राँची। पहाड़ी मंदिर विकाश समिति ने अगले माह शुरू होने वाले सावन की तैयारी को लेकर गुरूवार को बैठक की। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि महिलाओं , बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई हैं साथ ही सभी कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई हैं एवं सुरक्षा के द्दष्टिकोण से पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। काँवरिया बन्धुयो के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी एवं पूरे मंदिर परिसर में साफ -सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहाड़ी बाबा तक जाने के लिए ब्रेकेटिंग किया जाएगा जिसमे महिलाओं के लिए अलग और पुरुषों के लिए अलग लाइन होगा।

जिसकी देख रेख जिला प्रशासन ,श्री शिव बारात आयोजन महासमिति ,सामाजिक संगठन के लोग एवं राँची पहाड़ी मंदिर के सदस्य गण करेंगे। सभी भक्तो के सुविधा के लिए मेडिकल कैम्प पूरे सावन माह तक रहेगा एवं सुरक्षा के लिए वॉर रूम बनाया जाएगा। ज्ञात हो कि वर्तमान में पहाड़ी विकाश समिति के अध्यक्ष पूर्व गृह सचिव एनएन पांडेय की देख रेख में सारा कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, राजेश साहू, बादल सिंह, अरुण वर्मा, राजेन्द्र सिंह, राज कुमार तलेजा, उर्मिला चौधरी, राकेश चौधरी, पलटू दादा, राम सिंह, मुरारी मंगल ,मंदिर के पुजारी पिंटू बाबा, दिपक नंदा, मंदिर स्टॉफ प्रदीप, बेबी आदि शिव भक्त मौजूद रहे। यह जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## गृहमंत्री अमित शाह से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें पुनः देश का गृह एवं सहकारिता मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी। इसके साथ ही झारखंड राज्य में विकास कार्यों और वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की। आजसू अध्यक्ष ने राज्य की जरूरतों और विषयों के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी। सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में



गठित एनडीए की सरकार तीसरे कार्यकाल में भी देश में विकास और सफलता के नये आयाम स्थापित करेगी।

## श्री शिव साईं मंदिर का 13 वां वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। श्री शिव साईं मंदिर अपर बाजार महावीर चौक के प्रांगण में श्री शिव साईं मंदिर का 13 वां वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से गुरूवार को मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। सुबह 6:00 बजे आरती के बाद 8:00 बजे बाबा का पालकी शोभायात्रा एवं दोपहर 12:00 बजे आरती के बाद बाबा का महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं संध्या 6:00 बजे आरती के बाद खीर महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी ज्योति शर्मा, मोनू गुप्ता, गुरमीत सिंह, नीरज कुमार, अमर शर्मा, विकास, मुन्ना, अरविंद, रवि, सविता, स्वेता, संजय सहित कई भक्त मौजूद थे।

## सहकारिता आंदोलन में आ रही बाधाओं को दूर करने का प्रयास करेगी सरकार : सत्यानंद भोक्ता

### सहकारिता का राज्य के विकास में भूमिका पर पुराने विधानसभा सभागार में समागम का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। सहकारिता की राज्य के विकास में भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय 'सहकारिता समागम का आयोजन गुरुवार को पुराना विधान सभा सभागार में किया गया। इस समागम में सहकारिता के विशेषज्ञ और सहकारिता से जुड़े हुए राज्य भर के नेतृत्वकारी साथियों ने ािाग लिया। समागम में राज्य में सहकारिता की स्थिति और भविष्य में सहकारिता आंदोलन को राज्य स्तर पर गति देने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्म का उद्घाटन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय लोक सहकारिता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री अमल आजाद ने समागम का विषय प्रवेश कराया। उन्होंने राज्य के विकास में सहकारिता से समृद्धि की संभावना और महासंघ के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। महासंघ के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री ने पांच प्रस्ताव रखे जिसे सर्वसम्मति से पारित और स्वीकृत



किया गया। समागम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मुख्यमंत्री से बात कर सहकारिता आंदोलन को तेज करने में आ रही बाधाओं नीतिगत फैसले ले कर सहकारिता को सुगम और लोकप्रिय बनाने में मदद करने का आश्वासन दिया ताकि केरल की तरह झारखंड में भी राज्य को समृद्ध करने में सहकारिता की अहम भूमिका बने। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को लोकतांत्रिक बनाया जाएगा और इसमें ब्यूरोक्रेसी की दखलंदाजी को खत्म करने के लिए अन्य राज्यों की तरह आवश्यक सुधार किया जाएंगा। कांग्रेस नेता सुनील सहाय ने कहा की सहकारिता आंदोलन को झारखंड में मजबूत करने की जरूरत है। समागम में आमंत्रित सहकारिता के विशेषज्ञ शरदेंदु कुमार झा ने उपस्थित सहकारिता के नेतृत्वकारी साथियों का मार्गदर्शन किया और किसी भी प्रश्न या शंका निवारण के लिए सदैव उपलब्ध रहने का आश्वासन भी दिया। अन्य वक्ता के रूप में मुख्य तौर से असम से आएं भारतीय लोक सहकार महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन कलिता, सहकारिता आंदोलन के अग्रणी साथी सीपीएम के समीर दास, सीपीआई के महेंद्र पाठक, राजद के राजेश यादव, अजय सिंह, गिरिडीह से महासंघ के ज़िला सचिव कामेश्वर पासवान ने भी अपना विचार रखा।

**खबर एक नजर में**

## नगर विकास सचिव से मिलीं झरिया विधायक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल से सचेतक (सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस) सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मुलाकात की। इस क्रम में विधायक ने झरिया में चल रहे 310 करोड़ की जलापूर्ति योजना की धीमी गति से सचिव को अवगत करवाया। कहा कि झमाडा के मध्यम से एजेंसी केपीटीएल (जेएमसी) द्वारा जलापूर्ति योजना का कार्य कराया जा रहा है, परंतु अब तक यह महत्वाकांक्षी योजना पूरा नहीं हो सकी है। इस कारण झरिया की जनता प्रभावित हो रही है। इसलिए इस योजना को जल्द पूरा कर जलापूर्ति बहाल करने की दिशा में विभाग को निर्देशित किया जाये।


## जब नशा मुक्त समाज होगा तो देश का विकास होगा : डॉ शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस ईकाई के द्वारा दो दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत नशा मुक्ति पर निबंध लेखन, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 150 प्रतिभागियों ने उपरोक्त विषय पर अपनी प्रतिभा को दशार्या। आज इस प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि नशा आज के संदर्भ में एक सामाजिक बीमारी का रूप धारण कर चुका है। विश्वविद्यालय इसे एक सामाजिक दायित्व के निर्वहन से जोड़कर कई सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

## संत जेवियर्स कॉलेज रांची पूर्वोत्तर भारत में नंबर वन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज रांची पूर्वोत्तर भारत का बेस्ट कॉलेज बन गया है। इंडिया टुडे के वार्षिक रैंकिंग सर्वे 2024 कॉलेज ने ऊंची छलांग लगाते हुए नंबर वन कॉलेज चुना गया है। सर्वे के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट कॉलेज की श्रेणियों स्थान पाया है। संकायवार आर्ट्स और कॉमर्स में भारत की पूर्वी क्षेत्रवार कॉलेजों में दूसरा स्थान हासिल किया है।

वहीं पूरे भारत के कॉलेज रैंकिंग में संत जेवियर्स ने कला संकाय में 34वां स्थान, विज्ञान संकाय में 74वां और वाणिज्य संकाय में 37वां स्थान प्राप्त किया है। प्रोफेशनल कोर्स बीबीए भी पूरे भारत में 32वां स्थान मिला है।

## मंत्री के आदेश के बाद बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें। ऐसी ही एक मंत्री बनी है जानकी कुमारी। पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जानकी अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है। वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो। ऐसे ही सभी सरकारी विद्यालयों में जानकी जैसे बच्चों को छात्रवृत्ति मंत्री पद पर नियुक्त किया जा रहा है।

## नीरजा सहाय डीएवी में मना अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। मादक द्रव्य के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, चित्रांकन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। शिक्षक संजीव प्रसाद द्वारा मादक द्रव्यों से होने वाली हानि से बच्चों को अवगत कराया गया। कक्षा 11वीं की प्रिया कुमारी सिंहा तथा विजयांशी कुमारी ने अपने भाषण में मादक द्रव्यों से दूर रहने तथा अपने जीवन को बचाने की चर्चा की।

## अगस्त से नवंबर तक अलग-अलग पदों के लिये जेएसएससी लेगा परीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से इस साल अगस्त से नवंबर तक कई पदों पर भर्ती की जायेगी। जेएसएससी की मानें तो इस दौरान लगभग 37,477 पदों पर बहाली की जायेगी। इसमें राज्य के अधिकांश खाली पदों को भरने का लक्ष्य तय किया गया है। जेएसएससी ने बुधवार को नियुक्ति परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार अगस्त से नवंबर तक नौ नियुक्ति परीक्षाओं के माध्यम से 37,477 पदों पर भर्ती की जायेगी। इसमें तीन नियुक्ति परीक्षाएं ओएमआर शीट पर आयोजित की जायेगी। वहीं, छह नियुक्ति परीक्षाएं सीबीटी मोड में आयोजित की जायेगी। सबसे अधिक प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य के 26001 पद है, जिसमें बहाली की जानी है। जारी शेड्यूल के अनुसार अगस्त के दूसरे सप्ताह में झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा होगी।

# प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक में विस चुनाव की बनी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव परिणाम पर समीक्षा की गई एवं आगामी विधानसभा चुनाव की कार्य योजना पर रणनीति बनाई गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में गुंजन सिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों से निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा है और बेहतर करने की जरूरत थी।

आगामी विधानसभा चुनाव-2024 बहुत ही करीब आ गया है, आप लोगों को संगठन की जो भी जिम्मेदारी दी गई है पूरे मुस्तैदी के साथ अपने अपने जिला और क्षेत्र में जुट जाएं।

गुंजन सिंह ने दिल्ली में संपन्न बैठक में मिली एक्शन प्लान की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी अगस्त माह में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत होगी, जिसमें महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे। इस दौरान प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्षों का तीन दिनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

सभी जिलों में नारी न्याय सम्मेलन एवं जिला स्तर से लेकर बूथ तक पदयात्रा किया जाएगा और महिलाओं सें जुड़ी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, प्रीति




सहाय, पुनीता चौधरी, सुन्दरी तिर्की, अनीता सिन्हा, शांति बाला केरकेटा, वर्षा, अमृता भगत, सीता राणा, अजन्ता सामद, दिव्या मिंज, ग्रेसी मिंज, नीतू देवी, हेमन्ती जायसवाल, रूबी खातून, नमिता बा, मनिषा तिर्की, प्रभा तिग्गा आदि महिलाएं शामिल थी।

## स्पीड न्यूज

### आकलन सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक रांची में 30 जून को

**पाटन पलामू।** आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की एक आवश्यक बैठक 30 जून को रांची के मोरहाबादी मैदान में दिन 11 बजे से होनी है। बैठक का मुख्य उद्देश्य झामुमो सरकार जो अपनी सरकार आने पर 3 माह में वेतनमान देने की घोषणा की थी। आज साढ़े चार वर्ष बाद आपने वादों से मुकर रही है। सरकार के इस वादा खिलाफी के बिरुद्ध सहायक अध्यापकों में आक्रोश है। विगत माह से सहायक अध्यापकों को मानदेय भी नहीं दिया जा रहा है। उक्त जानकारी पाटन प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने दी।

### इमली जंगल की कटाई धड़ल्ले से वन विभाग के अधिकारी बेखबर




**पाटन पलामू।** सरकार वन एवं पर्यावरण को बचाने को लेकर कई नयी योजनाएं चलाकर पौधरोपण करा रही है। ताकि दिन पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को रोका जा सके। लेकिन पाटन वन परिक्षेत्र में आने वाली इमली के जंगलों की तेजी से कटाई की जा रही है। जिस पर वन विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। वन विभाग के अधिकारी से बातचीत की गयी, तो बताया कि जंगल की कटाई हो रही है लेकिन इसकी देखरेख ग्रामीणों को ही करना है। अगर ग्रामीण नहीं कर रहे हैं,तो वन विभाग के अधिकारी कहां तक जायेंगे। काफी लंबा क्षेत्र होने की वजह से सभी जगह पहुंचाना संभव नहीं है।

### पानी के लिए ग्रामीण भटक रहे दर-दर, कई माह से खराब है जलमीनार



**पाटन पलामू (मनीष दुबे)।** सतौवा पंचायत के वार्ड नंबर तीन एवं चार में करीब 6 माह से जल मीनार खराब है। जिससे ग्रामीण पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को 6 माह से जल मीनार खराब होने से पानी संकट झेलना पड़ रहा है। लेकिन जनप्रतिनिधि बनवाने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। इस भीषण गर्मी में दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध में पंचायत के मुखिया को कई बार सूचना दी गयी है। आश्वासन मिलता है कि बन जायेगा लेकिन आज तक खराब ही है।

### कथा आत्मा व मन की खुराक : स्वामी



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा कला में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर आयोजित चातुर्मास के दौरान श्रीश्री 1008 लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिस तरह वाहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय-समय पर तेल और सर्विसिंग की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार शरीर में मौजूद आत्मा, मन, बुद्धि, विवेक का सुचारू रूप से संचालन के लिए कथा सुनना जरूरी है। कथा, पूजा पाठ ही आत्मा, मन की खुराक होती है। जीवन में साधन और संसाधन का सही उपयोग के लिए कथा जरूरी है। कथा सुनने से चित शांत मन संतुष्ट और आनंद को प्राप्त होता है। भगवान शंकर की जीवन कथा विषम परिस्थितियों से भरा है। बावजूद कभी घबराये नहीं। आप के अंदर सज्जनता आयेगी तो आप सहज और सरल बन जायेंगे।

### आमसभा में मारपीट, कई लोग घायल

**पाटन पलामू।** प्रखंड के बीकुआ में सहायिका पद के लिए आम सभा हो रही थी, जहां दो आवेदन आये। चयन प्रक्रिया के दौरान एक पक्ष ने पुस्तिका पर हस्ताक्षर नहीं किया। जिसके बाद सीडीपीओ अनीता कुमारी ने सहायिका का चुनाव कर घोषणा कर दी। इसके बाद आक्रोशित दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गये। मारपीट में घायल लोगों ने पाटन थाना में मामला दर्ज कराया है। भुक्तभोगी ने प्राथमिकी में कहा है कि आम सभा में चयन गलत तरीके से हो रहा था। इसका विरोध करने पर ग्राम नवादा के अनिल साव, धर्मेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, रामा साव समेत अन्य लोगों ने पिटाई कर दी। लोगों ने सकिना बीबी के कान का झुमका लूट लिया। जान मारने की धमकी दी।

### मनरेगा में 80 हजार की फर्जी निकासी



**मेदिनीनगर।** पाटन के पाल्हेकला पंचायत के महुलिया में लाभुक की बिना जानकारी ही मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने मनरेगा योजना (टीसीबी) में बिना काम पूरा किये फर्जी तरीके से 80 हजार रुपये भुगतान करवा दिये। जब इसकी जानकारी लाभुक को हुई तो लाभुक के केंद्र सरकार के दिल्ली मनरेगा पोर्टल पर जांच की शिकायत के बाद विभागीय जांच का निर्देश बीडीओ पाटन को दिया गया। योजना स्थल की जांच की जानकारी के बाद मुखिया के निर्देश पर रोजगार सेवक चुपके से योजना स्थल पर काम करवाने लेबर लेकर पहुंचा।

### भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अच्छी तरह से पढ़ाई करें : भीम गोप



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत बालिका व बालक मध्य विद्यालय समेत हरहंजी गांव स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय में गुरुवार को छात्र छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापिका विजेंद्र कुमार चौबे नीलम सिंह समेत हरहंजी के अर्पणा तिग्गा व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीम गोप ने नए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। मौके पर भीम गोप ने कहा कि शिक्षा से हीं जीवन का संपूर्ण विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने माता .पिता के सपनों को पूरा करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अच्छी तरह से पढ़ाई करें। मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्यएअभिभावक शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## जलमीनार निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

**टंकी निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं, निरीक्षण नहीं करने से ठेकेदार कर रहा मनमाना काम**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया है। गांव के रामनंद टंडनए ब्रजकिशोर टंडनए अभिजित खन्नाए किशन खन्नाए अंकुश खन्नाए कुणाल टंडनए प्रित सेठए सिद्धार्थ खन्नाए प्रिंस कपूरए देवशरण नाथ टंडनए लकी खत्रीए अनीश टंडनए सुभाष खन्नाए राधेश्याम खन्ना सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा है कि जलमीनार निर्माण कार्य प्रगति पर है लेकिन इसमें बड़ी लापरवाही बरती जा रही है ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। ना ही बन रहे पिलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की पिलर मजबूत नहीं बनेगी। ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार के ढलाई करने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी में एक दिन भी पानी पटवन नहीं किया जा रहा है ऐसे में कितना गुणवत्तापूर्ण टंकी निर्माण होगा। इधर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा जल.जीवन मिशन का यह कार्य केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैए ताकि हर घर तक नल से जल पहुंच सके। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने ठेकेदार और पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि खत्री खटंगा बस्ती में बन रहे टंकी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। ताकि भविष्य में ग्रामीणों को पेयजल की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## विभिन्न जगहों पर नोट व सिक्का विनिमय मेलों का आयोजन किया

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** मुद्रा एक्सचेंज की सुविधा के ठोस प्रयास में, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, एवं बैंक ऑफ इंडिया ने आरबीआई पटना के सहयोग से गुरूवार को राजधानी में विभिन्न जगहों पर नोट और सिक्का विनिमय मेलों का आयोजन किया। एक्सचेंज मेले का उद्घाटन आरबीआई के प्रबंधक अजय कुमार पटेल ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने लोगों को बताया कि कटे-फटे और गंदे नोटों को बदलने की सुविधा सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध है और जनता को इस तरह की पहल का लाभ उठाने और अपने पुराने या गंदे नोटों को नए नोटों से बदलने के लिए जागरूक किया, जिससे अर्थव्यवस्था के भीतर स्वच्छ मुद्रा के प्रचलन में योगदान हो सके। साथ ही, उन्होंने जनता बताया कि 1 और 2 मूल्यवर्ग के सिक्के वैध मुद्रा हैं और इन सिक्कों को भी स्वीकार करें ।

## श्रमिक संगठन 30 तक तय करेंगे आंदोलन की रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** डकरा भीआईपी सभगार में संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शैलेश कुमार व संचालन अमर भूषण सिंह ने किया। बैठक में बीते 10 जून को एनके प्रबंधन एवं संयुक्त श्रमिक संगठन के बिच वार्ता हुआ था। जिसमे प्रबंधन ने कई मुद्दों पर सहमती दिया था। लेकिन प्रबंधन के छलावा रवैये दिखाते हुएए संयुक्त श्रमिक संगठन की बातों को ठंडा बस्ते में डाल दिया गया है। प्रबंधन के ओछी रवैये से श्रमिक संगठन असहमत हैएइसका विरोध करती है। संगठन आगामी 30 जून की बैठक में सभी से सहमती बनाकर आंदोलन का रूप रेखा तैयार करेगी। वही आर आर शॉप के चोरी की घटना के बिषय मे भी चर्चा की गई जब संयुक्त श्रमिक संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल 30 पीस चोरी का अर्मेचर और एक मोटर को बरामद होने के सुचना पर चुरी परियोजना स्टोर जाकर जाँच किया गया। चोरी की समान को गोपनीय रूप से दूसरे जगज से लाकर या कहे कि सीआईएसएफ के कार्रवाई में जप्त किया गया समान गोपनीय ढंग से उसे फिर आर आर शॉप मे रखा गया है। बात वही हुआ चोरी करवाकर रिहर्सल करने जैसे बात सामने आ रही है।

## एक नजर में

### पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक पर जानलेवा हमला, लालपुर थाना में मामला दर्ज



**रांची।** पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक एवं संचालक संजय तिवारी ने गत बुधवार की रात्री में अपने उपर हुए जानलेवा हमला को लेकर लालपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। संजय तिवारी ने अपने संस्थान में पढ़ा रहे शिक्षक नवनीत निरंजन पर जानलेवा हमला का आरोप लगाया है। दर्ज शिकायत में कहा है कि यह घटना 26 जून की रात 10 बजे की है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि नवनीत रंजन ने नशे की हालत में उनके साथ हाथापाई की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी और उनको गालियां देने लगा। उन्होंने बताया है कि किसी तरह से उससे पीछा छुड़ाकर भागा और लालपुर थाना में जाकर आवेदन देकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रांची के जेनेटिक हॉस्पिटल में खूंटी की महिला को बनाया 15 दिनों से बंधक, सीआईडी ने कराया मुक्त



**रांची।** खूंटी की रहने वाली एक महिला को 15 दिनों से बंधक बनाकर रखा गया था। महिला को बरियातू के पानी टंकी के पास स्थित जेनेटिक हॉस्पिटल में बंधक बनाकर रखा गया था। महिला के पति का आरोप था कि अस्पताल का बकाया पैसा नहीं देने पर उनकी पत्नी को घर नहीं जाने दिया जा रहा है। महिला के पति ने इसकी शिकायत सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता से की। उसके बाद सीआईडी की एक टीम और सदर थाना की एक टीम अस्पताल पहुंची और महिला को वहां से मुक्त कराया। महिला को घर भेज दिया गया है। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने के बाद मिली शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

**रिम्स की जगह प्राइवेट अस्पताल पहुंचा दिया था :** महिला गर्भवती थी, उसे बीते 28 मई को ऑटो वाले ने रिम्स की जगह प्राइवेट अस्पताल पहुंचा दिया था। पिछले 15 दिनों से महिला का न इलाज चल रहा था और न ही महिला को वहां खाना दिया जा रहा था। जिसके बाद सीआईडी से शिकायत की गई। सीआईडी की टीम ने गुरुवार को महिला को मुक्त कराया।

## जल संकट को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के चुरी मध्य के मोहननगर स्थित सौ कॉलोनी सेन्टर में पानी की हुई किल्लत। ग्रामीणों ने पानी की समस्या से निजात के लिए खलारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नाम पत्र सौपा। मोहननगर कॉलोनी के ग्रामीणों ने बीडीओ को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर स्थित विद्या विकास केन्द्र विद्यालय में प्रखण्ड की ओर से बोरिंग कर मोटर के द्वारा सौ कॉलोनी के 80 घरों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था बनाया गया है। जो कि पानी सप्लाई मोटर में आये दिन खराबी आ जाती है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी की सुविधा से वंचित ह जाते है। ग्रामीणों के द्वारा कुछ पानी मोटर की खराबी हो जाने पर अपने पैसों से बना लेते थे। लेकिन इस बार मोटर खराब हो गया है। जिसके कारण आश्रित सभी घरों में पानी की सप्लाई नही हो पा रही है। लोगों ने खलारी बीडीओ से तत्काल कार्रवाई कर लोगों की समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया है। मौके पर पिंटु पांडेए झामुमो नेता नौशाद आलमए अमजद खानए राजू लोहारए अभिषेक कुमारए राहुल कुमारए नीतीश कुमारए सुमन देवीए नीतू देवीए रीता कुमारीए पार्वती देवीए ज्योति देवीए इंदु देवीए सुनैना देवी शामिल थे।

### चतरा, हजारीबाग के सांसद के शपथ ग्रहण पर दी बधाई

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कोटा के लोकप्रिय सांसद ओम बिरला को 18वी लोकसभा स्पीकर चयनित होने पर बधाई दी एवं साथ ही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवालए चतरा सांसद कालीचरण सिंह लोकसभा का सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर भी बधाई दी है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि ओम बिरला का लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना निश्चित रूप से देश के लिए गौरव का क्षण है।

## प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने तीन वाहनों को फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने तीन वाहनों को फूंक दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर इलाके में सर्च अभियान चला रही है। जलाए गए सभी वाहन हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह से संबंधित हैं।

दरसअल, विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया तक का



जलाये गये वाहन।

रोड निर्माण करवाये हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात भाकपा माओवादियों का एक दस्ता डंडिला के इलाके में पहुंचा था और एक जेसीबी और दो ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया।

पलामू रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को कई बिंदुओं पर जानकारी मिली है, जिसके बाद अभियान चलाया जा रहा है। बता दे कि हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया तक का रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। हर दिन की तरह काम खत्म करने के बाद सभी वाहन को डंडिला में खड़ा किया गया था। इसी बीच देर रात करीब 10 से 11 बजे के आसपास हथियार बंद उग्रवादी पहुंचे और दो ट्रैक्टर के साथ एक जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। सभी वाहन अभय कंस्ट्रक्शन का है। इस रोड निर्माण में लगे कंपनी के संवेदक से कई बार माओवादियों ने लेवी की मांग की है लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई पुलिस की ओर से नहीं की गयी है। अभय कंस्ट्रक्शन हुसैनाबाद विधायक कमलेश के भाई विनय कुमार सिंह का है।

## बूथ कमेटी को मजबूत कर कार्यकर्ता विस चुनाव की तैयारी में लग जायें : राजेंद्र सिन्हा

- रामगढ़ प्रखंड में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनावी हुंकार भरते झामुमो नेता राजेंद्र सिन्हा।

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के बाजार समिति परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइंया और संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश सोरेन ने किया। कार्यकम में मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी चन्दन प्रकाश सिन्हा एवं जिला सचिव सन्नू सिद्दकी जिला उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव राजेश सिन्हा विवेकानंद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दें। बूथ कमेटी को मजबूत करने की जरूरत है। किसी भी हालत में पलामू के हरेक विधानसभा चुनाव को जितना है। कार्यकर्ताओं को सरकार के द्वारा दी जाने वाली योजनाओं को घर-घर बताने का कार्य करें। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने कहा कि रामगढ़ जैसे क्षेत्र में हजारों कि संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटना ही बतला रहा है कि इस बार गठबंधन की जीत निश्चित है। चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार झारखंड के विकास नहीं होने देना चाहती है जब हेमंत सोरेन ने गरीबों को योजनाओं का लाभ देना शुरू किया वैसे ही गलत केस में जेल भेजने का काम किया लेकिन झारखंड की जनता ने लोकसभा में इसका जवाब दे दिया।

स्पीड न्यूज

## राजकिला में 30 को शांति समिति की बैठक

■ रथ यात्रा पूजा पर होगी चर्चा

**रातू।** थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक 30 जून की शाम 3 बजे राजकिला सभागार में होगी। इसमें 7 जुलाई को होने वाली रथ यात्रा पूजा की तैयारी पर चर्चा की जायेगी। बैठक में राजकुमारी माधुरी मंजरी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, सीओ रवि कुमार, डीएसपी अरविंद कुमार व थानेदार एसवी चौधरी भी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी किला प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों से पूजा की सफलता को लेकर सुझाव लिये जायेंगे। श्री मिश्र ने उन्हें बैठक में भाग लेने की अपील की है।

## रातू : छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोपी को जेल

**रातू।** पुलिस ने सिमलिया बाघलता के समीप बुधवार की दोपहर स्कूल से घर लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोपी 24 वर्षीय विवेक कुमार को जेल भेज दिया। जबकि उसके तीन दोस्त गौतम कुमार, कमल व एक अन्य की तलाश जारी है। विवेक लोहरदगा जिले के सेन्हा चेनकोपा निवासी विपिन साहू का पुत्र है। आरोपित सभी युवक पंडरा स्थित केसीसी बिल्डकॉम प्राइवेट कंपनी लिमिटेड में मजदूरी करते हैं।

## रातू : समाजसेवी की पत्नी का निधन

**रातू।** समाजसेवी और हुरहुरी निवासी जुगेशवर सिंह की पत्नी 45 वर्षीया अंजू देवी का बुधवार की रात 11 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्रियां छोड़ गई है। लोकसभा चुनाव में बीएलओ का काम कर चुकी थी। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह से भी जुड़ी थी। असामयिक निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## रातू : कटहल मोड़ में विवाहिता ने की आत्महत्या

**रातू।** कटहलमोड़ स्थित अंजली विहार कॉलोनी निवासी भोला साहू की 19 वर्षीया पत्नी रानी कुमारी ने गुरुवार को घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले को लेकर मृतका के पति ने रातू थाने में यूडी केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक भोला आम दिनों की तरह प्राईवेट कंपनी में नाईट गार्ड का काम कर सुबह 10 बजे घर लौटे। दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुलाए तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसे। देखा रानी छत की हूक में फांसी के फंदे में झूल रही है। इसके बाद उन्होंने थाने को टेलीफोनिक सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। श्री साहू ने बताया कि रानी कुछ दिनों से डिप्रेशन में थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## आंधी-तूफान पीड़ितों ने की मुआवजे की मांग

**अनगड़ा।** ग्रामीणो की समस्याओं को लेकर गुरुवार को राजाडेरा पंचायत में बैठक हुई। इसमें आंधी-तूफान से 50 से ज्यादा गरीब परिवारों का छत और घर उजाड़ गया है। इसके लिए मुआवजे की मांग की गई।

# सड़क हादसा में एक की मौत, दूसरा घायल



मृतक की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के रांची पुरुलिया सड़क पर गुरुवार को करीब ग्यारह बजे चमघाटी के निकट एक बाईक में सवार दो व्यक्ति असंतुलित होकर पेड़ से टकराने के बाद सड़क के किनारे बने गार्ड वॉल में टकरा गए जिससे दोनों व्यक्ति को सर पर गंभीर चोट आई। मौके पर पहुँचे आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलो को रिम्स भेजवाया, जहां रिम्स में इलाज के दौरा समुवेल बंडो (45 वर्ष) नामक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दीपक उम्र 46 वर्ष की हालत गंभीर बनी हुयी है। मृतक थाना क्षेत्र के खेरवा कोचा का रहने वाला था, जबकि दीपक झीरी सुडील का रहने वाला था। दोनों एक हीं बाईक मे सवार होकर रांची से सिल्ली की ओर जा रहे थे। दोनों घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेजने में बबलू अंसारी महावीर महतो ने भी सहयोग किया।

## वैन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको कब्रिस्तान के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की रात लगभग साढ़े सात बजे तेज रफ्तार पिकअप नं डब्लूबी 33 इ 8694 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घाघरा बुदकु टोली गांव निवासी 20 वर्षीय प्रेमचंद लकड़ा पिता गंदुर लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों ने बताया कि प्रेमचंद मजदूरी का काम करता है। जो थाना क्षेत्र के तुको से काम करके अपने घर जा रहा था। तभी लोहरदगा की ओर से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। वही पिकअप चालक फरार हो गया।

## जानलेवा हमले में एक घायल, केस दर्ज

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव निवासी रफीक अंसारी पर गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। घायल पीड़ित की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले को लेकर पीड़ित के पुत्र दिलअफरोज अंसारी ने बुढ़मू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रफीक अंसारी अपने घर मे बैठे हुए थे। इसी बीच गांव के समसुद्दीन अंसारी जाबिर अंसारी साजिद अंसारी माजिद अंसारी जैमुन खातुन व सायदा खातुन ने हरवे हथियार से पीड़ित रफीक अंसारी पर हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित के माथा छाती कमर में गंभीर चोटें आई है। साथ ही आरोपियों ने पीड़ित के पॉकेट से 12 हजार रुपये भी निकाल लिया। पीड़ित का इलाज सीएचसी बुढ़मू के बाद रिम्स में चल रहा है। मामले पर थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांचोपरांत दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मिल्क पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलटा, चालक सुरक्षित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के जिन्तुडीह गांव के एयरटेल.जिओ टावर के समीप सिल्ली. रांगामाटी सड़क पर बीती रात करीब 2 बजे एक मिल्क पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। मिल्क पिकअप वैन में करीब 200 लीटर दूध का पैकेट लदा हुआ था। मिल्क पिकअप वैन का चालक सुरक्षित है। मिल्क पिकअप वैन के चालक विनीत कुमार का कहना है कि वह प्रतिदिन चौका से दूध लेकर हजारीबाग जाता है बीती रात चौका से दूध लेकर जा रहा था इसी क्रम में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयाए जिससे करीब 100 लीटर दूध का पैकेट का नुकसान हुआ है घटना की सूचना मिलते ही सोनाहातू पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहारे मिल्क पिकअप वैन को उठाया गया। घटनास्थल पर एएसआई राकेश कुमार एवं पुलिस बल मौजूद थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-24-25-16, दिनांक: 26.6.2024।** **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन चक्रधरपुर मंडल के एडीईएन/I/टाटा तथा एडीईएन/II/टाटा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टाटानगर, सीनी, राजखरसावां एवं रायरंगपुर स्टेशन तथा उनके सेटलमेंट एरिया में दक्षिण पूर्व रेलवे बाउंड्री में विद्यमान रेलवे ज़मीन के म्यूटेशन के सम्पादन के लिए स्थानीय सलाहकार की नियुक्ति (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 27,55,553। **जमा बयाना राशि:** ₹ 55,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 19.07.2024। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को मुफ्त में जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-317)

# अनगड़ा के बरवाटोली में पौधरोपण



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी अनगड़ा के बरवा टोली गांव में वृक्षारोपण किया। झारखंड प्रदेश सह संयोजक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा के नेतृत्व में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम रोपण कार्यक्रम से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री मराडी के द्वार शहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। तत्पश्चात पौधा रोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। 110 पौधे लगाए गये। इस मौके पर पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा की पेड़ है तो जान है हवा है पशु पक्षी जीव जंतु जल जमीन सब सुरक्षित है। पेड़ मानव जीवन से लेकर पशु पक्षी सभी का जीवन रक्षक है। पेड़ जीवन के लिए काफी उपयोगी है। इसलिए पेड़ लगाना और उसे बचाना हम सबों का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री बुधराम बेदिया ने वृक्षारोपण कार्य के लिए अपना एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराया। और इसका संरक्षण का जिम्मेदारी भी लिया है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सुरेंद्र महतो पूर्व विधायक रामकुमार पाहन मानकी राजेंद्र शाही अमरनाथ चौधरी सुनील महती नरेश साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## झाममो की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**खलारी।** खलारी सीमेंट फैक्ट्री यूनियन कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के खलारी प्रखंड के पदाधिकारियों ने एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान एवं संचालन कलाम रिज्वी ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खलारी प्रखंड के सभी पंचायत को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चाए किसन मोर्चा एवं क्रीड़ा मोर्चा का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विचार विमर्श करते हुए संगठन विस्तार एवं बूथ लेबल को भी मजबूत करने के लिए कमर कस ली है। बैठक में पांच प्रस्ताव रखा गया है।

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, लातेहार।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 04.07.2024 (अपराहन 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 05.07.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 05.07.2024 को 03:30 बजे अपराहन,कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बालू ग्राम करमाही में मुख्य पथ से भुईया टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,99,200 | 50,000.00 | 5000.00 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड बालूमाथ से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता जिला परिषद, लातेहार।

PR 327832 Rural Development(24-25)D

## खलारी : बाइक की टक्कर से ट्रक चालक की मौत, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा पिपरवार मुख्य मार्ग पर चुरी परियोजना के निकट एक तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से सड़क पर पैदल जा रहे एक ट्रक चालक 55 वर्षीय शंभू पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार की शाम 7.30 बजे की बताई जा रही है। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया और बाइक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास में मौजूद ट्रक चालक और गाड़ी मालिक मौके पर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही खलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। मृतक ट्रक चालक सुभाष नगर निवासी भाजपा नेता विकास दुबे का ट्रक चलाता था। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ट्रक को लेकर चुरी परियोजना कोयला लोड करने पहुंचा था। गाड़ी लोड नहीं होने के कारण वह देर शाम अपने दो अन्य साथियों के साथ सड़क पर बने एक झोपड़ी नुमा होटल में खाना खाने के लिए पैदल ही सड़क पर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से ही आ रही एक तेज रफ्तार होंडा शाइन बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद ट्रक चालक शंभू पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक सवार काफी नशे में था और तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था।

## चोरी के हाइटेंशन एंगल के साथ नौ चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना अंतर्गत करगे पंचायत के बड़का हातमा के ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर चोरी किए हुए हाईटेंशन के एंगल के साथ नव चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये चोरों में हजारीबाग बड़कागांव के सिमरतिरि निवासी विनोद कुमार महतोए बड़कागांव महूदी के मेघु राणाए बुढ़मू के माशूक अंसारी बुढ़मू ईचापीड़ी के इजहार मलिकए साहिल मलिकए चकमे गांव का गुलजार अंसारीए मक्का गांव का दीपक साहू एवं काशीटोला का रामनाथ लोहार शामिल हैं। इनके पास से चार बाइक जेएच 01 सी. 7433 जेएच 02के. 0468ए जेएच 08एफ. 8129ए जेएच 01ए.6241 सहित हाईटेंशन के करीब पांच क्विंटल टावर का एंगल बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने बताया सभी चोर हातमा जंगल के निकट बाइक खड़ी कर खा पी रहे थे। एक साथ इतने लोगों को बोरा में बंद सामान के साथ देख गांव के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने घेर कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में बिजली के टॉवर के एंगल की चोरी करने के धंधे से जुड़े होने की जानकारी मिलने और उनके पास चोरी एंगल मिलने के बाद इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी गयी और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी**

**मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रॉंची के स्वीकृति आदेश संख्या 07 रा0 (वि0) दिनांक 19/06/2024 में मत्स्य विपणन योजना अन्तर्गत खूंटी जिले के कार्यरत प्रखण्ड/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्य को अनुदान पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 12/07/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क0 सं0 | सामग्री का नाम | विभागीय अनुदान की राशि (लाख में) | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60 प्रतिशत (अधिकतम 3.60 लाख रू0 होगा शेष राशि लाभुक को स्वयं वहन करना होगा) | 01 | |

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड एवं उनके सदस्यों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। मत्स्य लाभुकों/विक्रेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया जायेगा। लाभुक अपने इच्छा अनुसार चार पहिया भार वाहक वैन क्रय कर सकते हैं।
2. आवेदक/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो (विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
3. आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जायेगा कि आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है।
5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
6. वाहन का निबंधन कराने एवं निर्धारित दर/शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जायेगा।
7. चयनित लाभुक को Escrow Account खोलते हुए अपना अंशदान उसमें जमा करना होगा इस हेतु चयन के उपरांत 1 माह के अन्दर Escrow Account में राशि जमा करना होगा।
8. लाभुक का चयन जिला स्तर पर गठित समिति के द्वारा किया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी

PR 327882 Fish(24-25).D

# चडरी चरण पहाड़ को पर्यटक क्षेत्र बनाने पर चर्चा

**धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है चडरी चरण पहाड़**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित चडरी चरण पहाड़ जयडीहा में ग्राम प्रधान धनेश्वर करमाली की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें धार्मिक आस्था से जुड़ी व मां दुर्गा की पदचिन्ह वाली चडरी चरण पहाड़ को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि ग्रामप्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने कहा एनएच-20 रांची रामगढ़ पथ से लगभग सात किमी दूर जंगल व पहाड़ से घीरे खूबसूरत वादियों के बीच स्थित चडरी चरण पहाड़ धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। चडरी चरण पहाड़ के विकास से क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध होने के साथ समाजिक विकास भी होगा। बैठक में उपस्थित कई लोगों ने भी अपने विचार दिए। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चडरी चरण पहाड़ को विकसित करने को प्रशासनिक अधिकारी से लेकर विभागीय मंत्रालय तक संपर्क स्थापित किया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, रामशरण बेदिया, राजबली गंझू, सुखदेव बेदिया, बुद्धेश्वर बेदिया, रमेश बेदिया, पंसस प्रवेश भोगता, परसा बेदिया, गुलचंद बेदिया, जयडीहा के वार्ड सदस्य, बुद्धिजीवी सहित कई गणमान्य ग्रामीणों लोग उपस्थित थे।



ओरमांझी के चडरी चरण पहाड़ को निहारते बैठक में उपस्थित लोग।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL DIVISION, RANCHI**

**Very Short Tender No.-01 of 2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 3 | Last date of sale of B.O.Q. | 06.07.2024 up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date and time of receipt of tender | 08.07.2024 up to 3.00 P.M |
| 5 | Date and time of opening of tender | 08.07.2024 at 3.30 PM. in Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 6 | Place of sale of B.O.Q. | • Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi. |
| 7 | Name of Office where receipt of tender | • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 8 | Contact No | Contact :- 0651-3577997, 9431161242 e-mail :- dwsdmechranchi@gmail.com |

| Group | Name of work | Estimated Cost (in Rs) | Earnest money (In Rs) | Cost of Tender Document. Non-Refundable. (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Providing Pump Driver - 5 Nos. (Outsource) for operation & maintenance work through outsourcing agency at different Government building water supply scheme under D.W& S. Mechanical Division, Ranchi. | 856270.00 | 17200.00 | 1250.00 | up to 31st March 2025 |
| B | Making arrangement for providing 2 nos. pump operator (Semi-Skilled) through outsourcing agency for operating pump set at T.B. Sanatorium Itki Ranchi under D.W. & S. Mechanical Division Ranchi. | 342508.00 | 6900.00 | 750.00 | up to 31st March 2025 |
| C | Making arrangement for providing pump driver 3 nos, (outsource) for RINPAS Kanke water supply under D .W. and S. Mechanical Division Ranchi. | 513762.00 | 10300.00 | 1250.00 | up to 31st March 2025 |

नोट – 1. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
2. ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

PR 327953 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

# चरकुडीह गांव का आंगनबाड़ी भवन जर्जर, दुर्घटना की आशंका

**आवारा जानवरों का बन गया है डेरा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेन्दा पंचायत के चरकुडीह गांव का आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में है। आंगनबाड़ी केंद्र का का छत कई जगह से गिरने की स्थिति में है। केंद्र में एक भी दरवाजा और खिड़की सही नहीं है। जिस कारण कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका जतायी जा रही है। दरवाजा नही होने का कारण कभी भी आवारा कुत्ता बैल बकरी प्रवेश कर डेरा जमा लेते है। केन्द्र में बाथरूम बनाया गया थाए लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण बर्बाद हो चुका है। केंद्र का बाउंड्रीवाल भी गिर चुका है। पानी का कोई व्यवस्था नहीं है। केन्द्र में सोलर टंकी तो लगी है, लेकिन मशीन का कहीं आता.पता नहीं है। विभाग के पदाधिकारी कभी भी केन्द्र का निरीक्षण नहीं करते हैं। सेविका द्वारा केंद्र का मरम्मत का आवेदन कई बार दिया गया है। इधर सोनाहातू प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेस कुमार का कहना है कि वर्तमान में आंगनवाड़ी भवन जर्जर होने के कारण किराए के मकान में चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका लखीमनी देवी का कहना है कि करीब 1 साल से सहायिका का घर में आंगनवाड़ी केंद्र चलाया जा रहा है। विभाग में सीडीपीओ को इस विषय पर आवेदन भी दिया गया था परंतु अभी तक कुछ कार्रवाई नहीं हुई है प्रत्येक महीना इसका रिपोर्ट भी दिया जा रहा है। सेविका का कहना है कि 1 साल से सहायिका का घर में केंद्र चलाया जा रहा है लेकिन अभी तक किसी भी तरह का मकान का किराया नहीं मिला है। आखिर आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर किराया किसको दिया जाता है। जानकारी नहीं दिया जाता है।



# नये कानून का स्वागत

तीन नये आपराधिक कानून, अर्थात् भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (बीएसए) 1 जुलाई, 2024 से लागू होने जा रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने आपराधिक प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से बनाए गए नए कानूनों की सराहना की है और उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जबकि कानूनी बिरादरी के एक वर्ग ने इन कानूनों के कुछ प्रावधानों की अनिश्चितता, अस्पष्टता और संवैधानिकता के बारे में गम्भीर चिंता जताई है। विपक्षी राजनीतिक दल मांग कर रहे हैं कि नये अधिनियमों को तब तक स्थगित रखा जाना चाहिए जब तक कि लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य उनकी संस्तुति नहीं कर देते। उनका तर्क है कि ये कानून संसद में बिना किसी सार्थक बहस के जल्दबाजी में पारित कर दिए गए थे, क्योंकि अधिकांश विपक्षी सदस्य निलम्बित थे। नए आपराधिक कानूनों की वैधता के बारे में इतनी देरी से चिन्ता व्यक्त करना अवसरों को गंवाने के अलावा और कुछ नहीं है, ये कानून तीन साल की लम्बी परामर्श प्रक्रिया और हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बनाए गए थे। इसके बाद गृह मंत्रालय की संसदीय समिति द्वारा इन कानूनों की गहन जांच की गई थी। यहां तक कि दो अलग-अलग अवसरों पर सार्वजनिक नोटिस के जरिए जनता से सुझाव भी मांगे गए थे। सरकार इनमें से किसी भी मांग के आगे नहीं झुक रही है और कानूनों को लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित दिख रही है। न्याय प्रकिया को तेज करना समय की मांग है लेकिन सरकारी अव्यवस्था को कर्मचारियों और जजों की कमी पुलिस महकमा की कठिनाई पर विशेष ध्यान दिया जाने की आवश्यकता है।

# विनिवेश पर शोर

हम जिस विनिवेश या निजीकरण की शोर से परेशान है वह मात्र शोर ही है या उसमें कुछ विकास कर पाने का दम भी है। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। सही में किसी विनिवेशीकरण का देश में बोलबाला होगा ऐसा सोचना बेईमानी है। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है।

एक शब्द में कहें तो इनमें से अधिकांश बैंकों के पास पूंजी की भारी कमी है और उन पर ऋण का भारी बोझ है। उनके लिए इस स्थिति से आजाद हो पाना खासा मुश्किल होगा, लिहाजा उनकी ब्रिक्री के अलावा कोई चारा नहीं होगा। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है। सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश सरकारी बड़ें उद्योग वैश्वीकरण के प्रतिस्पर्धा में पिछड़कर विनिवेश के लायक नहीं होंगे तब क्या होगा? आखिर निजीकरण की शर्तों को गंभीरता से समझने और उसके पालन होने की बिंदुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति लंका और पाकिस्तान जैसी न हो।

# शिव तत्व

धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**लिंग** पूजा का विधान शिव के साकार विग्रह की उपासना से भी अधिक प्राचीन है।शिवलिंग परमशिव का प्रथम व्यक्त प्रतीक है। जब संसार में कुछ नहीं था, तब निराकार ने स्वयं को लिंग रूप में प्रकट किया। अतः शिवलिंग संसार का प्रथम दैवीय प्रतीक, ईश्वरीय प्रतीक माना गया है। भूलना नहीं कि शिव और शिवा एक हैं, जैसे लकड़ी में अग्नि छुपी रहती है वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व छुपा है। जैसे जल में तरलता है, वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व है। ये दोनों एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं। जैसे शरीर में बल है, लेकिन छुपा है, जब आवश्यकता होती है, तब शरीर में बल प्रकट होती है। उगर एक गिलास उठाना हो, तो गिलास उठाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, प्रकट होगी। अगर एक टेबल को उठाना हो तो टेबल उठाने के लिए शक्ति शरीर में, मांसपेशियों में प्रकट होगी। अगर अलमारी को हिलाना हो तो अलमारी हिलाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, उतनी प्रकट होगी। शक्ति हमेशा शरीर के भीतर सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती है। उसी प्रकार शिव तत्त्व के भीतर शिवा तत्त्व सूक्ष्म रूप में हमेशा विद्यमान रहता है। यह शिवलिंग उसी शिव और शक्ति के स्वरूप का परिचायक है। लिंग जिस पर स्थापित है, उसे अर्घा या पीठ कहते हैं। वह अर्धा शक्ति का स्वरूप है। लिंग नाम क्यों दिया गया है? लिंग साक्षात परमशिव का प्रतीक है और लय का अधिष्ठान होने के कारण उसको लिंग कहते हैं। जब सारी सृष्टि विलीन हो जाता है, समाप्त हो जाती है।

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता से लागू करें यह जरूरी है। **–रोहित शर्मा, रांची**

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाता।**–शिवकुमार, गढ़वा**

# गंगा को देश का पर्यावरण मानक माने



**नदियों** के अविरल-निर्मल पक्ष की अनदेखी करते हुए उनकी लहरों पर व्यावसायिक सवारी के लिए जलमार्ग प्राधिकरण। पत्थरों के अवैध चुगान व रेत के खनन के खेल में शामिल खुद शासन-प्रशासन के नुमाइंदे। गंगा की जमीन पर पटना की राजेन्द्र नगर परियोजना। लखनऊ में गोमती के सीने पर निर्माण। दिल्ली में यमुना की जमीन पर विद्युत संयंत्र, अक्षरधाम, बस अड्डा, मेट्रो अड्डा, रिहायशी-व्यावसायिक इमारतें आदि आदि। प्रकृति विरुद्ध ऐसे कृत्यों के दुष्परिणाम हम समय-समय पर भुगतते रहते हैं; बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा खुद अपने तथा समय-समय पर अदालतों द्वारा तय मानकों, कानूनों, आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ाने के काम जारी हैं। इसकी ताजा बानगी दो खास सड़क परियोजनायें हैं: चारधाम और गंगा एक्सप्रेस-वे।

**चारधाम ऑल वेदर रोड : मानकों की अनदेखी**

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के मुख्य तीर्थ यही हैं। ये चारों धाम क्रमशः अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना के उद्गम क्षेत्र में स्थित हैं। चारों धामों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की गति तेज करने के लिए चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना नियोजित की गई है। परियोजना के नियोजक, परियोजना की सड़कों को 12 मीटर चौड़ा करने की जिद्द पर अड़ें हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी ने चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सड़कों की चौड़ाई को 5.5 मीटर तक सीमित करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश का आधार, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2018 को जारी एक परिपत्र है। जबकि केन्द्र सरकार ने अपने ही परिपत्र को यह कहते हुए नकार दिया है कि परिपत्र भविष्य की परियोजनाओं पर लागू होता है, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर नहीं।

**हिमालयी हितों पर भारी निजी हित**

पूछने लायक सवाल है कि यदि परिपत्र में दिए मानकों का मंतव्य पर्यावरणीय क्षति को न्यून करना है तो फिर उन्हे लागू करने के लिए वर्तमान और भविष्य में भेद करने का औचित्य ? ऐसे में सत्तारुढ़ दल पर किसी खास के हितों के लिए पर्यावरणीय हितों की अनदेखी का आरोप लगे तो क्या गलत है ?



**-अरुण तिवारी**

> गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।

गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है। उत्तराखण्ड शासन भी पर्यावरण संबंधी मानकों व वैज्ञानिक आधारों की बजाय, बहुमत-अल्पमत आधारित राय का राग अलाप रहा है, मामला विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य को जारी रखे हुए है। श्रीनगर गढ़वाल से मुनि की रेती तक के नदी तटीय क्षेत्रों पर कुछ प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना जारी कर जरूर दी गई है, किंतु निमार्ता एजेन्सियां भी निर्माण के दौरान मलवे को नदी भूमि पर डंप करने से नहीं चूक रही। वन कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए दरख्तों को काटने से भी उन्हे कोई परहेज नहीं है। जल-विद्युत परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के दौरान हिमालयी हितों की अनदेखी पहले से जारी है ही।

यह उत्तराखण्ड की सरकार ही है, जो अपने ही प्रदेश में जन्मी यमुना-गंगा को जीवित मानने वाले अपने ही प्रदेश के हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। क्या प्रकृति हितैषी कदमों को दलों के आने-जाने अथवा कारपोरेट स्वार्थों से प्रभावित होना चाहिए ? नहीं, किंतु भागीरथी घाटी को पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील घोषित करने वाली अधिसूचना के मूल मंतव्य की अनदेखी कर तैयार जोनल मास्टर प्लान इसी रवैये का प्रदर्शन है। राज्य के एकमात्र शिवालिक हाथी रिजर्व संबंधी लागू अधिसूचना को भी रद्द करने की तैयारी की खबरें भी अखबारों में है। क्या हम यह बर्दाश्त करें कि ये सभी न तो वर्ष उत्तराखण्ड आपदा-2012 के कारण हुए भयावह नुकसान के कारणों से कुछ सीखने को राजी हैं और न ही भूगर्भीय प्लेटों में बढ़ती टकराहटों से संभावित विध्वंसों की आहटों से तिस पर मजाक करता यह बयान कि शासन गंगा की अविरलता-निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है !!

दुःखद है कि गंगा का उपहास सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। गोमती किनारे लखनऊ के बाद, अब मथुरा में राया नगर बसाने के बहाने यमुना रिवरफ्रंट योजना को क्या कहें ? गोमुख की चाहे एक बूंद, प्रयागराज न पहुंचती हो, लेकिन राजनैतिक बयान गोमुख से प्रयागराज को सड़क मार्ग से जोड़ने के शासकीय इरादे पर अपनी पीठ ठोंक रहे हैं। इस इरादे को पूरा करने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू हो गया है।

**पुनः प्रस्तुत गंगा एक्सप्रेस-वे**

गौर कीजिए कि गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2007 में अस्तित्व में आया था। तब इसका रूट नोएडा से बलिया तक 1047 किलोमीटर लंबा था। सर्वप्रथम इसे उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ रोकने के उपाय के रूप में प्रस्तावित किया गया था। विरोध होने पर लोक निर्माण विभाग ने इसे सड़क के रूप में प्रस्तावित किया था। गंगा-यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण बाद में अस्तित्व में आया। कर्जदाता विश्व बैंक ने इसमें खास रुचि दिखाई। कालातंर में गंगा एक्सप्रेस-वे को गंगा के लिए नुकसानदेह मानते हुए उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इसकी पर्यावरणीय मंजूरियों को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही इसका काम ठ्प्प पड़ गया।

अब योगी सरकार ने गंगा से 10 कि.मी. की दूरी पर निर्मित करने के बदलाव के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर दिया है। मुआवजा राशि को भी पहले से कई गुना ज्यादा कर दिया गया है।

खास बात

## सौ साल जीन के लिए क्या करें क्या नहीं

**सुधांशु कुमार**

दुनिया में 4,50,000 लोग ऐसे, हैं जो अपनी आयु का सैकड़ा लगा चुके हैं। आने वाले दिनों में उम्र की सेंचुरी लगाने में सफल होने वाले लोगों की संख्या और भी बढ़ सकती है। अगर आप में भी ऐसी आदतें हैं, तो सौ का आंकड़ा छूना आपके लिए ज्यादा कठिन नहीं होगा।

**सोशल सर्किल बड़ा होना**

आप अनजान लोगों से भी आसानी से घुल-मिल जाते हैं, अपने सहकर्मियों के साथ जिंदादिली से मिलते हैं, रिश्तेदारों के साथ मिलते-जुलते रहते हैं, दोस्तों के साथ जमकर ठहाके लगाते हैं और परिवार के सदस्यों के साथ स्नेह रखते हैं, तो आपके शतकवीर होने की संभावना काफी ज्यादा है। जॉन्स होपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में जेरियाट्रिक मेडिसिन वरिष्ठ प्रोफेसर जेरेमी वाल्सटन कहते हैं, अकेले और गुमसुम रहने वाले लोग अक्सर बीमार रहने लगते हैं। दीघार्यु लोगों की खोज और उन पर अध्ययन करने के लिए दुनिया भर की सैर कर चुके नेशनल ज्योग्राफिक के शोधकर्ता डैन बटनर कहते हैं, इटली के सरडीनिया में सौ साल में आयु पार कर चुके लोगों की बड़ी संख्या है और ये लोग दोस्ती और जिंदादिली के कारण ही स्वस्थ और खुश रहते हैं। जब भी कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, उसका पड़ोसी तुरन्त उसके पास पहुंच जाता है।

**अगर ढूंढ लिया है जीने का मकसद**

जो किसी मकसद से जीते हैं और किसी लक्ष? की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं, उनमें जिंदगी के प्रति उमंग रहती है। ऐसे लोग मानसिक व शारीरिक रूप से क्रियाशील रहते हैं। ये अक्सर लम्बी आयु के स्वामी होते हैं।

अगर कमर है काबू में


शोधों के नतीजे बताते हैं कि जिन महिलाओं के कमर का माप 37 इंच या उससे ज्यादा था, 40 वर्ष का उम्र के बाद उनकी आयु दूसरी महिलाओं यानी 27 इंच या कम कमर वाली की तुलना में 5 वर्ष तक कम हो सकती है। इसी प्रकार 35 इंच या कम कमर की माप वाले पुरुषों की तुलना में 43 इंच या उससे ज्यादा कमर के घेरे वाले पुरुषों की आयु में तीन साल तक की कटौती हो सकती है।

**मनुष्य** का अहंकार उसके जीवन की प्रगति और आध्यात्मिक पथ में सबसे बड़ी बाधा है। इसलिए सरल, विनम्र और सदाचारी बनें। जीवन की सुंदरता सरलता और विनम्रता में निहित है।
**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आपके ट्वीट

इंडिया के सहयोगियों का मुझपर भरोसा जताने के लिए दिल से धन्यवाद।
विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है - यह आपकी आवाज बन कर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।
**– राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**





**जिनके** दिल में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जिनमें लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता है, ऐसे युवाओं से मेरा आह्वान है कि वो आगे आएं और बीजेपी के माध्यम से देश की सेवा में जुट जायें।
**–नरेन्द्र मोदी**

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी और परामर्श का महत्व

**अवनी प्रसाद**

**हमारे** समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी एक गंभीर समस्या है। बहुत से लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं होती या फिर वे शर्मिंदगी महसूस करते हैं। इस लेख में हम मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, परामर्श की गोपनीयता और इसकेफायदों के बारे में चर्चा करेंगे। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी बहुत से लोग मानसिक स्वास्थ्यसमस्याओं को स्वीकार नहीं करते। वे सोचते हैं कि यह कमजोरी या पागलपन का संकेत है। वास्तव में, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ किसी भी व्यक्ति को हो सकती हैं, और इनका इलाज संभव है। जागरूकता की कमी के कारण लोग सही समय पर मदद नहीं ले पाते, जिससे समस्याएं और बढ़ जाती है।

मदद लेने में शर्मिंदगी हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर बात करने से लोग कतराते हैं। उन्हें डर लगता है कि लोग क्या कहेंगे। लेकिन, यह समझना जरूरी है कि मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शारीरिक स्वास्थ्य का। किसी विशेषज्ञ से मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी का परिचय है। कब मिलें एक मनोवैज्ञानिक(साइकोलॉजिस्ट) से अगर आप निम्नलिखित लक्षणो मेसे किसी का अनुभव कर रहे हैं, तो आपको एक मनोवैज्ञानिक से मिलना चाहिए:

### इन लक्षणों से प्रभावित है तो मनोवैज्ञानिक से अवश्य मिलें, गोपनीयता का

स्वास्थ्य

### विशेष ख्याल रखा जाता है

* लगातार उदासी या निराशा,महसूस करना, * जीवन में रुचि या आनंद की कमी,अत्यधिक चिता या डर नींद की समस्या,आत्मविश्वास की कमी,आत्महत्या के विचार,अचानक मूड में बदलाव,खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने का विचार सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना,काम या पढ़ाई में ध्यान केंद्रित,करने में कठिनाई,अत्यधिक गुस्सा या,चिडचिडापन,भोजन की आदतों में बदलाव (ज्यादा खाना या भूख न लगना) शारीरिक लक्षण जिनका कोई,मेडिकल कारण न हो (जैसे सिरदर्द या पेटदर्द),नशे की लत या अत्यधिक,शराब पीना,भावनात्मक रूप से अस्थिर महसूस करना,* वैवाहिक जीवन में तनाव और,पारिवारिक विवाद परामर्श सत्रों में गोपनीयता काविशेष ध्यान रखा जाता है। आपकी बातें और समस्याएँ पूरी तरह से गोपनीय रहती हैं। आपका मनोवैज्ञानिक (साइकोलॉजिस्ट) आपकी अनुमति के बिना किसी से भी आपकी जानकारी साझा नहीं करेगा। यह गोपनीयता आपको अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करने का सुरक्षित माहौल देती है।

### परामर्श के फायदे

मनोवैज्ञानिक (साइकोलॉजिस्ट) से परामर्श लेने के कई फायदे है.
समस्याओं को समझाने में मदद
**मानसिक तनाव कम होता है**
**आत्मविश्वास बढ़ता है**
*** जीवन में संतुलन और खुशहाली आती है**
*** समस्याओं का समाधान**
*** संबंध सुधार**
*** भावनाओं को व्यक्त करने का सुरक्षित स्थान मिलता है**
*** स्वस्थ विचार और व्यवहार अपनाने में मदद मिलती है**
*** व्यक्तिगत विकास और आत्मसमझ बढ़ती है आधुनिक और प्रभावी उपचार विधियाँ प्राप्त होती है, भावनात्मक समर्थन मिलता है,** समर्थन समूहों से जुड़ने के अवसर बच्चों और किशोरों के लिए विशेष परामर्श (लेखक मनोवैज्ञानिक (साइकोलॉजिस्ट) हैं।)

# 2024 का संदेश: हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और जन कल्याणवाद वोट बटोरने के औजार नहीं

**देवाशिष बसु**

सामयिक

**मोदी** का एक रूप प्रधानमंत्री कार्यालय से देश का प्रशासन चलाता है तो दूसरा जीवन से भी अपनी बड़ी छवि अपनाकर राजनीतिक अभियानों के माध्यम से वोट बटोरने में निरंतर जुटा रहता है। पिछले दस वर्षों तक यह रणनीति कारगर रही।

एक राजनीतिज्ञ के रूप में मोदी ने हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और जन कल्याणवाद के नाम पर अधिकांश चुनावों में विजय पताका फहरा दिया। इस अभियान में उनकी पार्टी का भी उन्हें पूरा सहयोग मिला।

मोदी के कार्यकाल में ब्याज दरें औसत स्तर पर रहीं, राजकोषीय घाटा नियंत्रण में था, अप्रत्यक्ष कर एवं शुल्कों में भारी बढ़ोतरी हुई और भारी भरकम आधारभूत परियोजनाएं शुरू करने पर राजस्व का एक बड़ा हिस्सा खर्च किया गया।

शेयर बाजार भी सरकार के कदमों के साथ ताल मिलाता रहा और शहरों में रहने वाले तथाकथित संभ्रांत लोग मोदी के हरेक नारों एवं विचारों को बिना किसी झिझक के स्वीकार करते रहे। इन लोगों को इससे भी फर्क नहीं पड़ा कि मोदी ने कितनी ही बार मुख्य मुद्दे ही बदल दिए और पुराने नारों की जगह नए नारों में लोगों का ध्यान भटकाते रहे।

इन लोगों को पूरा विश्वास था कि 2024 के आम चुनाव में मोदी भारी जीत दर्ज करने जा रहे हैं। मगर चुनाव के नतीजे अधिकांश लोगों के लिए चौंकाने वाले थे और यह भी साबित हो गया कि पिछले 10 वर्ष अपवाद थे और जो हो रहा था उसका सिलसिला जारी नहीं रह सकता।

पिछले 25 वर्षों का नियम-गठबंधन राजनीति-फिर केंद्र में लौट आया है। इस लोकसभा चुनाव से पहले राजनीति अहमियत नहीं रखती थी। यह मान लिया गया था कि मोदी की लोकप्रियता ने यह प्रश्न ही नकार दिया है कि देश की बागडोर कौन संभालेगा। राजनीति एक बार फिर राजनीतिक अर्थव्यवस्था में प्रवेश कर गई है।नरसिंह राव सरकार से लेकर जनता दल के साथ हुए प्रयोग और बाद में भारतीय जनता पार्टी और फिर 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के साथ भी यही बात दिखी। क्या गठबंधन राजनीति अर्थव्यवस्था के लिए बाधा है? क्या कथित तौर पर स्वेच्छाचारी मोदी गठबंधन सरकार चला सकते हैं? इन प्रश्नों के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ मजबूत तर्क मौजूद हैं।

परंतु, इनका कोई सीधा उत्तर हम नहीं जानते हैं। हां, इतना जरूर जानते हैं कि उन प्रश्नों के उत्तर अधिक महत्त्वपूर्ण है। मतदाताओं ने साफ संकेत दिए हैं कि हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और जन कल्याणवाद वोट बटोरने के औजार नहीं रह गए हैं। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद किसी के लिए दो वक्त की रोटी का प्रबंध नहीं कर सकते। जन कल्याणवाद न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।मगर इंस्टाग्राम, फेसबुक और मनोरंजन धारावाहिक देख कर महत्त्वाकांक्षी जीवन-शैली का आदी हो चुका कौन सा मतदाता इस न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति भर होने से संतुष्ट हो सकता है?ऐसा प्रतीत होता है कि मीम, लोगों का ध्यान खींचने वाले वाक्यांश, अनुप्रास वाले शब्द गढ़ना, चतुराई वाले संक्षेप अक्षर, योजनाएं और अच्छे दिन, ह्यअमृत कालह्ण और विकसित भारत जैसे नारों के दिन अब लद गए हैं। लोग इनसे अब प्रभावित नहीं हो रहे हैं क्योंकि केवल इनसे उनका काम चलने वाला नहीं है, उनकी ख्वाहिशें कहीं अधिक हैं।किसान कृषि उत्पादों का अधिक मूल्य चाहते हैं, युवा रोजगार चाहते हैं, एक मां अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा चाहती है और श्रमिक अपने काम का अधिक पारिश्रमिक चाहते हैं। क्या कोई राजनीतिक दल या गठबंधन ये मांगें पूरी कर सकता है?जब मोदी वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बने थे उन्होंने वादों की झड़ी लगा दी थी। उनमें एक वादा यह भी किया गया था कि किसानों को उनकी उत्पादन लागत के आधे से अधिक हिस्से के बराबर तक मुनाफा प्राप्त होगा।वर्ष 2016 में उन्होंने इससे भी बढ़कर एक बात कह दी। मोदी ने कहा कि छह वर्षों में किसानों की आय दोगुना हो जाएगी। ये वादे न केवल खोखले निकले बल्कि उन्होंने आनन-फानन में संसद में तीन कृषि विधेयक पारित कराने का भी प्रयास किया। किसान इससे आग बबूला हो गए।

मगर सरकार ने सख्त रुख अपनाया और किसानों को रोकने के लिए सड़कों पर गड्ढे खोदने से लेकर तमाम रुकावटें तैनात कर दीं।

एक नजर में

## मेरू कैंप पहुंचे बीएसएफ के अपर महानिदेशक



दारू । टी. नामग्याल (भापुसे), अपर महानिदेशक/निदेशक, सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को मेरू परिसर स्थित शान–ए–मगध में पहुंचे, केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय नें उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजेश कुमार उप महानिरीक्षक (एसटीएस), राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), डीके प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर महानिदेशक ने पर्यावरण पार्क के अतंगर्त शोभा डैम, वृंदावन झील से जल संग्रह का जायजा लिया, वन्य प्राणियों की मनमोहक क्रिया व प्रकृति द्वारा प्रद्धत नैसर्गिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। तत्पश्चात अपर महानिदेशक को विशिष्ट प्रशिक्षण विद्यालय के पी0टी0समूह के अनुदेशको द्वारा फिजिकल ट्रेनिंग व कमांडो समूह के अनुदेशकों द्वारा आर्टीफिशियल वॉल पर बिल्डिंग स्केलिंग तकनीकह्व का प्रदर्शन दिखाया गया। परिसर स्थित शान–ए–मगध में आगमन पर अपर महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। अपर महानिदेशक ने परिसर स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व परिसर में पौधारोपण भी किया।

## आमसभा में आंगनवाड़ी सहायिका का चयन

बड़कागांव। महगांईकला पंचायत के महगांई कला हरिजन टोला में सहायिका के लिए आम सभा किया गया। 9 उम्मीदवारों ने आवेदन दिया जिसमें बारी–बारी से सभी उम्मीदवारों के योग्यता का प्रमाण पत्र देखा गया जिसमें अनु कुमारी सबसे ज्यादा योग्यता धारी पाई गई। अनु का चयन सहायिका के पद पर हरिजन टोला महगांई कला आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में हुआ। यह आंगनबाड़ी केंद्र अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था।चयन प्रक्रिया में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया बेबी कुमारी,पसस सुनीता देवी, सुपरवाइजर बेबी कुमारी,बीपीओ हीरो महतो, मध्य विद्यालय महगांई कला प्रधानाध्यापक पन्नालाल राम, वार्ड सदस्य ननकू राम,जामुन साव, सेविका किरण देवी,रोहित साव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## राशन कार्ड से नहीं हटा मृतकों का नाम

टाटीझरिया । हजारीबाग जिला अंर्तगत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2005 ज्ञापांक संख्या 598 के तहत हजारीबाग जिला के डीसी नैंसी सहाय ने विभागीय आदेश पत्र जारी कर कहा कि पीएचएच एवं अंत्योदय योजना के लाभुक तथा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अच्छादित लाभुकों का राशनकार्ड बना हुआ है। राशन कार्ड में ऐसे राशन कार्ड सदस्य है जिनकी मृत्यु हो चुकी है तथा राशन कार्ड से नाम नही अब तक नही हटाया गया । मृत सदस्यों का राशन उपलब्ध कराया जाना लक्षित जन वितरण प्रणाली के नियंत्रित विरुद्ध है। उन्होंने जिले के सभी प्रखंड एमओ को बुधवार को आदेश दिया कि अपने अपने प्रखंड में जन वितरण प्रणाली दुकानदारो के माध्यम से राशन कार्ड में मृत सदस्यों की सूची तैयार कर जांच के बाद विहित पत्र को 15 जुलाई 2024 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

## पदमा पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

पदमा। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशानुसार पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने थाना के समीप एनएच–33 में चलाया। दो पहिया वाहन चेकिंग जिसमे बिना हेलमेट पहने चल रहे लगभग तेईस वाहन को थाना परिसर में लाया।

## इचाक में मेहता समाज की बैठक

इचाक। प्रखंड के बोधि बागी में मेहता समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद मेहता ने किया जबकि संचालन राजेंद्र मेहता ने किया।बैठक मुख्य रूप से कुरुहा में घटित घटना पर चर्चा किया गया। इस कुकृत घटना में दर्जनों लोग सामिल होने के बाद भी मात्र 6 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। इस पर सदन नाराजगी जताते हुए आंदोलन की बात कही गई।जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा अभी भी कुछ आरोपी , पुलिस की गिरफ़्तारी से बाहर है। जिससे समस्त इचाक वाशी निंदा कर रही है। शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कारवाई करे प्रशासन। युवा नेता गौतम कुमार ने बताया की पहले तो यह घटना को पैसे के बदौलत दबाने का भरपूर प्रयास किया गया ये बात सब समझ चुके है। अगर अभी भी हमलोग एकजुट होकर निष्पक्ष जांच नहीं करवाते हैं और कड़ी सजा नही दिलवाते हैं तो समाज में ऐसी कई घटना दुबारा घट सकती है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने बताया की मामले को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से सीबीआई जांच पड़ताल हेतु मांग की कि मृतक राहुल के चाचा महरू मेहता ने कहा की घटना किसी भी तरह से बर्दास्त करने लायक नहीं है। आरोपी को सख्त कार्रवाई हो। कांग्रेस नेता दिगंबर मेहता ने कहा कि जो आरोपी अभी भी पकड़ से बाहर हैं उन्हे गिरफ्तार करने के लिए आवाज बुलंद करना होगा। बैठक में जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता,सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता,ओमप्रकाश मेहता,मुखिया संगीता देवी समेत सैकड़ो लोग हुए शामिल


## आरएनवाइएम कॉलेज में छात्रों को दी गयी विदाई

बरही : रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही में स्नातक सेमेस्टर सिक्स के विद्यार्थियों का विदाई सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सूरज कुमार पांडेय ने प्रधानाचार्य डॉ बिमल किशोर को बुके देकर उनका स्वागत किया। विदाई समारोह में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भाषण, नृत्य, संगीत, और नाटक शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में 25 बच्चों को मिला शिक्षण सामग्री

**बरही।** विजैया पंचायत के वार्ड नंबर आठ में एक सहयोग आपका फाउंडेशन के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में 25 बच्चों को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया। पूर्व जिला परिषद ने कहा कि यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य कर रहे हैं वह अति उत्तम है। इस तरह का कार्यक्रम करने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता आएगी। वहीं पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने कहा की संस्था एक सहयोग आपका फाउंडेशन के सभी कार्यकताओं को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं जो सुदूरवर्ती क्षेत्र गुडियो विजय में आकर इस तरह का कार्यक्रम होने से बहुत लाभ होगा।

## कुजू : जमस के तीन सदस्य निष्कासित



**कुजू।** जनता मजदूर संघ (जमस)की बैठक बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय नयामोड़ में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो व संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू ने किया। 2024 में सभी परियोजना में सदस्यता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया। इधर संगठन को तोड़ने के लिए गलत गतिविधियों में शामिल होने लोगों को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संगठन तोड़ने वाले करमा परियोजना शाखा अध्यक्ष ललन यादव, सारूबेड़ा शाखा अध्यक्ष राजेश यादव, जीएम यूनिट के संगठन मंत्री रोहन महतो को संघ से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जगदीश महतो ने कहा कि संगठन के साथ खिलवाड़ करने वाले को संघ में रखना कभी बर्दाशत नहीं किया जायेगा। बैठक में नंदकिशोर प्रसाद, राजेंद्र महतो राजू, कंचन सिंह, राजकुमार दास, रंजीत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, बिगन राम, विकास कुमार, आफताब हुसैन, अख्तर हुसैन, धनेश्वर महतो, राजकुमार महतो, मेघलाल मंडल, झुनकु सिंह, तालो मांझी, ब्रह्मदेव राम आदि मौजूद थे।

### नीट-यूजी पेपर लीक मामले में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से सीबीआइ की पूछताछ जारी

# कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग । नीट पेपर (यूजी) लीक मामले को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की जांच गुरुवार को भी हजारीबाग में जारी है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक से सीबीआई की टीम लगातार पूछपताछ कर रही है। 26 घंटे से अधिक समय से प्रिंसिपल सीबीआई की कस्टडी में है। गुरुवार को स्कूल में पूछताछ के बाद सीबीआई की टीम प्रिंसिपल को फिर से चरही गेस्ट हाउस ले गई। लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक ओएसिस स्कूल में जांच करने के बाद टीम उन्हें साथ में ले गई है।गेस्ट हाउस में भी प्रिंसिपल से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि इससे पहले बुधवार से ही सीबीआई की टीम स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ कर रही है। बुधवार को शाम के 5:00 बजे के आसपास उन्हें स्कूल से चरही गेस्ट हाउस ले जाया गया था। गुरुवार को सुबह 11:00 बजे के आसपास सीबीआई की टीम फिर से स्कूल के प्रिंसिपल को लेकर मड़ई रोड स्थित स्कूल आई थी। इसके बाद लगभग 1:00 बजे के आसपास फिर से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को चरही ले गयी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआई को कुछ अहम जानकारी हाथ लगी है। सीबीआई की टीम ने प्राचार्य को अपने कस्टडी में रखा है। ज्ञात हो की बिहार इओयू की टीम 22 जून को हजारीबाग आई थी। टीम ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान कई जानकारियां जुटाई गईं। कई लोगों के बयान भी दर्ज किए गए थे। गौरतलब है कि नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग में चार केंद्र बनाए गए थे। जिसमें से एक केंद्र के लड़के ने टॉप किया है। जांच टीम के हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में आने की वजह यह है कि एक जली हुई प्रश्नपत्र बुकलेट का सीरियल नंबर इस ओएसिस स्कूल की बुकलेट से मेल खा रहा था। इसके बाद से नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई की टीम पिछले कई दिनों से हजारीबाग में जांच कर रही है। बुधवार को फिर से टीम ने अपनी जांच आगे बढ़ाई। बुधवार को सीबीआई की टीम ओएसिस स्कूल पहुंची, एसबीआई बैंक भी पहुंची। दिन भर टीम ने स्कूल में जांच की। प्रिंसिपल एहसान उल हक से टीम ने पूछताछ की। वहीं एसबीआई के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई। 26 जून को पूरे दिन सीबीआई की टीम ने स्कूल के परीक्षा के दिन सेंटर पर मौजूद 04 इन्विजिलेटर, एनटीए के 2 आब्जर्वर, दो डिप्टी सुपरीटेंडेंट, स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ की है। इसके बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में ब्रांच के कार्यालय में भी पूछताछ की गई है। वहीं जानकारी है कि ब्लू डार्ट कार्यालय के कर्मियों से भी 25 जून की बीते रात 1:00 बजे तक पूछताछ की गई और बुधवार को भी उनसे कई अहम जानकारी ली गई है। जानकारी के अनुसार सीबीआई ने कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किया है। स्कूल के कुछ स्टाफ से भी सीबीआई ने पूछताछ की तथा सभी को बांड भरवाकर छोड़ा। स्कूल के स्टाफ राहुल समेत एक महिला स्टाफ को सीबीआई की टीम पूछताछ के बाद सुबह 9:29 में छोड़ दिया है। दो स्टाफ है जिनसे सीबीआई सुबह से ही पूछताछ कर रही थी। इन दोनों से बॉन्ड लिखा कर छोड़ा गया है। कहा गया है कि अगर आगे जांच होगी तो उन्हें फिर से बुलाया जाएगा।

## ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट के लिए चार कराटेकार चयनित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शोतोकान कराते डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रिवर साईड वर्कर्स क्लब में दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह चयन शिविर लगा। शिविर में क्षेत्र से 10 ब्लैक बेल्ट कराटेकारों ने भाग लिया। इनमें से चार का चयन 30 जून को रांची में होने वाले ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट के लिए हुआ है। चयनित कराटकारों में योगेंद्र गंझू, आयुष कुमार, आदर्श कुमार और पावनी दाधीच शामिल हैं। इनका चयन शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के टेक्निकल डायरेक्टर एवं भुरकुंडा एरिया के मुख्य प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा सातवां डान ने किया। सिन्हा ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर माध्यम है, खास करके लड़कियों को कराटे का गुर जरूर सीखना चाहिए।

## भुरकुंडा में आचार्य अभ्यास वर्ग संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खोपड़िया बाबा धर्म शाला में गुरूवार को एकल अभियान भुरकुंडा संच का एक दिवसीय मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ अंचल महिला समिति की सचिव अनामिका श्रीवास्तव ने की। पतरातू प्रखंड के 30 गांवों के 30 आचार्यों ने हिस्सा लिया। वर्ग में जून माह में किए गए कार्यों की समिक्षा की गई। जुलाई में किए जाने वाले कार्य की योजना बनाई गई।

इस वर्ष भी एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा अक्टूबरमें खेल-कूद प्रतियोगिता कराने की योजना बनाई गई। इसके लिए 5 जुलाई 2024 तक प्रत्येक गांव से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित 10 से 16 आयु वर्ग के बच्चों का रजिस्ट्रेशन शुल्क 10 रुपया देकर सभी का रजिस्ट्रेशन करने की बात कही गई। साथ ही सभी विद्यालय में बच्चों एवं ग्राम समितियों के द्वारा सघन पौधारोपण कार्यक्रम करने पर सहमति जताई गई। मौके पर अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर ने उपस्थित सभी आचार्यों को अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता के लिए सभी विद्यालय व गांव में अधिक से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो एवं सभी गांव का भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने इस प्रतियोगीता में भाग लेने हेतु संच प्रमुख शान्ती देवी से सम्पर्क करने की बात कही। सचिव अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि एकल अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने आचार्यों से प्रत्येक गांव में संस्कार व शिक्षा देकर साप्ताहिक सत्संग प्रारंभ करने की बात कही।

## मनोज यादव ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही।** पड़ीरमा में बीते दिनों ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को दी। विधायक मनोज यादव ने बिजली विभाग से संपर्क किया। पूर्व विधायक के सौजन्य से पड़ीरमा में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा लगाया गया। इस दौरान 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर पाकर ग्रामीणों में काफी खुश और उत्साहित नजर आये। वहीं ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा फीताकाट कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का जिंदाबाद का नारा लगा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि बरही बिधानसभा क्षेत्र मेरे परिवार के तरह है। हर छोटे बड़े समस्या को निबटारा करना मेरा राज धर्म है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। उन्होंने बताया कि बिजली जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है।

## कुजू के सेवटा में अखंड हरिकीर्तन संपन्न

**कुजू।** सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 12वीं वर्षगांठ पर अखंड हरिकीर्तन धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। आचार्य विकाश कुमार पांडेय, मंदिर के पुजारी अयोध्या पांडेय, सुबोध पांडेय, सुनील पांडेय ने यजमान बने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू एवं पत्नी कौशल्या देवी को पूजा अर्चना कराया गया। इससे पूर्व अखंड दीप को गाजे - बाजे के साथ प्राचीन देवी मंडप लाया गया। बाद में भव्य भंडारा हुआ। मौके पर परमेश्वर साहू, भीम प्रसाद साहू, लखन प्रसाद, दिनेश प्रसाद, जयराम साहू, प्रभु प्रसाद, संदीप प्रसाद, अशोक प्रसाद, सुबोध प्रसाद, अशोक प्रसाद, अंकुश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, विनोद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, अरुण प्रसाद, उज्जवल प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद आदि शामिल थे।

## भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवनिर्माण मोर्चा ने भुरकुंडा के समग्र विकास व विभिन्न मांगों के समर्थन में गुरूवार को सेंट्रल सौंदा और सीसीएल सौंदा में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान मोर्चा के उदय मालाकार के नेतृत्व में लोगों ले सेंट्रल सौंदा और सीसीएल सौंदा के विभिन्न टोलो-मुहल्लो में हस्ताक्षर अभियान चलाया। मालाकार ने कहा कि भुरकुंडा के समग्र विकास के लिए निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान के उपरांत हजारों जनता का हस्ताक्षर युक्त पत्र उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सौंपा जायेगा। ताकि समस्याओं से निजात पाया जा सके। मोर्चा की मांगों में मुख्य सड़क भुरकुंडा को प्रतिदिन होने वाले सड़क जाम से मुक्ति दिलाने, आधुनिक ट्रैफिक प्रणाली की व्यवस्था के साथ ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ट्रैफिक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने, पार्किंग हेतू स्थल का चयन कर वाहन पार्किंग स्थल में लगाने, नो पार्किंग जोन का चयन हो और पार्किंग करने पर ऑनलाइन चालान की व्यवस्था करने, मुख्य सड़क पर दुकान का सामान निकालकर सजाने वालो पर लगाम लगाने, भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव, केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को स्थापित करने, भुरकुंडा में आधुनिक अस्पताल का निर्माण करने, क्षेत्र में संचालित विभिन्न आउटसोर्सिंग कंपनियों/उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, आईएजी फैक्ट्री को पुनः चालू करने आदि मांगे शामिल है।

## मांडू, बड़कागांव व बरकट्ठा में जदयू लड़ेगी विस चुनाव



**कुजू।** जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कहा है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडू व बड़कागांव तथा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा विधानसभा से इस बार पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। जिसकी तैयारी पार्टी द्वारा जोर-शोर से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर अभी से जुट गयी है। ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़े किये जाने की सूचना के बाद 24 जिलों के पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओ में उर्जा आ गयी है।

## विधायक के अनुशंसा पर बोरिंग निर्माण शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर जवाहर नगर पंचायत के पगला आश्रम स्थित क्लब के समीप चापानल बोरिंग निर्माण कार्य का गुरूवार को शुभारंभ हुआ। कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय ने बताया कि पंचायतवासियों द्वारा विधायक से उक्त स्थल पर चापानल लगवाने का आग्रह किया था। अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर बोरिंग निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत में भी चापानल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है, ताकि पानी की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। निर्माण होने से ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, चंदन साव, राजेश ठाकुर, अंजन मेहता, विनोद राम, बिट्टू सिंह, मदन साव, लालू यादव, वकील मेहता, सुभाष साव, मिथिलेश यादव, सिकंदर कुमार सहित कई लोग मौजद थे।


ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–03/2024-25/EE/BCD/LATEHAR

दिनांक– 26.06.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुटाप में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 18/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19/07/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
PR 327834 Building(24-25)#D भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार



झारखण्ड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला– 835207

E-mail ID- scogumla6@gmail.com

सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना–

राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने के लिए मानसुन पर कृषको को निर्भरता कम कराने हेतु विभिन्न श्रोतों भूमि को सिंचित करने हेतु बहुफसली कृषि को बढ़ावा दिया जा सकता है।

कृषक/संस्था का चयन

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु सीमांत कृषक महिला कृषको/ईच्छुक कृषको का चयन प्राथिमिक्ता के आधार पर किया जाएगा, जमा किये हुए आवेदन पत्र एवं जिनके द्वारा पानी पंचायत का गठन कर कृषक अंशदान की राशि खाते में जमा करा दी गयी उनको प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिन कृषकों को पूर्व में इस योजना का लाभ प्राप्त हो चुका है उनकी पात्रता मान्यता नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्यिववयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं ग्राम–सभा से योजना पारित होना आवश्यक है, तथा मा0 स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. नदी, नाले, तालाब, कुँआ या अन्य जल श्रोतो से न्यूनतम 200–300 मीटर की दूरी पर प्रस्तावित योजना स्थल का चयन हेतु उपयुक्त एवं मान्य होगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति

1. वित्तीय वर्ष 2024–25 में भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला में डी बोरिंग हेतु निर्धारित लक्ष्य 53 एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु 168 के विरुद्ध सुपात्र कृषको से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
2. कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला (जिला संयुक्त कृषि भवन करमटाकली रोड, गुमला) से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकाता है। या विहित प्रपत्र में हस्त लिखित आवेदन पत्र भी जमा लिया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

आवेदन– पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि में पूर्ण भरा हुआ आवेदन दिनांक 10.07.2024 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला (जिला संयुक्त कृशि भवन करमटोली रोड, गुमला) में जमा लिया जाऐगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा से पारित होना चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया के द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी/कानीय अभियंता एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में) पानी पंचायत का गठन किया जायेगा जसका 3 रंगिन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की 10 प्रतिशत राशि बचत खाता में जमा करके छायाप्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त हास्ताक्षरयुक्त पासबुक की छायाप्रति)।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्युनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्शे पर संबंधि योजना को चिन्हीत कर नक्शे की छाया प्रति ।(ट्रेस नक्शा के साथ) संलग्न करना होगा।
6. भूमि का खेसरा संख्या के साथ यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी–नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करें।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग/परकोलेशन टैंक निर्माण का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0 रकबा अंचलाधिकारी द्वारा भूमि प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

योजना का स्वरूप

(1) डीप बेरिंग की योगना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राषि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान राषि | पनी पंचायत अंषदान की राषि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Dimetr deep boaring sumerseble pump 1.5 Hp आवश्यक Accoseries एवं सस्थापन (installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विविहत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा । समिति से सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 53 | 3.50 लाख | 90 प्रतिषत (3.15 लाख) | 10 प्रतिषत (0.35 लाख) |

II) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्य एवं निचले खेत में तालाब) की योगना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राषि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजन । लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान राषि | पानी पंचायत अंषदान की राषि |
| Length of percolation tank-120 ft Width of percolation tank-100 ft Depth of percolation tand-12 ft Side Slope-1:1 | यह योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विविहत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति से सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 168 | 4.30 लाख | 90 प्रतिषत (3.87 लाख) | 10 प्रतिषत (0.43 लाख) |

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है – कार्यालय का पता– भूमि संरक्षण पदाधिकी, गुमला संयुक्त कृषि कार्यालय, गुमला। मो0– 9455387996 में सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला।

PR 327855 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

# झारखंड सरकार के साथ मिल कर काम करने को उत्सुक है एनआइटी

## एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार से खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार की खास बातचीत



**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान** (एनआइटी) जमशेदपुर देश के 20 प्रौद्योगिकी संस्थानों में से एक है। पहले इसे क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,जमशेदपुर के नाम से जाना जाता था जिसकी स्थापना 1960 में की गई थी। 27 दिसंबर 2002 को इसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के रुप में प्रोन्नत किया गया। इस संस्थान ने देश-विदेश के कारपोरेट एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए दक्ष इंजीनियर उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका अदा की है। वर्तमान में एनआइटी जमशेदपुर को निदेशक के रुप में डा गौतम सूत्रधार नेतृत्व दे रहे हैं। एनआइटी जमशेदपुर को देश-विदेश के मानचित्र पर नये सिरे से स्थापित करने के लिए डा गौतम सूत्रधार पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार ने उनसे संस्थान को और निखारने के लिए भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत है बातचीत के मुख्य अंश :

**सवाल : डा सूत्रधार कृपया अपने बारे में बताने का कष्ट करें। कहां पैदा हुए, माता-पिता और परिवार के बारे में बताइए ?**

डा गौतम सूत्रधार : मेरा असली घर बिष्णुपुर, बांकुरा जिला पश्चिम बंगाल में है। लेकिन मैं एक साल की उम्र में मैं अपने माता-पिता के साथ मिदनापुर चला गया,क्योंकि मेरे पिता पोस्ट ऑफिस में काम करते थे। मिदनापुर मे ही प्लस टू तक पढाई की। मेरे पिता का नाम जीतेंद्रनाथ सूत्रधार है जबकि माता का नाम लक्ष्मीप्रिया सूत्रधार है। मेरे पिता का निधन 22 मई 2018 में 82 वर्ष की उम्र में हो गया। मैं अपने माता-पिता की इकलौता संतान हूं और मेरी बुजुर्ग मां मेरे साथ ही रहती हैं। मेरी पढाई मिदनापुर कॉलेजिएट स्कूल में हुई जो अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूरे कर चुका है। ऋषि अरविंदो के नाना जी राज नारायण बसु इस स्कूल के पहले भारतीय प्रिंसिपल थे। 1834 में स्थापना हुई और इसमें मैं 10 वीं तक पढ़ा। मुझे अपने स्कूल पर काफी गर्व है। बाद में मिदनापुर कॉलेज जो 1860 का है वहां से प्लस टू किया और इसके बाद मैं जलपाईगुड़ी गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में बी. टेक करने चला गया। 1980-84 बैच का हूं। फिर आइआइटी खड़गपुर से 1985-87 में एम. टेक किया। उस समय मैं जमशेदपुर आया था एम. टेक का प्रोजेक्ट करने के लिए टाटा स्टील। टुल्स स्टील प्लांट में 6 महीने रहा।

एम. टेक करने के बाद 1987 में हिन्दुस्तान मोटर्स लि, उत्तर पाड़ा प्लांट ज्वाइन किया। उसके बाद इंडियन रेलवे ज्वाइन किया। कचरापाड़ा रेलवे वर्क्स शॉप समेत तीन वर्क शॉप में काम किया। ये चार साल 1988 से 91 तक फोरमैन रहा। उसके बाद झारखंड के एनआईएफएएफटी , रांची में फैकल्टी असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में ज्वाइन कर लिया। अब इस संस्थान का नाम बदल कर नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलोजी हो गया है। यहां 1991 से 96 तक रहा। फिर ड्डारत के द्वितीय पुराने श्रीरामपुर टेक्सटाइल्स कॉलेज , प बंगाल आ गया। यहां पांच वर्ष 1996-2000 तक रहा। उसके बाद मैं कल्याणी गवमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में ज्वाइन कर लिया। 2003 में यहां पर प्रोफेसर बन गया। फरवरी 2005 में जादवपुर यूनिवर्सिटी ज्वाइन कर लिया। मैं 10 संस्थानों में काम किया हूं। मैं एक गोल लेकर चलता हूं । हर आदमी के पास अगले पांच वर्ष का लक्ष्य होना चाहिए। अप्रैल 2018 में मैं एनआइटी मणिपुर में निदेशक पांच साल रहा। फिर जादवपुर यूनिवर्सिटी कम बैक किया और एक दिन बाद एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक के रुप में ज्वाइन क र लिया।

हर आदमी को पांच वर्ष पर गोल पोस्ट बदलना चाहिए। मैं अपने छात्रों को भी ऐसा ही बोलता हूं।

**सवाल : जब आपको एनआइटी जमशेदपुर का डायरेक्टर बनाया गया तो उसके पहले इस संस्थान के बारे में आपकी राय क्या थी, आपने क्या कुछ जान रखा था?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत अच्छी धारणा थी। वास्तव में मेरे होम टाउन मिदनापुर और खड़गपुर के बेहद करीब जमशेदपुर है। इसलिए इस शहर को बहुत अच्छे से जानता-समझता था। जब मैं स्टुडेंट था तो उस समय आरआइटी,जमशेदपुर का काफी नाम था।










**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर की वह कौन सी खूबी है जो देश के अन्य एनआइटी से इसे विशेष या अलग बनाती है?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत कुछ पारामीटर्स हैं जो इस एनआइटी को अलग पहचान देता है। एक समय तो यह देश के सर्वेश्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में एक था। यह क्यों पीछे हो गया, मंथन और विचार की बात है। इस पर खुले कुछ कहना ठीक नहीं है।

**सवाल : डा सूत्रधार,आप गोल तय करते हैं और उसे पूरा करने के लिए जुट जाते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि एनआइटी जमशेदपुर के लिए आपका अगले पांच साल का गोल क्या है?**

डा गौतम सूत्रधार : मेरा गोल है कि अगले पांच साल में एनआइटी जमशेदपुर की ऑल इंडिया रैकिंग कम से कम 50 हो। यह रैंक तो पहले ही मिलना चाहिए था क्योंकि यह पहला एनआइटी है जो इतने बाब्रेंट औद्योगिक नगर टाटानगर के साथ है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मैं अपनी टीम के साथ काम कर रहा हूं। मेरी धारणा है कि अगले वर्ष तक हमारा संस्थान की रैकिंग 80 से 90 के बीच रहेगी।

**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर की रैकिंग 50 के भीतर लाने के लिए क्या-क्या सुधार अथवा बड़े कदम उठाये जाने की जरुरत है।**

डा गौतम सूत्रधार : इसके लिए बहुत से कदम उठाये जाने चाहिए। इसमें फैकल्टी स्टूडेंट रेसियो से लेकर कई अन्य बिंदुओं पर काम करने होंगे। हमारे यहां 246 पदों में 170 एसोसिएट प्रोफेसर और शेष असिस्टेंट प्रोफसर का पद है। अड्ढी एनआइटी जमशेदपुर में 169 फैकल्टी हैं। हाल में ही एनआइटी जमशेदपुर में 42 नये फैकल्टी बहाल किए जा रहे हैं। दिसंबर तक 70 प्रतिशत खाली पद भर लिए जायेंगे।

**सवाल : आधारभूत संरचना और रिसर्च का वातावरण बनाने के लिए आप क्या कर रहे हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्री बगल में है तो इसका रैंक से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन फर्क तब आयेगा जब इंडस्ट्री एनआइटी जैसे इंस्टीट्यूट के पास आयेगा और इंस्टीट्यूट इंडस्ट्री के पास जायेगा। मैं एक साल से जमशेदपुर में हूं, और इस अवधि में मैं पाता हूं कि कमी दोनों ही ओर से है। मैं खुद एक फाउंड्री एक्सपर्ट हूं। अड्ढी तक मेरे पास एक ड्ढी कंपनी कोई समस्या लेकर नहीं आई है लेकिन मैं खुद एक कंपनी के पास अपने फैकल्टी और स्टूडेंट को ड्ढोजा कि जा कर मिला और पूछो कि उन्हें एनआइटी से कोई तकनीकी मदद चाहिए,कंसल्टेंसी चाहिए। मेरी टीम ने उनकी समस्या को शॉर्ट आउट कर दिया किन्तु उस कंपनी के प्रमुख ने आज तक एक थैंक्स लेटर तक एनआइटी जमशेदपुर को नहीं ड्ढोजा है। इस लिए दोनों ओर कमी है।

**सवाल : टाटा स्टील रिसर्च करने के लिए बहुत से आइआइटी के साथ एमओयू कर रही है। एनआइटी जमशेदपुर के साथ कोई इस तरह का एमओयू होने वाला है?**

डा गौतम सूत्रधार : टाटा स्टील बहुत बड़ी कंपनी है, बहुत बड़ा हाउस है। मैं थोड़ी यहां की मिट्टी मजबूत कर लूं। मेरी योजना उन तक पहुंचने की है। किन्तु वे अड्ढी रुचि नहीं ले रहे। कंपनी से कोई फोन तक नहीं आया है। हां, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी एनआइटी जमशेदपुर के साथ एमओयू करने के लिए रुचि रखते हैं। जिंदल स्टील ने भी हमें आमंत्रित किया है। जो हमें आमंत्रित करेंगे हम उनके साथ संबंधों को प्राथमिकता देंगे। हमलोगों ने टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन को आमंत्रित किया था किन्तु वो आ नहीं पाये और अपने वीपी उत्तम सिंह को भेजा था।

**सवाल : रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर क्या कर रहा है।**

डा गौतम सूत्रधार : इस दिशा में हमारा फोकस है। हम ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री ओरियेंटेड रिसर्च और पेटेंट हासिल करने की दिशा में काम शुरु कर चुके हैं। एनआइटी जमशेदपुर के रैंक सुधार के लिए विड्ढिन्न पारा मीटर पर काम कर रहे हैं। बीते वर्ष की तुलना में इसमें 3 से 27 प्रतिशत तक सुधार है। लेडीज और जेंट्स दोनों फैकल्टी लाने जा रहे हैं। इस वर्ष हम बेहतर करेंगे।

**सवाल : वो कौन-कौन से पारा मीटर हैं जिन पर काम करने से संस्थान के रैंक में सुधार आ सकता है?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत कुछ पारा मीटर हैं। हम पुराने फैकल्टी को ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट और कंसल्टेंसी के लिए हम प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्हें बेहतर मेंटरशिप करने के लिए ड्ढी प्रोत्साहित कर रहा हूं। इससे जूनियर फैकल्टी को उनके अनुड्ढाव का लाड्ढ मिलेगा। लेकिन एक बात मैं गर्व के साथ बताना चाहूंगा कि बीते एक वर्ष में हमारे फैकल्टी काफी अच्छे-अच्छे प्रोजेक्ट लाने में सफल हुए हैं। इकूवेशन इनोवेशन, पीएम के ड्रीम इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमी कंडक्टर क्षेत्र में ,कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी 5 जी और 6 जी के टेक्नोलोजी विकास पर काम कर रहे हैं। 5 जी पर काम करने के लिए 5 करोड़ का फंड मिला है। हम अपने छात्रों को इस दिशा में योगदान करने के लिए तैयार कर रहे हैं। पीएम ने हाल में ही असम और गुजरात में सेमी कंडक्टर चीप सी टू एस मैन्यूफैक्चरिंग की आधारशिला रखी है। इस क्षेत्र में बेहतर करने के लिए एनआइटी जमशेदपुर को 85 लाख रुपये की सहायता मिली है। इसके लिए लैब बनायेंगे। और एक भारत सरकार का मिशन है : टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में देश को नंबर वन बनाना। नेशनल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत हम छात्रों में कैपेसिटी बिल्डिंग कर उन्हें सीधे टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में काम करने योग्य बनाना है। मैं खूद टेक्सटाइल्स कॉलेज में रह चुका हूं। टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में 50 प्रतिशत तक मैकेनिकल काम है। इस उद्योग में मैकेनिकल इंजीनियरिंग का बहुत महत्व है। सरकार इस सेक्टर को और सक्षम बनाने के लिए मैकेनिकल इंजीनियरों को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस सेक्टर के लिए छात्रों को सशक्त बनाने के लिए ड्डारत सरकार से 1.6 करोड़ रुपये का फंड मिला है। टेक्सटाइल्स मंत्रालय और सहायता देने को तैयार है। इस सेक्टर के लिए ड्ढी लैब बनायेगें। टेक्सटाइल्स इंजीनियरिंग में एम. टेक का पाठ्यक्रम ड्ढी अगले वर्ष से शुरु करेंगे। हाल में ही ड्डारत सरकार के एडिशनल सेकेट्री सुनील वर्णवाल आये थे, वे सुझाव दिए कि इंटर्न शिप छोड दीजिए, एक पूरा सेमेस्टर पूरा इंडस्ट्री को दे दीजिए। यह पांचवें अथवा छठे समेस्टर में हो सकता है। छात्र पावर सेक्टर, स्टील सेक्टर,ऑटोमोबाइल सेक्टर में काम करें, फैक्ट्री रुल,फैक्ट्री सेफ्टी आदि शॉप फ्लोर पर सीखें। इसी परामर्श पर मैं हाल में ही ओपी जिंदल पावर गया था वे 100 छात्रों को एक सेमेस्टर के लिए प्लांट में काम देने को तैयार हैं। मैकेनिकल,इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कुछ कंप्यूटर साइंस के करीब 100 से 120 छात्र डिमांड कर रहे हैं। वे पढ़ायेंगे ड्ढी और शॉप फ्लोर का अनुड्ढाव ड्ढी देंगे। मैं जिंदल स्टील से ड्ढी बात कर रहा हूं। इसमें टाइम थोड़ा लगेगा किन्तु होगा अवश्य होगा।

**सवाल : कहने का मतलब है कि आप एनआइटी जमशेदपुर के पढ़ाई-लिखाई के वातावरण में आमूल-चूल बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : हम और हमारी टीम इस दिशा में पूरी कोशिश कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री ओरियेंटेड पढ़ाई की जाय।

**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर को और बेहतर बनाने की दिशा में झारखंड सरकार से आप किस तरह की सहायता चाहते हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : देखो, हमारी टीम ट्राइबल छात्र-छात्राओं के लिए कुछ विशेष पाठ्यक्रम लांच करना चाहती है ताकि झारखंड सरकार की ट्राइबल डेवलपमेंट स्कीम का लाड्ढ एनआइटी जमशेदपुर को मिल सके। बीआइटी मेसरा की तरह एनआइटी जमशेदपुर ड्ढी इस दिशा में काम करना चाहता है। हमारे यहां एनआइटी पटना से एक ट्राइबल फैकल्टी ज्वाइन किए हैं, सिविल के एसोसिएट प्रोफेसर डा सुनील कुमार मुर्मू और एक लेडी फैकल्टी असिस्टेंट प्रो दुलारी हांसदा को ड्ढी स्कील डेवलपमेंट ऑफ ट्राइबल स्टूडेंट के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए कहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट में एक प्रो मुंडा हैं। हमलोग उनका भी मदद लेंगे। एनआइटी जमशेदपुर आस-पास के पांच ट्राइबल्स गांवों को गोद लिया है। उन्हें मॉडल विलेज बनायेंगे। उनका जीवन स्तर उन्नत करना चाहते हैं। वहां किसानों को खेती, मत्सय पालन एवं आधुनिक कमर्शियल खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम उन्हें आइओटी से भी लाभान्वित करना चाहते हैं। हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट को हायर एजूकेशन फायनेशियल असिस्टेंस हेफा से 43 लाख रुपये का प्रोजेक्ट मिला है। इस विभाग में डा कुंडु बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

एनआइटी पटना को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंकूवेशन एंड स्टार्ट अप के कारपस फंड में 65 करोड़ रुपये दिए हैं। झारखंड सरकार एनआइटी जमशेदपुर को ऐसे ही कारपस फंड दे तो राज्य को काफी भला होगा।

# आपकी बेहतर स्किल से इंटरव्यू में सफलता

- डॉ कुमार संजय

(अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं या इंटरव्यू में आपको सफलता नहीं मिल रही, तो इस आलेख को ध्यान से पढ़ें. इस आलेख में दिए गए टिप्स आपके बहुत काम आएंगे)

मुझे कई इंटरव्यू बोर्ड में बैठने का मौका मिलता है. मैं ऐसे कई कैंडिडेट्स देखता हूं जिनका एकेडमिक परफॉर्मेंस बहुत ही अच्छा होता है अर्थात वे पढ़ाई में बहुत तेज होते हैं. लेकिन वे इंटरव्यू में छंट जाते हैं. उनके छंटने की वजह क्या होती है, आज इस पर बात करने जा रहे हैं. साथ ही उन्हें करना क्या चाहिए, इसकी भी चर्चा करेंगे.

1. कम्युनिकेशन स्किल्स : बातचीत का गलत तरीका छंटने की सबसे बड़ी वजह होती है. बहुत धीमा या तेज बोलना, बहुत ज्यादा या कम बोलना, बहुत रुक-रुक कर बोलना, अस्पष्ट बोलना - ये सब गलत कम्युनिकेशन स्किल्स के अंतर्गत आते हैं. उस ज्ञान का कोई मोल नहीं अगर बात सही ढंग से सामने वाले के पास न पहुंचे. कैंडिडेट को सबसे ज्यादा ध्यान अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर देना चाहिए. सही ढंग से अपने आप को व्यक्त करना सीखें. इंटरव्यू में कम शब्दों में सटीक बातें बोलनी चाहिए. इसके लिए बहुत अभ्यास करें.

2. गलत पहनावा : आप किस पोस्ट के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, इसको जरूर ध्यान में रखें. वैसे किसी भी इंटरव्यू में जरूर से ज्यादा बन-संवर कर, मेकअप करके नहीं जाना चाहिए. बहुत चमक-दमक वाले, डिजाइन वाले कपड़े न पहनें. लड़कियां अक्सर ऐसा करती हैं. वे बहुत हाई हील्स पहनती हैं, बड़े-बड़े आभूषण या झुमके डाल लेती हैं. बाल को बांध कर जाएं. बड़े-बड़े झुमके, गहने न पहनें. बहुत स्टाइलिश या बहुत साधारण कपड़े न पहनें. लड़कों को फॉर्मल शर्ट-पैंट पहनना चाहिए. हमेशा पॉलिश्ड जूते पहनें. आपको हर तरह से प्रेजेंटेबल होना चाहिए.

3. गलत मैनर्स और बॉडी लैंग्वेज : बहुत से कैंडिडेट्स में शिष्टाचार की बहुत कमी होती है. बिना इजाजत अंदर चले जाना, चेयर खींच कर बैठ जाना, बहुत ढीला बैठना, पैर हिलाना, हाथ से टेबल या कुर्सी बजाना - गलत मैनर्स के अंतर्गत आते हैं. परमिशन लेकर अंदर जाएं, परमिशन लेकर बैठें, स्मार्टली बैठें,



अपने हाथ पैर न हिलाएं. बाहर निकलने के पहले कुर्सी को यथास्थान रख दें और निकलते समय थैंक यू जरूर बोलें. जवाब देते समय इधर-उधर न देखें, नजर न चुराएं.

4. गलत परिचय : बहुत लोग अपना परिचय ही गलत देते हैं. परिचय में बहुत ज्यादा न बोलें. परिचय में सिर्फ आपको अपना नाम, स्थान, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन, वर्क एक्सपीरियंस और हॉबी बतानी चाहिए. अगर आपकी कोई अच्छी उपलब्धि है तो उसे कम से कम शब्दों में बताएं. बहुत लोग अपनी उपलब्धियां गिनाने बैठ जाते हैं. इंटरव्यू बोर्ड उनसे फेड अप होकर कोई प्रश्न नहीं पूछता और उन्हें गलतफहमी हो जाती है कि उन्होंने बहुत अच्छा प्रभाव छोड़ा है. परिवार के बारे में तभी बताएं जब पूछा जाए. आपको यह भी नहीं बताना है कि इस नौकरी की आपको कितनी सख्त जरूरत है. कोई भी अनावश्यक बात परिचय में न डालें.

5. सैलरी : प्राइवेट जॉब में अक्सर यह पूछा जाता है कि आप कितनी सैलरी की उम्मीद करते हैं. अक्सर लोग जरूरत से ज्यादा फेंक देते हैं और पूरी योग्यता रखते हुए भी मिलने वाली नौकरी से हाथ धो बैठते हैं. याद रखें हर नौकरी के लिए मिनिमम और मैक्सिमम सैलरी तय रहती है. आप जहां जा रहे हैं, पहले से सैलरी पता करके जाएं. इसी रेंज में सैलरी बोलिए.

6. एटीट्यूड : कुछ कैंडिडेट का एटीट्यूड बहुत गलत होता है. वे बहुत दिखावा करते हैं. अजीब ढंग से मुस्कुराते हैं, देखते हैं, बात करते हैं. बनावटी अंग्रेजी या हिंदी में बोलते हैं. यह सब गलत है. इंटरव्यू में ज्यादा जानने का दिखावा मत कीजिए. यह मत बोलिए कि आप पढ़े थे, अभी भूल रहे हैं. आता है, तो जवाब दीजिए, नहीं आता 'सॉरी सर' बोलिए. सफाई देने से कोई फायदा नहीं. अनावश्यक मत हंसिये. बहुत सीरियस दिखने की भी जरूरत नहीं है. विनम्रता से पेश आइए, विनम्रता से जवाब दीजिए.

7. गलत बायोडाटा : कुछ कैंडिडेट का बायोडाटा उनके बात-व्यवहार, नॉलेज से मैच नहीं करता. बायोडाटा में लिखा होता है क्विज में प्रथम पुरस्कार विजेता जबकि साधारण से प्रश्न का जवाब नहीं दे पाते. बायोडाटा में लिखा होता कंप्यूटर नॉलेज जबकि कंप्यूटर की बेसिक बातें भी पता नहीं होतीं. बायोडाटा में सिर्फ वही बातें लिखें जो बिल्कुल सही हो. बढ़ा-चढ़ा कर न लिखें.

**मूल मंत्र:** नॉलेज तो निश्चित रूप से मायने रखता है लेकिन नॉलेज से ज्यादा मायने रखता है, आपका एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनर्स, पहनावा, स्मार्टनेस और सेल्फ प्रेजेंटेशन. पढ़ाई के साथ-साथ ऊपर दी गई बातों पर बहुत ध्यान दें, तभी बात बनेगी। (डायरेक्टर, स्पेनिन रांची)

# लिखें रोज तनाव होगा छूमंतर



कुसुम पी

**जब मानसिक** स्वास्थ्य की बात हो तो हमारे दिमाग में कुछ शब्द आते हैं जैसे- अवसाद, मनोचिकित्सक, परामर्श व चिंता आदि, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य इससे कहीं अधिक है। हालांकि कोविड काल के बाद भारत में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से बात होने लगी है, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक से लड़ने के साथ-साथ, हमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता लानी है। जागरूकता का उपयोग करने के साथ अपना ख्याल रखने की दिशा में भी काम करना होगा। हमें तनाव है, लेकिन हम नहीं जानते कि इसके बारे में किसी परामर्शदाता के पास जाने के अलावा क्या किया जाए, जो हर किसी के लिए सुविधाजनक विकल्प नहीं है। तो, सवाल है हम घर पर अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल कैसे शुरू करें?

चिकित्सीय जीवन शैली परिवर्तन (टीएलसी) अवधारणा का उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मददगार बन सकता है। टीएलसी के तहत पौष्टिक आहार, शारीरिक गतिविधि, ध्यान, रूटीन आदि आते हैं। यहां जर्नलिंग एक स्व-सहायता उपकरण है जो सक्रिय योगदान दे सकता है। जर्नलिंग केवल अभ्यास, लेखन और अनफि ल्टर्ड विचारों-भावनाओं को व्यक्त कर स्वयं-जागरूक होने और खुद के साथ सार्थक संबंध बनाने का एक तरीका है। एक मानसिक, भावनात्मक और व्यक्तिगत अभ्यास है जो हमें अपने आंतरिक संघर्षों और भ्रमों को सुलझाने के साथ-साथ अपने परिवेश के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। जर्नलिंग कई प्रकार की है।

**अभिव्यंजक जर्नलिंग :** यहां, हम अपने विचारों और भावनाओं को बिना किसी फिल्टर के, जैसे ही वे आते हैं, लिखते हैं। यह हमें उन विचारों और भावनाओं से बाहर निकलने में मदद करता है जिन्हें साझा करने या स्वीकार करने में हम सहज नहीं थे। यह आपके सोचने के तरीके, ट्रिगर्स और भावनाओं के बारे में जागरूक होने में मदद करता है। सोच तर्कसंगत बनाने का भी मौका मिलता है।

**कृतज्ञता :** यह हमें उन चीजों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है जिनके लिए हम आभारी हैं। यह हमें वर्तमान जीवन, रिश्तों, स्थितियों, परिवेश और यहां तक कि स्वयं में भी अच्छाई खोजने में मदद करेगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि हम जिस चीज के लिए आभारी हैं, उसके बारे में प्रतिदिन पांच मिनट लिखने मात्र से हमारी दीर्घकालिक खुशी 10 फीसदी बढ़ सकती है।

**एक शब्द की पत्रिका :** हम अपने दिन का वर्णन केवल एक शब्द से करके और उसे लिखकर शुरू कर सकते हैं। समय के साथ, हम अपने लिए एक पंक्ति लिखने के लिए आगे बढ़ सकते हैं और कुछ डूडलिंग भी कर सकते हैं। खुद को अभिव्यक्त करना सीखने की दिशा में यह अच्छा कदम है।

**न भेजा गया पत्र :** ऐसे क्षण आते हैं जब हम किसी से कुछ कहना चाहते हैं लेकिन कह नहीं पाते। न भेजे गए पत्र जर्नलिंग का अर्थ स्वयं को वह सब कुछ लिखने की अनुमति देना है जो हम किसी से कहना चाहते हैं। इसमें हम प्रतिक्रिया की चिंता किए बिना लिख सकते हैं जो कहना चाहते हैं।

**फोटोग्राफी :** यदि हम कुछ भी लिखना नहीं चाहते हैं, तो हम बस एक दिन में उन चीजों की फोटो क्लिक कर सकते हैं जो हमें आभारी, खुश या प्रेरित महसूस कराती हैं। इन तस्वीरों को दिन की किसी महत्वपूर्ण चीज के रूप में अपनी पत्रिका में जोड़ते हैं।

**आर्ट जर्नलिंग :** हम अपनी पत्रिकाओं में पेंटिंग, स्केचिंग, कलरिंग, डूडलिंग, क्राफ्टिंग आदि के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करना शुरू कर सकते हैं और यह आत्म-जागरूकता के माध्यम से जागरूक तरीके से मार्गदर्शन करने में मदद करेगा।

माइंडफुल और वेलनेस जर्नलिंग : यहां, हम यहां और अभी पर ध्यान केंद्रित करते हैं और लचीलापन प्रशिक्षण का उपयोग करके अपने दिन की योजना बनाते हैं। यह हमें आशावाद और हमारे दिन का समय-निर्धारण करने में मदद करता है। जर्नलिंग मदद करता है- हमारे दिमाग को शांत करने, आत्मनिरीक्षण करने और खुद को और अधिक जानने, वर्तमान के प्रति जागरूक होने, डिजिटल अवकाश, कृतज्ञता, आशावाद जगाने में। यह लचीलापन प्रशिक्षण बेहतर निर्णय लेने में योगदान देता है और स्थितियों को तर्कसंगत बनाता है।

स्वस्थ आदतों के साथ उपचारात्मक विचारों को भी विकसित करता हे। जर्नलिंग हमारे मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित और सफल तरीका है वहीं सबसे किफायती, आसान और सुविधाजनक अभ्यास है। जर्नलिंग में अवसाद को रोकने, उत्साह को बढ़ावा देने की क्षमता है। ऐसे में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना शुरू करें और इसके प्रति सचेत कदम उठाएं। तनाव अधिकांश मानसिक और शारीरिक बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जर्नलिंग के माध्यम से तनाव का प्रबंधन करना सीखना एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है। (साहित्यकार लेखक)

# अब चांडिल डैम से सीधे जमशेदपुर को मिलेगा पीने का पानी

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर व आसपास के इलाकों में पीने के पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से करने के संबंध में आगामी 02 जुलाई को मुख्य सचिव द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक बुलायी गयी है। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव भी शामिल रहेंगे। यह निर्णय जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से हुई वार्ता के उपरांत लिया गया।

**खबर मन्त्र** को विधायक सरयू राय ने बताया है कि जमशेदपुर एवं मानगो आदि समीपवर्ती इलाकों में पेयजल की आपूर्ति फिलहाल स्वर्णरेखा नदी से पानी खींचकर की जा रही है। स्वर्णरेखा नदी में पानी चांडिल डैम से ही आता है। परंतु नदी में भीषण जल प्रदूषण होने के कारण पीने का पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ करने पर काफी अधिक खर्च हो रहा है। इसके बाद भी पीने के पानी का स्वच्छता स्तर मानकों के अनुरूप नहीं होता है। मोहरदा पेयजल आपूर्ति से तो अस्वच्छ पेयजलापूर्ति की शिकायत उपभोक्ताओं के घरों से अक्सर आते रहती है।

**सीएस ने बुलायी बैठक**

- बैठक में सरयू राय सहित जल संसाधन विभाग और नगर विकास विभाग के सचिव भी होंगे शामिल
- स्वच्छ व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी यह अहम बैठक : सरयू राय



विधायक सरयू राय।



दोनों ही विकल्पों से की जानेवाली पेयजल आपूर्ति काफी कम खर्चीली होगी। इस पानी को साफ करके घरों में आपूर्ति करने के लिए नगण्य खर्च करना पडेगा। साथ ही इसकी स्वच्छता की गांरटी भी रहेगी। यह पेयजल स्वास्थ्यकर भी होगा। श्री राय ने कहा कि वार्ता के दौरान इन सारी बातों से उन्होंने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, श्री एल. खिंगायते को अवगत कराया और इस बारे में एक सचिव स्तरीय बैठक आयोजित करने का आग्रह उनसे किया, जिसमें जल संसाधन विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव भी रहें। मुख्य सचिव ने इस आग्रह को स्वीकार किया और श्री राय को बताया कि वे आगामी 02 जुलाई को शाम 04 बजे यह बैठक आयोजित करेंगे, जिसमें विधायक श्री राय भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जमशेदपुर और आसपास के इलाकों में पेयजल की प्रचुर एवं स्वच्छ व्यवस्था के लिए यह बैठक मील का पत्थर साबित होगा।

**जमशेदपुर पूर्वी विधायक श्री राय ने मुख्य सचिव को बताया कि चांडिल डैम से जमशेदपुर में पेयजल आपूर्ति दो स्थानों से निम्नवत की जा सकती है**

**1)** पहला, चांडिल डैम से निकलकर घाटशिला की तरफ जानेवाली बायीं नहर से, जो डिमना लेक के समीप से गुजरती है, डिमना लेक में पानी डालकर और उसे मानगो होकर बने पाईपलाईन से जमशेदपुर लाकर। इस नहर से डिमना लेक में पानी गिराने के लिए जल प्रवाह ढांचा भी बना हुआ है। डिमना लेक से मानगो होकर जमशेदपुर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पेयजल लाने के लिए टाटा स्टील का पेयजल पाईपलाईन पहले से निर्मित है। प्रत्येक दिन पेयजल आपूर्ति की मद में डिमना लेक से पानी की जितनी खपत होगी उतना पानी प्रत्येक दिन चांडिल-घाटशिला बायीं नहर से डिमना लेक में डाल दिया जायेगा। इस तरह डिमना लेक का जल स्तर भी बरकरार रहेगा।

**2)** दूसरा स्थान डोबो डैम है, जिसे सतनाला डैम भी कहा जाता है। यह डैम ऊंचाई पर स्थित है। यहां पर एक छोटा ढांचा बनाकर गुरूत्वाकर्षण प्रभाव से जमशेदपुर एवं समीपवर्ती इलाकों में पीने के पानी की आपूर्ति आसानी से की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि डोबो/सतनाला डैम में भी पानी चांडिल जलाशय से स्वर्णरेखा दायीं नहर, जिसे पारडीह नहर भी कहा जाता है, से प्रत्येक दिन की जरूरत का पानी चांडिल डैम से डोबो डैम में डाला जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### जुस्को स्कूल कदमा में छात्रों ने लिया मंत्रिमंडल का पदभार

**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा में 27 जून को छात्रों ने मंत्रिमंडल पद का पदभार लिया और अपने पद की शपथ ली। मंत्रिमंडल के नेता के रूप में आशीष शर्मा ने सबसे अधिक वोट प्राप्त किया और एसपीएल बने। विद्यालय की प्राचार्या झूमझूमी नंदी ने बच्चों को शपथ ग्रहण करवाया और बैज पहना कर सभी को कार्यभार सौंपा। मंत्रिमंडल के सदस्य गण एक वर्ष तक विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम प्रधानाचार्य झुमझूमी नंदी एवं कोऑर्डिनेटर कमर अली के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जबकि कार्यक्रम का संचालन एबिगेल डिक्रूज ने किया।

### जांच करने पहुंचे प्रशिक्षु आइएएस कुमार रजत

**गम्हरिया।** स्थानीय भाजपा नेता संतोष कुमार तिवारी द्वारा सीओ कमल किशोर के खिलाफ घूस मांगने के आरोप की जांच करने प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उक्त आरोप के बावत सीओ समेत अन्य कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। विदित है कि इससे पूर्व प्रशिक्षु आईएएस द्वारा महिला बिदामी देवी और संतोष तिवारी से भी पूछताछ की जा चुकी है।

### महिलाओं को पोषण के बारे में दी गयी जानकारी

**जमशेदपुर।** गुरुवार को विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ मनीष झा के द्वारा तुपदांग के गांव में कामगर महिलाओं एवं माताओं को भोजन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई और बताया गया की पोषक युक्त भोजन हमारे शरीर के लिये कितना जरूरी है। साथ ही विटामिन की कमी, कैल्शियम की कमी, आयरन की कमी, मिनरल्स की कमी को कैसे दूर किया जा सकता है। अंत मे संस्था के तरफ से सभी महिलाओं को हॉर्लिक्स दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूजा कुंकल, अनिला, पार्वती, सिलिबती भुमिज और अन्य महिलाओं ने सहयोग किया।

### गम्हरिया में जंगल से अज्ञात का शव बरामद

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के बलरामपुर स्थित बजरंग मैदान के समीप जंगल से गम्हरिया पुलिस ने 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली कि बलरामपुर गांव स्थित बजरंग मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

### शहीद कुंदन सिंह का छठा शहादत दिवस मना

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद के गमहर बीघा गांव में बलिदानी कुंदन कुमार की छठी पुण्य तिथि मनायी गयी। हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रमाशंकर पटेल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी आदि ने गमहर बीघा गांव स्थित स्थापित बलिदानी कुंदन कुमार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आठवीं कक्षा में नामांकित सभी छात्रों को जल्द मिलेगी साइकिल, अब नहीं लटकेगी छात्रवृति

- डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक
- बोले- आपसी समन्वय से विकास कार्यों में लायें तेजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर बल देते हुए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टाइमलाइन में योजनाएं पूर्ण हों इसका विशेष ध्यान रखें।

ग्रामीण विकास के योजनाओं की समीक्षा में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) ने कहा कि लोगों को अपने ग्राम- पंचायत में रोजगार के अवसर उपलब्ध हों



समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल।

इसके लिए ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को ऑनगोइंग करायें एवं मानव दिवस सृजन बढ़ायें। कोई भी गांव और पंचायत योजनाविहिन नहीं होने चाहिए, कम से कम 5 योजनायें जरूर संचालित हों। बीडीओ प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे कि कितना मस्टर रोल जेनरेट हुआ है, कितने लेबर कार्यरत हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गयी। जेएसएलपीएस से जुड़े सखी मंडलो की महिलाओं को योजनाओं में इन्वॉल्वमेंट बढ़ाने का निर्देश गया। स्वीकृत योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारें। पहले किश्त के बाद दूसरे किश्त की राशि लाभुकों को जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया ताकि योजना को ससमय पूरा किया जा सके।

अभियान चलाकर योजनाओं को गति दें

डीसी ने कहा कि 15वें वित्त की राशि का शत प्रतिशत व्यय हो इसे सुनिश्चित करें। पंचायत भवन में नियत समय में कर्मचारी उपस्थित रहें तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें, योजनाओं से जोड़ें। वैसे सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पेयजल और विद्युत आपूर्ति की समस्या हो तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित विभागीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करें। साइकिल वितरण की समीक्षा में सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि जितना जल्दी हो कक्षा 8 में नामांकित सभी बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। बैंक खाता में किसी प्रकार की त्रुटि से छात्रवृत्ति की राशि छात्रों को नहीं मिल पा रही हो तो इसका बैंकों से समन्वय बनाते हुए निदान करें। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में छात्रों को जागरूक करें ताकि 12वीं कक्षा के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए इसका लाभ ले सकें।

पीएम-एबीएचआइएम योजना के तहत भवन विहीन स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। साथ ही पंचायत स्तरीय दवा दुकान योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया गया। अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, चिकित्सक व कर्मियों की उपस्थिति व परिसर की साफ-सफाई पर बल दिया गया।

म्यूटेशन या जमीन से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन करें

दोनों अनुमंडल के एलआर डीसी एवं सीओ को नियमित कोर्ट करने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

### इस बार 181.69 मीटर रहेगा चांडिल डैम का जल स्तर



**चांडिल।** बुधवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक हुई। बैठक में बरसात के समय चांडिल डैम के विस्थापितों को होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। एसडीएम ने चांडिल सुवर्णरेखा परियोजना के पुनर्वास पदाधिकारी सुखदेव महतो को विस्थापितों की हो रही समस्याओं को लेकर फटकार लगायी। इस दौरान विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चांडिल डैम का जलस्तर 181.69 मीटर रखा जायेगा। एसडीएम ने किसी भी आपदा की स्तिथि में रेस्क्यू टीम को तैयार रहने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक सविता महतो, मधुश्री महतो, पिंकी लायेक, ओमप्रकाश लायेक, देवाशीष राय, बोनु सिंह सरदार, श्यामल मार्डी उपस्थित थे।

### साईं स्कैन एंड डायग्नोस्टिक में हंगामा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे प्रशासन : आइएमए



**जमशेदपुर।** आम बगान साकची स्थित साईं स्कैन एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर प्रा० लिमिटेड में लगभग 20 से 25 लोगों द्वारा जबरन घुसकर मार-पीट एवं धमकी दिये जाने को इंडियन मेडिकल एशोसिएशन ने गंभीरता से लिया है एवं एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने हुए आई एम ए के सचिव डॉ सौरभ चौधरी, अध्यक्ष, झारखण्ड आई आर ए डॉ नीरज, डॉ निलम जैन, डॉ दीपक, डॉ सुषमिता रेणु ने कहा कि उक्त घटना का हम कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं एवं उक्त घटना में शामिल लोगों के प्रति कड़ी कार्रवाई करने की प्रशासन से अनुरोध करते हैं। सेंटर की प्रबंध निदेशिका डॉ सुधा झिंगन ने कहा कि 23 की शाम करीब 5 बजे आरफा बानो का अल्ट्रासाउंड हमारे यहां हुआ था और उसका रिपोर्ट एकदम सही था। बावजूद हंगामा किया गया।

### विद्या भारती चिन्मया में अलंकरण समारोह संपन्न




**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में गुरुवार 27 जून को अलंकरण समारोह का औपचारिक आयोजन किया गया; जिसके अंतर्गत उच्च माध्यमिक स्तर पर स्कूल कैप्टन(ओम श्रीवास्तव), माध्यमिक स्तर पर वाइस कैप्टन (ब्वॉय- यश सिंह, गर्ल- श्रेयोशी दत्ता) प्राथमिक स्तर पर हेड बॉय-उज्जवल कुमार सिंह, हेड गर्ल-आर्या कुमारी, इसके अतिरिक्त असिस्टेंट हेड गर्ल-बॉय, हाउस कैप्टन (ब्वॉय्ज-गर्ल्स), साहित्यिक सचिव, खेल सचिव, कल्याण सचिव, सौंदर्यशास्त्र सचिव, सांस्कृतिक सचिव, स्वास्थ्य और कल्याण सचिव, इको क्लब सचिव,चिन्मय युवा केंद्र सचिव, प्रश्नोत्तरी क्लब सचिव, सुरक्षा सचिव तथा अन्य नेतृत्व भूमिकाओं हेतु छात्र-छात्राओं को बैज, सैश जैसी प्रतीकात्मक वस्तुओं के साथ अधिकार और जिम्मेदारी सौंपी गई जो उनकी जिम्मेदारियों के दृश्य प्रतिनिधित्व के रूप में काम करेंगी।

### केरला पब्लिक स्कूल में मना खिलौना दिवस



**जमशेदपुर।** कला में निपुण बनाने के लिए केरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 25 जून 2024 को खिलौना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा नर्सरी से यूङ्ग केङ्ग जीङ्ग तक के बच्चे अपनी मनपसंद खिलौने लेकर विद्यालय आए और उनके बारे में अपने विचार व्यक्त किए। खिलौने बच्चों की कल्पनाशक्ति का विकास करने,भाव प्रकट करने और दूसरों के सामने अपनी बात साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलना बच्चों के लिए सक्रिय रहने, स्वस्थ रहने और खुश रहने का एक स्वाभाविक और आनंददायक प्रक्रिया है। बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए यह खिलौने अति आवश्यक है, जिसमें वे अपनी भावनाओं को मासूमियत के साथ प्रस्तुत करते हैं। खिलौनों से खेलने से बच्चे की बुद्धि कुशाग्र होती है।

### आधार कार्ड में सुधार के नाम पर मनमाना वसूली कर रहे हैं एजेंसी वाले : पवन अग्रवाल

**जमशेदपुर।** आधार कार्ड में सुधार करने के नाम पर सरकार द्वारा नामित एजेंसी द्वारा मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि रहे पवन अग्रवाल के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा भुईयाडीह शाखा में आधार करेक्शन किया जा रहा है। जिसमे रोशन गुप्ता नाम का व्यक्ति की देखरेख में यह कार्य किया जा रहा है तथा कुछ प्रज्ञा केंद्र में भी सुविधा के नाम पर लोगों को परेशान कर आर्थिक दोहन किया जा रहा है।

### मायुमं अचीवर्स शाखा के शिविर में 130 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपना फॉर्मेशन वीक मनाया जा रहा हैं। पहले दिन गुरुवार को बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 130 रक्त यूनिट संग्रह हुआ। इस शिविर के सौजन्य कर्ता स्वर्गीय दीनानाथ अग्रवाल और स्वर्गीय सीता देवी अग्रवाल के स्मृति में उनके परिवार द्वारा और शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा के सभी सदस्यों ने रक्तदाताओं के उल्लेखनीय समर्थन के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय रक्त संयोजक पिंकेश खंडेलवाल थे।

# हर मतदाता का नाम सूची में जुड़वायेगी भाजपा : सुधांशु

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के जरिये बूथों पर वृहद पौधरोपण
- मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले प्रत्येक मतदाता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। इस अभियान के जरिये भाजपा कार्यकर्ता युवाओं और प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही दिवंगत मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से बाहर करायेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को बूथों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस निमित्त गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला



पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में साकची स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम जैसे एक पेड़ मां के नाम, पीएम मोदी के मन की बात, जलस्त्रोतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने जैसे अन्य कार्यक्रमों की व्यापक सफलता पर रूपरेखा बनी।

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें शिक्षक : रविशंकर शुक्ला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला : नृपराज प्लस टू हाई स्कूल में लगा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल मेला**

**सरायकेला/जमशेदपुर।** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के सभी जिलों में निपुण समागम 2024 के तहत जिला स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नृपराज प्लस टू उच्च विद्यालय, सरायकेला में लर्निंग टीचिंग मटेरियल मेला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला के द्वारा किया गया। मेले में विभिन्न स्टॉल पर सभी प्रखंड से शिक्षकों के द्वारा बनाये गए भाषा, गणित, अंग्रेजी और बहुभाषा से सम्बंधित टीएलएम को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त नें कहा कि शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्कता है एवं बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए यह जरुरी है कि समय-समय पर कक्षा कक्ष में भी इस तरह के टीएलएम का निर्माण अथवा इसका उपयोग होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समागम का उद्देश्य अन्य विद्यालयों के बेहतर प्रयासों/ क्रियाओं से सिख लेकर नई दिशा में प्रयास कर बच्चो को बेहतर वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है, सभी शिक्षक आपसी समन्वय स्थापित कर जिज्ञासा से नई दिशा में कार्य करें,बच्चों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करें। नई तकनीक तथा विज्ञान, गणित आदि की जानकारी दैनिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को दें।

# सीएम से मिले विधायक मंगल, सहायक अध्यापक संघ की मांगों से कराया अवगत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत जुगसलाई विधान सभा के बोड़ाम एवं पटमदा प्रखण्ड के सहायक अध्यापक संघ इकाई द्वारा समर्पित ज्ञापन में वर्णित माँगों के समुचित समाधान के संबंध में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आज मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से विधायक ने कहा कि उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे समर्पित ज्ञापन के आलोक



मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते विधायक मंगल कालिंदी।

में कहना है कि सहायक अध्यापक संघ, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड इकाई, पूर्वी सिंहभूम के बहुप्रतीक्षित एवं न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूति पूर्वक कार्रवाई करने का कष्ट किया जाये : 1. वेतन एवं राज्यकर्मी का दर्जा सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों की तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) एवं बिहार राज्य के तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाये। 2. सहायक अध्यापकों को कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ जनवरी 2022 में दिया जाये। 3. झारखंड अधिर्विध परिषद रोशी के एडपर्मिया के बतरण आकलन परीक्षा में प्रश्नों के त्रुटिपूर्ण उत्तर के संशोधित परिणाम यथाशीघ्र जारी करने के साथ एवं परीक्षा आयोजित किया जाये।

# हर रविवार गांधी घाट, साकची में सजेगी थियेटर अड्डा संडे ओपेन स्टेज की महफिल

- गीता थियेटर की नयी पहल का पोस्टर हुआ सोशल मीडिया में जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को गीता थिएटर के गुरुद्वारा रोड कार्यालय में गीता थिएटर की नई पहल थिएटर अड्डा संडे ओपेन स्टेज नामक कार्यक्रम का पोस्टर गीता थिएटर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्थान के मुख्य संरक्षक शिव पूजन सिंह के दिशा-निर्देश पर गीता कुमारी, प्रेम दीक्षित एवं हरजीत कौर ने जारी किया। वहीं गीता थिएटर अध्यक्ष गीता कुमारी ने बताया कि जमशेदपुर अब किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है पर अब भी यहां रंगमंच को एक स्थायी



स्थान नहीं मिला है जमशेदपुर के कलाकार बिखरे हुए हैं जिन्हें जोड़ने का काम गीता थिएटर की नई पहल थिएटर अड्डा करेंगी। हर सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शाम 05 से 07 बजे तक जमशेदपुर के गांधी घाट पार्क में थिएटर अड्डा सन्डे ओपन स्टेज नामक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# जमशेदपुर एफसी ने गोलकीपर अमृत गोप को किया साइन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने स्थानीय युवा गोलकीपर अमृत गोप को एक साल से अधिक समय के लिए साइन करने की घोषणा की है, जिससे उनके गोलकीपिंग लाइनअप में और गहराई देखने को मिलेगी। 6 फीट 4 इंच लंबे गोप क्लब के फैंस के लिए एक जाना-पहचाना चेहरा है, जो 2018-19 सत्र के दौरान जमशेदपुर एफसी रिजर्व का हिस्सा रहे थे, जहां उन्होंने सेकेंड डिवीजन आई-लीग में 12 मैच खेले। अमृत जमशेदपुर की गोलकीपिंग लाइन अप में विशाल यादव, मोहित धामी और आयुष जेना के साथ शामिल होंगे। 2019-20 अभियान से पहले, गोप को सीनियर टीम में जगह दी गई, जो रेड माइनर्स की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम का हिस्सा बने। उसके बाद उनके करियर ने उन्हें टीआरएयू में स्थानांतरित कर दिया, जहां उन्होंने आई-लीग में दो सफल सत्रों में 16 मैच खेले। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बेंगलुरु एफसी ने साइन किया। जमशेदपुर एफसी में वापसी पर अमृत गोप ने अपनी खुशी जाहिर




हेड कोच खलिद जमील के साथ अमृत गोप।

करते हुए कहा, यह मेरी धरती है और मैं इंडियन सुपर लीग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए खुशी और गर्व महसूस कर रहा हूं। मैं इस सीजन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं, टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और झारखंड के लोगों को और भी अधिक खुशी देने का प्रयास कर रहा हूं। मैं हेड कोच खालिद जमील के मार्गदर्शन में खेलने के लिए भाग्यशाली महसूस करता हूं. वह भारत के बेहतरीन कोचों में से एक हैं और मुझे विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन मेरे प्रदर्शन को बेहतर बनायेगा। हेड कोच खालिद जमील ने साइन को लेकर अपनी खुशी जाहिर की और कहा, अमृत गोप हमारी टीम में एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जो हमारे गोलकीपिंग की गहराई को बढ़ाते हैं। स्थानीय प्रतिभा होने के नाते, वह झारखंड से अधिक खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के हमारे दृष्टिकोण में भी फिट बैठते हैं।

# टी20 विश्व कप : भारत ने इंग्लैंड को दिया 172 रन का लक्ष्य

एजेंसी

**गयाना।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप 2024 का सेमीफाइनल 2 मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में होना है। फिलहाल ताजा स्थिति यह है कि रुक रुककर हो रही बारिश के कारण तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। टॉस में देरी हो चुकी है। ग्राऊंड स्टाफ मैदान सुखाने के लिए प्रयास कर रहा है। लेकिन बार-बार आती बारिश के कारण मुश्किलें पैदा हो रही हैं। बहरहाल, टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने पहले गेंदबाजी चुनी है। टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा ने 57, सूर्यकुमार यादव ने 47 तो हार्दिक पांड्या ने 23 रन बनाकर स्कोर 171 तक पहुंचाया।

### विराट फिर फेल

सेमीफाइनल मुकाबले में नजरें विराट कोहली पर पहले से थी क्योंकि वह आइसीसी विश्व कप के तीन सेमीफाइनल में 50 से ज्यादा रन बना चुके थे लेकिन इस मुकाबले में वह 9 ही रन बना पाए। उन्हें रिसे टॉप्ले ने बोल्ड किया। हालांकि दूसरे छोर पर खड़े रोहित शर्मा ने भारतीय दर्शकों को कुछ अच्छे शॉट दिखाए लेकिन उनकी कम स्ट्राइक रेट ने कुछ चिंताएं भी बढ़ाईं।

### पंत 4 पर आऊट, रोहित चले

विराट के आऊट होने पर ऋषभ पंत क्रीज पर आए। इस दौरान रोहित ने कुछ अच्छे शॉट लगाए। हालांकि पंत रोहित का उतना साथ नहीं दे पाए। छठे ओवर में पंत 4 रन बनाकर सैम कुरेन का शिकार हो गए। इसके बाद रोहित ने सूर्यकुमार के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। बारिश आने तक टीम इंडिया ने 8 ओवर में 65 रन बना लिए थे।



### रोहित की 36 गेंदों पर फिफ्टी

बारिश बंद हुई तो रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव ने संभलकर खेलना शुरू किया। लेकिन आंख जम जाने के बाद रोहित ने शॉट लगाने शुरू कर दिए। रोहित ने 36 गेंदों पर 3 चौके और दो छक्कों की मदद से अपनी फिफ्टी पूरी की। इस दौरान सूर्यकुमार भी रोचक शॉट लगाते हुए दिखे। फिफ्टी बनाते ही रोहित (57) की लय टूटी। आदिल को सिक्स लगाने के चक्कर में बोल्ड हो गए।

### सूर्यकुमार ने बनाए 47 रन

रोहित और सूर्यकुमार ने भले ही कुछ बड़े शॉट लगाए लेकिन वह स्पिन होती गेंदों से परेशान भी दिखे। रोहित के आऊट होने के बाद सूर्यकुमार ने कुछ शॉट लगाए लेकिन आखिर छक्का लगाने के चक्कर में बाऊंड्री रोप पर लपके गए। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। इसके बाद हार्दिक स्पिन गेंदबाजी के आगे परेशान होते दिखे। इंग्लैंड के लिए जब स्पिनर आदिल राशिद और लियाम लिविंग्स्टन ने अपने कोटे के ओवर पूरे कर लिए तो हार्दिक ने तेज गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया। हार्दिक ने 18वें ओवर में क्रिस जॉर्डन को लगातार 2 छक्के लगाए लेकिन अगली गेंद पर वह आऊट हो गए। हार्दिक ने 13 गेंदों पर 23 रन बनाए। टीम इंडिया को शिवम दुबे से उम्मीद थी लेकिन वह गोल्डन डक हो गए। इससे टीम का स्कोर 146/6 हो गया।

### जडेजा ने पारी को संभाला

अंत में रविंद्र जडेजा ने अक्षर पटेल के साथ मिलकर कुछ स्कोर बनाए। जडेजा ने 19वें ओवर में जोफ्रा आर्चर को दो चौके मारे। फिर 20वें ओवर में दोनों ने विकेट के बीच कुछ अच्छी दौड़ लगाई। अक्षर पटेल (10) ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया लेकिन पांचवीं गेंद पर लॉन्ग ऑन पर लपके गए। आखिरी गेंद पर अर्शदीप ने सिंगल लेकर स्कोर 171 तक पहुंचा दिया।

## सेमीफाइनल के दबाव में बिखरा अफगानिस्तान, अफ्रीका की आसान जीत, पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में

एजेंसी

**त्रिनिदाद।** टी20 विश्व कप 2024 का पहला सेमीफाइनल मैच नौ विकेट से जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.5 ओवर में 10 विकेट पर 56 रन बनाए। इस स्कोर पर ऑलआउट होना टी20 विश्व कप सेमीफाइनल मैच में किसी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर है। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाए और मौजूदा टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मौजूदा टूनार्मेंट में दक्षिण अफ्रीका और भारत की टीमें अब तक अजेय हैं। यह पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंची है। इससे पहले 2014 में वह सेमीफाइनल से ही बाहर हो गई थी। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ मैच जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

### मार्करम और हेंड्रिक्स ने टीम को फाइनल में पहुंचाया

57 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका फजलहक फारुकी ने पांच रन के स्कोर पर दिया। उन्होंने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड किया। इसके बाद मोर्चा रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्करम ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। सलामी बल्लेबाज हेंड्रिक्स ने 29 और कप्तान मार्करम ने 23 रन बनाए।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरा अफगान का बल्लेबाजी क्रम

पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के सामने महज 57 रनों का लक्ष्य रखा। इस मैच में अफगानिस्तान की तरफ से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और विरोधी गेंदबाजों के सामने पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन 10 रन अजमतुल्लाह उमरजई ने बनाए। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में धारदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उनकी तरफ से मार्को यानसेन और तबरेज शम्सी ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, कागिसो रबाडा और एनरिक नॉर्जे ने दो-दो विकेट हासिल किए।




## फाइनल अधिक मुश्किल है, पिछले अनुभवों को भुलाकर खेल पर ध्यान देना होगा: मारक्रम

एजेंसी

**टरुबा।** सेमीफाइनल मे मुकाबले में मिली एकतरफा जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि फाइनल अधिक मुश्किल है, हमें पिछले अनुभवों को भुलाकर खेल पर ध्यान देना होगा। अफगानिस्तान को सेमीफाइनल में हराने के बाद मारक्रम ने कहा कि फाइनल में पहुंचने पर काफी खुश हूं। हालांकि यह केवल कप्तान की वजह से नहीं होता, इस सफलता के पीछे पूरी टीम का सामूहिक प्रयास है। अंडर 19 विश्व कप की तुलना में यह फाइनल अधिक मुश्किल है। इन दोनों की तुलना नहीं हो सकती। उन्होंने खिलाड़ियों से गुजारिश करते हुए कहा कि पिछले अनुभवों को भुलाकर अपने खेल की ओर ध्यान देना होगा। प्लेयर ऑफ द मैच मार्को यानसन ने अपने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बस यही योजना थी कि गेंद को सही जगह पर करें। उन्होंने कहा कि वह चीजों को साधारण रखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि वह इस जीत का आनंद लेंगे लेकिन कल एक बार फिर आगे की तैयारी शुरू हो जाएगी। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान रशिद खान ने कहा कि एक टीम के तौर पर हमारे लिए यह मुश्किल रात है। हम अच्छा कर सकते थे लेकिन परिस्थितियां हमारे साथ नहीं थीं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आपको हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होता है।

## डी गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया

एजेंसी



**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूनार्मेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर शानदार शुरूआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूनार्मेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरूआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। 10 खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूनार्मेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल की शुरूआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गए।

## लेस्टरशायर से जुड़े रहाणे, वनडे कप और काउंटी चैंपियनशिप में खेलते आएंगे नजर

**नयी दिल्ली।** अजिंक्य रहाणे ने काउंटी सीजन का दूसरा चरण खेलने के लिए लेस्टरशायर के साथ करार किया है। वह क्लब के वनडे कप अभियान और काउंटी चैंपियनशिप के 5 मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। 36 वर्षीय रहाणे ने पिछले वर्ष वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह पाने से पहले लेस्टरशायर के लिए खेलने पर अपनी सहमति प्रदान की थी। इसके बाद वह वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर गए और इसलिए 2023 में काउंटी का हिस्सा नहीं बन पाए। लेस्टरशायर के क्रिकेट निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने कहा, अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी का जुड़ना हमारे लिए काफी उत्साहित होने वाला क्षण है. दुर्भाग्यवश पिछले वर्ष अजिंक्य का शेड्यूल हमसे मेल नहीं खा पाया। लेकिन वह मौजूदा सीजन के दूसरे चरण में हमसे जुड़ रहे हैं, इससे टीम को काफी लाभ मिलेगा। रहाणे ने वेस्टइंडीज दौरे पर दोनों टेस्ट मैच खेले थे लेकिन इसके बाद उन्हें भारतीय टीम में दोबारा जगह नहीं मिली। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने




45.76 की औसत से 13000 से अधिक रन बनाए हैं। जबकि लिस्ट ए क्रिकेट में 39.42 की औसत से उनके नाम 6745 रन हैं। रहाणे ने कहा, 'लेस्टरशायर के लिए खेलने के लिए एक और अवसर पाकर में काफी उत्साहित हूं। मैं पिछले साल टीम के नतीजे देख रहा था और मैं इससे काफी प्रभावित भी हुआ। मुझे उम्मीद है कि उनके साथ मैं अपनी क्रिकेट का आनंद उठा पाऊंगा और क्लब के लिए योगदान दे पाऊंगा।

### वॉर्नर ने जेक फ्रेजर को घोषित किया उत्तराधिकारी

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर का मानना है कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क का आस्ट्रेलिया के लिए शानदार करियर होगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर के साथ खेल चुके हैं। जेक अभी टी20 विश्व कप अभियान के दौरान ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में आस्ट्रेलियाई टीम के साथ भी थे। आस्ट्रेलिया के टूनार्मेंट के सुपर 8 चरण से अफगानिस्तान और भारत की लगातार हार के बाद बाहर हो जाने के बाद वार्नर का अंतर्राष्ट्रीय करियर संभवतः समाप्त हो गया। आस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद, वार्नर ने टी20 और वनडे में अगले सलामी बल्लेबाज के रूप में युवा खिलाड़ी को कमान सौंपी। वार्नर ने कहा कि हर बार जब मैं चयनकर्ता बन जाता हूं। तो मुझे लगता है कि उसमें निश्चित रूप से ऐसा करने की क्षमता है। वह इसे लॉक कर सकता है। मेरी तरह आपको (सीखना होगा) कि 50 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज है जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में ऐसा नहीं कर पाया था। फिर मैंने समझा कि वनडे क्रिकेट कैसे खेलना है और टी20 क्रिकेट कैसे।

## सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से दिया इस्तीफा



**कोलंबो।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने गुरुवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। उन्होंने कहा, श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं। श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी जो आईसीसी टूनार्मेंट में उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।

## किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा




**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकेंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

## ओलंपिक में शामिल होने वाले भारतीयों को राष्ट्रपति ने दी बधाई



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अगले महीने (26 जुलाई-11 अगस्त) शुरू होने जा रहे पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा, मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में पदक जीत रहे हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए 100 से अधिक भारतीयों ने क्वालीफाई किया है, जिसमें रिकॉर्ड 21 निशानेबाज भी शामिल हैं। उनका लक्ष्य पिछले तोक्यो ओलंपिक में देश द्वारा हासिल किए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ सात पदकों से आगे बढ़ने का होगा। राष्ट्रपति ने कहा, कुछ ही दिन बाद पेरिस ओलंपिक शुरू होने जा रहा है। ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक द्वारा प्रोत्साहित किए जाने पर, भारत 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाएगा, लेकिन उसे सऊदी अरब, इंडोनेशिया और कतर जैसे मजबूत दावेदारों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मुर्मू ने कहा, इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

# अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य : मीराबाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आइओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आइडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं। मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की




चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा, मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है। मीराबाई ने कहा, मैंने चोटिल होने के बाद काफी कुछ सीखा है। उससे निपटने और उबरने के साथ सही खान-पान और विश्राम पर ध्यान देना काफी जरूरी होता है। मीराबाई ओलंपिक की तैयारियों को दुरुस्त करने सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनकी स्पर्धा का आयोजन सात अगस्त को होगा। मीराबाई ने कहा, मैं सात जुलाई को पेरिस जा रही हूं। प्रतियोगिता से एक महीने पहले वहां पहुंचने से काफी फायदा मिलेगा।' उन्होंने अपना समर्थन करने के लिए साइ, टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और आइडब्ल्यूएलएफ का शुक्रिया करते हुए कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए ओलंपिक के मेजबान शहर में एक महीने तक अभ्यास का मौका मिलना बड़ी बात है। इन सबने मेरी काफी मदद की है।

## प्रियांशु , मालविका यूएस ओपन के दूसरे दौर में

**टेक्सास।** भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और मालविका बंसोड़ यूएस ओपन 2024 बैडमिंटन टूनार्मेंट की पुरुष और महिला एकल स्पधाओं के दूसरे दौर में पहुंच गये है। यहां फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में 38 मिनट चले मुकाबले मे प्रियांशु ने राउंड ऑफ 32 में चेक गणराज्य के जान लौउदा को 21-16, 21-18 से हराया। दूसरे दौर में प्रियांशु का सामना के चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा।

# नगर पंचायत में विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने निकाली आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता


धरना प्रदर्शन करते लोग।

**मझिआंव।** सुविधा विहीन मझिआंव नगर पंचायत में विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन के बैनर तले बाजार क्षेत्र में आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान लोग नगर पंचायत होश में आओ होश में आओ, नगर पंचायत में घूसखोरी बंद करो,खजूरी पंचायत को नगर पंचायत से अलग करो, विकलांग एवं वृद्धा पेंशन अविलंब चालू करो, वार्ड नंबर 9 में तालाब सौंदर्यीकरण की जांच कराओ एवं मजदूर किसान एकता मंच जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। उसके पश्चात नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के माध्यम से नगर विकास विभाग झारखंड सरकार रांची के नाम कार्यपालक पदाधिकारी के अनुपस्थिति में नगर प्रबंधक जितेश कुमार एवं राकेश पाठक को सात सूत्री मांग पत्र सौंपी गई।

दिए गए मांग पत्र में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9, 10, 11 एवं 12 को नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने, सभी प्रकार के टैक्स मुक्त करने, रिश्वतखोरी पर लगाम लगाने, यथाशीघ्र वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन प्रदान करने, सिंचाई एवं पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने, वार्ड नंबर 9 स्थित तालाब के नवीनीकरण में घोर अनियमितता की जांच कराने सहित सात सूत्री मांग शामिल है। एकदिवसीय धरने का नेतृत्व कर रहे बिंदेश्वरी उर्फ अशोक पाल ने कहा कि नगर पंचायत का अधिकांश क्षेत्र ग्राम पंचायत के लायक है। जहां किसान मजदूर निवास करते हैं। उन्हें कृषि सिंचाई हेतु आहार, तालाब, कुआं, पीने का शुद्ध पानी, खाद बीज आदि की जरूरत है। जो कि हमारे नगर पंचायत में एक भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद भी यहां के ग्रामीणों से अनेकों प्रकार के टैक्स मसलन सफाई टैक्स, होल्डिंग टैक्स, राजस्व टैक्स एवम बिजली टैक्स आदि वसूली को लेकर प्रेशर बनाया जाता है। जिसको ग्रामीण वहन करने में सक्षम नहीं है। जबकि खजूरी पंचायत स्थित वार्ड नंबर 9,10 11 एवं 12 के निवासी अपने को नगर पंचायत से बाहर करने को लेकर नगर पंचायत गठन के समय से ही मांग करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं नगर पंचायत क्षेत्र के अधिसंख्य वार्डों में सफाई, पानी, बिजली, नाली, रोड एवं गली आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। उसके बावजूद भी टैक्स देना पड़ता है।

मौके पर भरत कुमार कुशवाहा, वीरेंद्र चंद्रवंशी, जन संघर्ष मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष तेज नंदन मेहता, अधिवक्ता विनय पाल, फरीद खान, ईबरार खान, सरयू साह, सीताराम पाल, अखंड झारखंड आदिवासी समन्वय समिति के तपेश्वर सिंह, मुन्ना राम आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बालू उठाव पर रोक के बावजूद अवैध उत्खनन और बालू की ढुलाई जारी



**भवनाथपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रीब्युनल (एनजीटी) के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक के बावजूद भवनाथपुर के एकलौता ढाढरा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और बालू का ढुलाई जोरो पर है। बालू माफिया स्थानीय प्रशासन को खुल्लेआम चुनौती देते हुए बेखौफ होकर भवनाथपुर के असनाबांध और बरवारी के ढाढरा नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर कोरवाटोली मध्य विद्यालय के आस पास, जंगलों में तथा मुख्य पथ के किनारे सैकड़ो ट्रैक्टर बालू डंप कर ऊंची कीमत पर बेच रहे है। इसकी जानकारी अंचल कार्यालय एवं स्थानीय प्रशासन को होने के बाद भी जवाबदेह पदाधिकारी मुकदर्शक बनी हुई है। बालू माफियाओं द्वारा ढाढरा नदी का दोहन किए जाने से नदी अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही है, लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और ना ही अंचल पदाधिकारी को ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### केके साहू ने किया पदभार ग्रहण


केके साहू।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू ने गुरुवार को पद्भार ग्रहण किया। उनके पद्भार ग्रहण करने से लोगों में हर्ष एवं उत्साह देखा जा रहा है। बहुत ही अनुभवी एवं अनुशासन प्रिय पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अमन चैन कायम करना, क्राइम कंट्रोल एवं पुलिस पब्लिक के साथ मैत्री पूर्ण संबंध स्थापित करना है। कहा कि आम जनता की मदद के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी।

### थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान


अरूण कुमार।

**केतार।** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने केतार में जब से पदभार ग्रहण किया है तब से गोरख धंधा करने वाले और आसमाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार की शाम एंटी क्राइम को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों का जांच किया गया। इस दौरान वाहनों की डिक्की में रखे सामान की जांच के साथ दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही मोटरसाइकिल चलाने वाले सभी लोगों को हेल्मेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाने और चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगा कर चलने की नसीहत दी। मौके पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि केतार थाना अंतर्गत किसी भी तरह का अवैध कार्य करने वाले लोगों, असमाजिक तत्व, बिचैलियों पर मेरी पूरी तरह से पैनी नजर रहेगी। मेरा लक्ष्य है कि केतार थाना अंतर्गत शांति व्यवस्था बहाल करना। इसके बीच जो लोग भी आएंगे उनके ऊपर पर निश्चित रूप से नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

### वज्रपात से दो की मौत



**सगमा।** प्रखण्ड क्षेत्र के पुतूर गांव निवासी सदानंद यादव उम्र 55 वर्ष व चैनपुर गांव निवासी शिवनाथ पासवान उम्र 30 वर्ष की मौत वज्रपात से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुतूर गांव निवासी सदानंद शाम में अपने सिर पर शीटा (कराकट) लेकर अपने घर लौट रहा था। अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात भी होने लगा। सदानंद यादव अपने घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर ही था कि अचानक वज्रपात के चपेट में आ जाने से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए निजी वाहन से श्री बंशीधर नगर के निजी हॉस्पिटल में ले गये जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सदानंद यादव की चार पुत्रियां थी जिसमें तीन पुत्रियां की शादी कर चुके थे और सबसे छोटी पुत्री सुनीता कुमारी की 9 जुलाई को बारात आने वाली थी। जबकि चैनपुर के शिवनाथ पासवान अपने घर के बगल में अपना ही बैल को बांध रहे थे। इसी बीच वज्रपात के चपेट में आने से घायल हो गए। घायल अवस्था में परिजनों ने नजदीकी अस्पताल दुद्धि लेकर जा रहे थे। जहां रास्ते में है उसकी मौत हो गई।

# डीसी ने की पाइप जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय के सभागार में जल जीवन मिशन, गढ़वा अंतर्गत क्रियान्वित विलंब से चल रहे 14 बहु ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में डीसी ने उक्त योजनाओं की बारी-बारी से विस्तृत समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने सर्वप्रथम हेताड़ कला-बेता बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की चर्चा की गई, जिसमे कार्य योजना को लंबित रहने का कारण पूछा। उपस्थित संवेदक ने बताया 04 टंकी बनकर तैयार है एवं कुछ पाइप लाइन के कार्य में समस्या है, जिसे पूर्ण कर योजना को माह अगस्त 2024 में चालू करते हुए लक्षित सभी घरों को पानी दिया जाएगा। आदर-बरडीहा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के बारे में विलंब का कारण बताया गया कि रॉ वाटर के पाइप लाइन बिछाने में पीडब्ल्यूडी रोड के किनारे जगह नहीं होने के कारण पाइपलाइन बिछाव का रूट डायवर्ट किया गया है, जिसकी स्वीकृति के लिए संचिका संबंधित विभाग में लंबित है। संवेदक ने बताया कि डायवर्ट रूट में कुछ फॉरेस्ट क्लीयरेंस की भी समस्या है, जिसका समाधान 2-3 दिन में करते हुए योजना के सभी घटकों का कार्य पूर्ण कर माह अगस्त 2024 में जलापूर्ति चालू कर दिया जायेगा। डीसी ने निर्देशित किया कि माह अगस्त तक योजना चालू कर जलापूर्ति कार्य चालू करें। गोदरमाना बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि योजना लगभग पूर्णता की स्थिति में है। इसके सभी घटकों का कार्य पूर्ण कर अगस्त में जलापूर्ति चालू कर दिया जायेगा। ओखरगाड़ा-चेचरिया बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की चर्चा के दौरान संवेदक अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण इस योजना का समीक्षा नहीं किया जा सका एवं डीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संवेदक को काली सूची में डालने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रामपुर-तडहे बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की कार्यप्रगति अच्छा पाया गया एवं संवेदक को माह अगस्त तक योजना को पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारंभ करने की बात कही। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीएस डॉ अशोक कुमार, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संबंधित योजनाओं के संवेदक तथा उनके प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के लिए सेफ्टी काउंसलिंग


जागरूक करते पदाधिकारी।

**गढ़वा।** जिले में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा थाना के द्वारा मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पकड़े जाने वालों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम की कड़ाई से पालन करने के लिए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को कैसे बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। मौके पर मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थे।

## बाल श्रम पदाधिकारीयों ने बाल मजदूरों का किया रेस्क्यू


रेस्क्यू करते पदाधिकारी।

मझिआंव। बाजार क्षेत्र के विभिन्न दुकानों में छापेमारी कर जिला बाल श्रम पदाधिकारियों ने चार बाल मजदूरों को छुड़ाए और अपने साथ ले गए। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल श्रम पदाधिकारी एवं सीडब्ल्यूसी के पदाधिकारी के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के समीप अवधेश ट्रैक्टर वर्कशॉप से तीन बाल मजदूर एवं सोनू जनरल एंड किराना दुकान से एक बाल मजदूर को पकड़ा गया। जानकारी देते हुए बाल श्रम इंस्पेक्टर इतवारी महतो ने बताया कि बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत जिला भर में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। जहां 14 वर्ष एवं 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों से काम करवाया जा रहा है वह कानून अपराध है। कहां की किसी भी होटल ढाबा किराना दुकान या अन्य दुकानों में बाल मजदूरों से अगर मजदूरी कराई जाती है तो बाल श्रम अधिनियम के तहत दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज एवं अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मझिआंव बाजार के विभिन्न दुकानों से चार बाल मजदूरों को छुड़ाया गया है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभाग के अन्य पदाधिकारी के साथ थाना एस आई नसीम अंसारी सहित पुलिस बल भी शामिल थे।

## पेपर लीक के खिलाफ कानून लाएगी नीतीश सरकार : सम्राट

एजेंसी



**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लाने जा रही है। राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस संबंध में विभागीय स्तर पर तैयारी भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि बिहार विधानसभा के आगामी मॉनसून सत्र में पेपर लीक पर बिल सदन में चर्चा के लिए पेश किया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार ने कड़ा कानून बनाया है। बिहार में भी इस तर्ज पर सख्त कानून बनाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसके बाद संबंधित विभाग इसका ड्राफ्ट तैयार करने में जुट गया। बता दें कि बिहार में बीते कुछ सालों में पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधली की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में नीट पेपर लीक मामले में बिहार प्रमुख केंद्र रहा है। इससे पहले बीपीएससी की शिक्षक बहाली परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ था, जिसके बाद यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े करीब पौने पांच लाख पदों को भरने की तैयारी में है। ऐसे में आने वाले एक साल में बड़ी संख्या में सरकारी भर्ती निकलेगी। अधिकतर पदों पर प्रतियोगी परीक्षा के जरिए ही नियुक्ति की जाएगी। ऐसे में पेपर लीक और एग्जाम में धांधली की आशंका नीतीश सरकार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार जल्द से जल्द पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाने की तैयारी में है।

## कांडी के +2 हाई स्कूल परिसर में मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता


मारपीट करते बच्चे।

**कांडी।** प्रखण्ड स्थित जमा +2 स्कूल कांडी में लंच के समय विद्यालय में अध्ययनरत दो-चार बच्चे किसी बात को लेकर आपस में मारपीट करने लगे। लड़ाई अधिक बढ़ता देख शिक्षकों ने सबों को शांत कराने का प्रयास किया। वहीं कुछ अध्यापक वीडियो बनाने लगे। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने विद्यालय में पहुंचकर दो बच्चों को थाना ले गयी। घटना के दिन विद्यालय के प्रभार में शिक्षक निरंजन साह थे। विद्यालय परिसर में लड़ाई झगड़ा करने को लेकर तीन छात्र को विद्यालय से निलंबित कर दिया गया है। विद्यालय नोटिस संख्या 232 दिनांक 26 जून 2024 के तहत 12वीं विज्ञान के छात्र ओम विश्वकर्मा व तन्मय पाण्डेय तथा 11वीं कला के छात्र सर्लिन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राचार्या विद्यानी बाखला ने बताया कि उक्त सभी बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाया गया है। साथ ही एसएमसी की बैठक बुलाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम नीतीश ने वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण कर वहां पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री भारी बारिश के बीच प.चम्पारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे। उन्होंने 120 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर के साथ अतिथि गृह का लोकार्पण किया। उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। नीतीश कुमार ने कन्वेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में कुशल मानिटरिंग करने व गुणवत्ता पूर्ण काम करने के लिये डीएम, एसडीएम और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि सीएम नीतीश पटना आने के बाद दिल्ली के लिए भी रवाना हो सकते हैं। क्योंकि, 29 जून को दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है। उल्लेखनीय है कि 06 मई, 2022 को मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअल शिलान्यास किया था। कुल 25 एकड़ में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसका निर्माण 120 करोड़ की लागत से किया गया है। कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है। कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं। पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है। पूरे भवन को भूकंप रोधी बनाया गया है। साथ ही कन्वेंशन सेंटर में बराज के किनारे 100 कमरों का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अतिथि गृह भी बना है। सबसे बड़ी बात है कि यहां ठहरने वाले पर्यटक कमरों से ही जल, जंगल और पहाड़ का दीदार कर सकेंगे।

## पेज एक का शेष

### पेपर लीक के...

राष्ट्रपति ने अपने 55 मिनट के अभिभाषण में कहा कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर अनेक बार हमले हुए। भारत का संविधान, बीते दशकों में हर चुनौती, हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा, मेरी सरकार भी भारत के संविधान को सिर्फ राजकाज का माध्यम भर नहीं मानती, बल्कि हमारा संविधान जन-चेतना का हिस्सा हो, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। मुर्मू ने कहा, हमारे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाने की हर कोशिश की सामूहिक आलोचना होनी चाहिए।

**लोकतंत्र कमजोर नहीं होनें दे :** राष्ट्रपति ने सदस्यों को आगाह करते हुए कहा कि आज की संचार क्रांति के युग में विघटनकारी ताकतें, लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज में दरार डालने की साजिश रच रही हैं। इनसे सतर्क रहें। ये ताकतें देश के भीतर भी हैं और देश के बाहर से भी संचालित हो रही हैं। इस स्थिति को ऐसे ही बेरोक-टोक नहीं चलने दिया जा सकता।

**लोगों ने लोकतंत्र पर विश्वास प्रकट किया :** देश में हाल में हुए आम चुनाव के दौरान कश्मीर में हुए मतदान में कई रिकॉर्ड टूटने की ओर ध्यान दिलाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इन चुनाव के माध्यम से घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग को बधाई देते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत के लोगों ने हमेशा लोकतंत्र के प्रति अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया है। इस अवसर पर सदन में पीएम मोदी, मंत्रिपरिषद के सदस्य, पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा के नेता सदन जे पी नड्डा तथा विभिन्न दलों के नेता एवं सदस्य मौजूद थे। अभिभाषण में उन कुछ विषयों का भी उल्लेख था जो भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में थे। इनमें बुलेट ट्रेन परियोजना, 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना शामिल हैं। हालांकि, अभिभाषण में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और एक राष्ट्र-एक चुनाव का कोई उल्लेख नहीं था।

### लोगों को अच्छी...

इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नये मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगेए जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

अपने लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े : सीएम ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिये लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं । वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनके आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है। **निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जायेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्यए चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

### बिहार से मनीष...

इसकी जांच को इओयू ने आगे बढ़ाया और इसके तार 'प्ले एंड लर्न स्कूल' में पेपर के आंसर लर्न कराने के रूप में सामने आये। इओयू की टीम ने जांच में जितने भी तथ्य पाए और कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया सभी से पूछताछ के बाद जो भी सबूत इकट्ठा किए वो सब सीबीआई को सौंप दिये।

नीट पेपर लीक में कब कब क्या हुआ : 5 मई को देश में 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर करीब 24 लाख छात्रों ने नीट यूजी परीक्षा दी। 4 जूनको परिणाम घोषित हुए जिसमें 67 छात्रों ने टॉप किया। इसके बाद पेपर लीक के आरोप लगे। 13 जून को नीट यूजी परीक्षा को रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। एनटीए ने ग्रेस पाने वाले 1563 की दोबारा परीक्षा आयोजित करने की बात कही। 15 जून को आठ अभ्यर्थियों ने ओएमआर आंसर शीट्स का फिर से मूल्यांकन और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली एक और याचिका दायर की। 20 जून को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाई लेवल कमेटी की गठन किया। 21 जून को सुप्रीम कोर्ट ने नीट की काउंसिल पर रोक लगाने से इनकार किया। नीट विवाद से जुड़ी सभी याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की। 22 जून को नीट परीक्षा में कथित धांधली की जांच सीबीआइ को केंद्र सरकार ने सौंपी। सुबोध कुमार सिंह को एनटीए के महानिदेशक पद से हटाया और मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए 23 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी परीक्षा स्थगित की। 24 जून को ईओयू ने इस मामले में अब तक हुई जांच की रिपोर्ट सीबीआई को हैंडओवर की।

### सक्षमता परीक्षा दें ...

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की ओर से सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में मदद करते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अदालत ने कहा, ₹हम देशभर और खासकर बिहार के बच्चों के शिक्षा के प्रति गंभीर हैं। अगर कोई शिक्षक नियम के अनुसार नहीं चलना चाहते है तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर कोई शिक्षक बच्चों के हित में सेवा देना चाहते हैं तो उन्हें सक्षमता परीक्षा देनी ही होगी।

